ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:56 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 3 जून 2025
वर्ष 3, अंक 283, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2026 तक मिलेंगे बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 14

कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला 13

## लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं: डीजीपी



- 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल करेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पब्लिक की आवाज़ सुनी जाएगी लेकिन लॉ एंड ऑर्डर से समझौता नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। शीघ्र शुरू होने वाले 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नए जमाने की आपराधिक चुनौतियों से निपट सकें। पुलिस में 20 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मिली बड़ी जिम्मेदारी का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

# जेईई एडवांस्ड में रजित और देवदत्ता नेशनल टॉपर

## परीक्षा परिणाम जारी, अलग-अलग वर्ग में दस टॉपर, रजित को 332 और देवदत्ता को 312 अंक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 रजित गुप्ता ने हासिल की है। बालिका वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर देवदत्ता माझी हैं। रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक और देवदत्ता माझी ने 360 में से 312 अंक पाए हैं। परीक्षा परिणाम में अलग-अलग वर्ग में 10 टॉपर घोषित किए गए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 54,378 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। जिनमें 9,404 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) 10 मेधावी घोषित किए गए हैं। इनमें रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, माजिद मुजाहिद हुसैन, पार्थ मंदर वर्तक, उज्जवल केसरी, अक्षत कुमार चौरसिया, साहिल मुकेश देओ, देवेश पंकज, अर्णव सिंह व वाडलामुदी लोकेश शामिल हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। जेईई एडवांस में विदेशी छात्रों ने भी परीक्षा दी थी। 129 विदेशी परीक्षार्थियों ने भी पंजीकरण कराया था। इनमें दोनों पेपर में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 13 विदेशी परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए हैं।



रजित गुप्ता



देवदत्ता माझी

### काउंसलिंग 28 जुलाई तक

परीक्षा परिणाम आने के बाद अब युवा काउंसिलिंग में शामिल होंगे। जिसके बाद वे अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून से शुरू होंगे। काउंसलिंग 28 जुलाई तक चलेगी। काउंसलिंग 6 राउंड में होगी। जेईई एडवांस्ड के कट-ऑफ अंक और मिनिमम क्वालिफाइंग प्रतिशत सभी श्रेणियों जनरल, ओबीसी-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस, एससी और एसटी के लिए कम कर दिया गया है। अभ्यार्थियों को 10 जून तक च्वाइस फिलिंग करने का मौका मिलेगा।

### लखनऊ के श्रेयस को मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) एडवांस परीक्षा में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को अखिल भारतीय स्तर पर 68वीं रैंक हासिल हुई है। श्रेयस का बेस्ट परसेंटाईल स्कोर 100 प्रतिशत रहा है। लखनऊ के ही कृष्णा को 75वीं रैंक हासिल हुई है। लखनऊ के तत्सत मिश्रा को 775 वीं रैंक जबकि अथर्व गुप्ता को 1152 वीं रैंक मिली है।

### एक नजर

#### इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश घोषित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। एक जुलाई से फिर से कोर्ट नियमित सुनवाई करेंगी। हालांकि, ग्रीष्मावकाश में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए सिविल और क्रिमिनल दोनों तरफ की आवश्यक पीठें काम करेंगी। उधर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में भी पूरे जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 8, 14, 21 और 28 जून को पीठें आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी। कैट के उप रजिस्ट्रार एसके श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को वर्चुअल मोड में सुनवाई होगी।

#### नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट - पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

# भारत बनेगा विमान रखरखाव और मरम्मत का वैश्विक केंद्र

## आईएटीए की बैठक में मोदी ने वैश्विक कंपनियों को दिया निवेश का न्योता

- देश में 2030 तक इस क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र में रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं। इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।

मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने कहा कि नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है। भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

### वैश्विक विमानन परिवेश में देश की भूमिका बढ़ी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं। मोदी ने कहा कि आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

# सजगता और संवाद से ही बेहतर होगी कानून व्यवस्था : मुख्यमंत्री

## योगी ने की कानून-व्यवस्था, पर्व की तैयारियों की समीक्षा

- कहा-विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा न करें, नई परंपरा की अनुमति नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनहित सर्वोपरि शासन का मूल मंत्र है। छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवादों का समाधान करके कानून व्यवस्था बेहतर होगी। निर्देश दिए कि क्षेत्र में विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहना चाहिए।

वे सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्त, ज़ोन, पुलिस कमिश्नरेट, रेंज तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने-अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटने, परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। सभी थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक मार्गों पर यातायात अवरुद्ध न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की पैदल गश्त सतत जारी रहे।



कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्त रोक

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिह्नित हों। अन्यत्र कतई न हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णतः वर्जित रहे। प्रत्येक जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को प्रोत्साहित न किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे।

# सिक्किम में भूस्खलन से 3 जवानों की मौत

- छह सुरक्षाकर्मी लापता, बचाव दल तलाश में जुटा

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से तीन जवानों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम हुआ। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। लापता छह जवानों की तलाश की जा रही है।



सिक्किम के लाचेन नगर में भूस्खलन के बाद सैन्य शिविर क्षतिग्रस्त हो गया।

### लाचुंग में फंसे 100 से अधिक पर्यटकों को निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे 100 से ज्यादा सैलानियों को लेकर 18 वाहनों का पहला समूह लोअर द्ज़ोंगू के फिदांग पहुंच गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मंगन जिला कलेक्टर अनंत जैन ने काफिले का नेतृत्व किया। फिदांग से पर्यटक गंगटोक के लिए रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, वन विभाग के समन्वित प्रयास से आज सुबह फंसे पर्यटकों को निकालने का काम शुरू हुआ।

## छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- सुकमा जिले का केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपये के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## ठाणे में एटीएस का छापा, 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया

- सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के घरों को खंगाला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई।

एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।

## हवा में गिद्ध से टकराया विमान आपात स्थिति में रांची में उतरा




- इंडिगो के विमान में सवार थे 175 यात्री

**रांची।** इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए जब विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया कि रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया। घटना के वक्त विमान रांची से करीब 10 से 12 नौटिकल मील दूर, करीब 3,000 से 4,000 फुट की ऊंचाई पर था। विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को उसे यहां आपातस्थिति में विमान उतारना पड़ा। यह घटना दोपहर 1 :14 बजे हुई। विमान का कोलकाता जाने का कार्यक्रम था।

# सहायक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

- एनसीटीई के नियमानुसार नियुक्ति के दो साल में करना होगा ब्रिज कोर्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में हाल में सहायक शिक्षक बनाए गए लोगों को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमानुसार शिक्षकों को नियुक्ति के दो साल के भीतर यह कोर्स पूरा करना होगा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 से ऑनलाइन यह कोर्स कराने की तैयारी है। एनसीटीई के नियमों के अनुसार बीएड डिग्रीधारकों को प्राथमिक शिक्षक बनने के बाद दो वर्षों के भीतर ब्रिज कोर्स पूरा करना जरूरी है, लेकिन बड़ी संख्या में नियुक्त शिक्षक यह कोर्स नहीं कर पाए, जिससे उनकी नियुक्ति पर सवाल उठने लगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनसीटीई ने एनआईओएस को यह जिम्मेदारी सौंपी है। एनआईओएस ने अपने पोस्ट में बताया है कि जुलाई और अगस्त 2025 से ब्रिज कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। कोर्स पूरी तरह ऑनलाइन होगा और इसकी अवधि छह माह रखी गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज कैबिनेट की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है।

# कम शुल्क पर आयात कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार

## दिशा-निर्देश जारी, 4,150 करोड़ निवेश वाली कंपनियों को 15% शुल्क पर आयात की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत सोमवार को दिशानिर्देश अधिसूचित कर दिए। इसमें स्थानीय विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनियों को महज 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात की अनुमति दी गई है।

इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए। इससे इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं के लिए आवेदन खिड़की खुलने पर आवेदन करने का रास्ता साफ हो गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वैश्विक ईवी विनिर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूर होने की तारीख से पांच साल के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य वाली पूरी तरह तैयार (सीबीयू) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, आयात शुल्क में राहत पाने के लिए स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

वहीं चार्जिंग ढांचा तैयार करने पर किए गए व्यय को प्रतिबद्ध निवेश के पांच प्रतिशत तक माना जाएगा। योजना के तहत आवेदकों को अनुमोदन पत्र जारी करने की तारीख से तीन साल के भीतर 25 प्रतिशत का न्यूनतम घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) और 50 प्रतिशत का न्यूनतम डीवीए पांच साल के भीतर हासिल किया जाना चाहिए।

### शुल्क में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट

प्रति आवेदक को शुल्क के रूप में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट देने या फिर योजना के तहत किए गए उसके निवेश तक सीमित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने कहा कि तीन साल की अवधि में आवेदक को भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) की निवेश प्रतिबद्धता जतानी होगी। आवेदक को आवेदन मंजूर होने की तारीख से तीन साल के भीतर इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और परिचालन शुरू करना होगा। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबद्ध सुविधाएं, इंजीनियरिंग शोध एवं विकास पर किया गया व्यय भी इस योजना के तहत निवेश से जुड़े लाभ पाने के लिए पात्र होगा। हालांकि, संयंत्र के लिए भूमि पर किया गया व्यय इसका हिस्सा नहीं होगा लेकिन मुख्य संयंत्र की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से फुलवारी में पानी डाल रहे कर्मचारी की मौत

## जिला अस्पताल के पीछे हाईवे पर हुई दुर्घटना, टैंकर का चालक मौके से फरार हो गया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


पोस्टमार्टम में तैनात पुलिस व मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के पीछे एनएचएआई हाईवे पर लगी फुलवारी में पानी डाल रहे कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। उधर पोस्टमार्टम हाउस में परिजनों ने हंगामा काटते हुए पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस के समझाने पर परिजन पोस्टमार्टम के लिये माने। दुर्घटना के बाद पानी टैंकर का चालक फरार हो गया।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव ताखेपुर्वा निवासी पारस यादव (45) पुत्र रामफल यादव दैनिक पर हाइवे पर लगी फुलवारी में पानी डालने का काम करता था। सोमवार को वह चालक के साथ टैंकर में पानी भर कर जिला अस्पताल के पीछे हाइवे पर लगी फुलवारी में करीव चार बजे पानी डाल रहा था। इसी दौरान किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद टैंकर का चालक मौके से फरार हो गया। इससे यह पता नहीं चल सका कि पारस को किस वाहन ने टक्कर मारी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पारस को हाईवे की एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गई। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। इसकी जानकारी पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। जहां परिजन पोस्टमार्टम न कराने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। इससे अधिक संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस के समझाने पर परिजन पोस्टमार्टम के लिये तैयार हो गये। परिजन एनएचआईए के ठेकेदार से आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग कर रहे थे।

- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार, काटा हंगामा मांगा मुआवजा

परिजनों ने बताया कि पारस यादव के चार बच्चे हैं। इस में तीन वेटी व एक पुत्र है। अभी किसी की शादी नहीं हुई है। उधर जीआर इंफ्रा प्रोजेक्टस लिमिटेड अधिकारी ने पत्र जारी कर कहा कि वह कंपनी के टैंकर पर हेल्पर थे।उनको आर्थिक सहायता दी जायेगी। इस के लिये कुछ प्रपत्र मांगे हैं।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुरसहायगंज।** गेस्ट हाउस में बिजली सही कर रहा युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे नगर के सीएचसी में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के ग्राम दौलतपुर निवासी अनूप कुमार पुत्र मुकंदराम ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे उसका छोटा भाई अंकित ग्राम रामाश्रम स्थित निजी गेस्ट हाउस में लाइट सही कर रहा था। तभी ऊपर से निकली 11000 हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर घायल हो गया। आनन फानन परिजनों ने उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।


अंकित।

# किसान संकर मक्का, धान का बीज कभी भी खुला न खरीदें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएओ बोले, कम मात्रा में बीज की जरूरत तो कुछ किसान मिलकर खरीद सकते
- बिल और सील्ड पैकेट किसान फसल तैयार होने तक रखें सुरक्षित

**अमृत विचार।** नकली बीज से बचने और बिल संभालकर रखने को लेकर कृषि विभाग ने किसानों को फिर से अलर्ट कर दिया है। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया कि खरीफ 2025 सीजन शुरू होने वाला है। इस सीजन में मक्का, धान, मूंगफली, उर्द, मूंग आदि की बोआई होगी। किसान बीज खरीदते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखेंगे, तो आसानी से गलत बीज लेने से बच सकते हैं।

दरअसल, गुरसहायगंज में भारी मात्रा में धान का नकली बीज मिलने का मामला सामने आया है। उसके बाद से चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान संकर मक्का, संकर धान आदि फसलों का बीज लाइसेंस धारक दुकान से ही खरीदें। खरीद का बिल (कैश मीमों) दुकानदार से अवश्य लेकर सुरक्षित रखें। संकर मक्का एवं संकर धान का बीज कभी भी खुला न खरीदें बल्कि किसान पूरा सील बंद पैकेट ही खरीदें। यदि कम मात्रा में बीज की आवश्यकता है तो दो-तीन किसान मिलकर खरीद सकते हैं। खुले बीज में मिलावट की आशंका है। संकर बीज का सील्ड पैकट खरीदने के बाद बोआई करने से लेकर फसल पकने तक पैकेट सुरक्षित रखें, जिससे फसल में शिकायत होने पर बीज की जांच में कोई गड़बड़ी साबित होती है, तो सम्बन्धित कम्पनी/विक्रेता के विरूद्ध कार्रवाई की जा सके। यदि किसान उपरोक्त बातों का ध्यान रखेंगे तो अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे। दूसरी ओर समस्त बीज विक्रताओं को अगाह किया गया है कि वह अपनी दुकान पर बीज लाइसेंस की प्रति चस्पा करते हुए फर्म का नाम अवश्य लिखें।

कृषकों को बीज विक्रय बिल (कैश मीमों) अवश्य दें। दुकान पर रखे सभी बीजों के क्रय बिल एवं अधिकार से सम्बन्धित अभिलेख अनिवार्य रूप से होने चाहिए। बीज का स्टाक, दर स्टॉक/ रेट बोर्ड पर अंकित होना चाहिए। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने अथवा उक्त निर्देशों का पालन न करने वाले बीज विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम, 1966 बीज नियम, 1968 तथा बीज नियंत्रण आदेश, 1983 के प्राविधानों के तहत कार्रवाई होगी।

## सार-संक्षेप


श्लोक तिवारी को मिठाई खिलाते माता-पिता। अमृत विचार

### श्लोक तिवारी का आईआईटी के लिए हुआ चयन

**छिबरामऊ।** जेईई एडवांस्ड का सोमवार को परिणाम जारी हो गया। जिसमें नगर क्षेत्र के निवासी श्लोक तिवारी का चयन हो गया। आईआईटी में चयन होने पर परिवार के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर निवासी श्रीचंद उर्फ ललुआ तिवारी व सपना तिवारी के होनहार बेटे श्लोक तिवारी ने हाईस्कूल तक की शिक्षा सिटी चिल्ड्रन्स अकादमी से पूरी की। इसके बाद इंटरमीडिएट की शिक्षा आशा पब्लिक स्कूल सिकंदरपुर में हुई। इसके बाद आईआईटी में दाखिला लेने के लिए तैयारी शुरू की और जेईई एडवांस की परीक्षा दी। बताया गया है कि श्लोक तिवारी की रैंक 5790 आई है। बेटे की कामयाबी पर माता पिता ने बेटे का मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद दिया।


अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को ज्ञापन देते लोधी समाज के लोग।

### महारानी अबंतीवाई पर की अभद्र टिप्पणी पर हो कार्रवाई

**कन्नौज।** इंस्टाग्राम पर वीरांगना महारानी अवंतीवाई लोधी के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी का समाज के लोगों ने विरोध जताया है। उन्होंने तिर्वा कोतवाली प्रभारी समेत अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्टाग्राम आईडी से वीरांगनी महारानी अवंतीवाई लोधी के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी की गई। इस पर महारानी अवंतीवाई लोधी कमेटी तिर्वा ने विरोध जताया है। कमेटी के पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी वीर विक्रम सिंह को पहले ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। कमेटी के संयोजक अरुण कुमार की अगुवाई में आशुतोष राजपूत, पंकज राजपूत, नवनीत सिंह, शमसेन्द्र बहादुर सिंह, अजय वर्मा, रजनीश राजपूत समेत कई लोध राजपूत समाज के लोग सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को ज्ञापन देकर संबंधित पर कार्रवाई की तत्काल मांग की है।

### गैरइरादतन हत्या में दो दोष सिद्ध, सजा पर कल सुनवाई

**कन्नौज।** जिला न्यायाधीश की अदालत में गैरइरादतन हत्या के मामले की सुनवाई पूरी होने पर दो को दोषसिद्ध ठहराया गया। सजा के बिंदु पर सुनवाई चार जून होगी। शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा ने बताया कि मैमूना बेगम पत्नी शाहिद हुसैन निवासी मो. शेखाना ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी सगी बहन अर्शी पत्नी जुल्फिकार अली की शादी उसके ही मोहल्ले में हुई है। 28 अक्टूबर 2019 को पति शाहिद व उसकी बहन अर्शी में कुछ कहासुनी हुई थी। इसको लेकर अर्शी के जेठ इंतजार पुत्र इशितयाक व अरशद, अन्नू, नन्हें पुत्रगण सरफराज व हसमत पुत्र अरशद निवासी गण मो. शेखाना उसके घर आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए पति शाहिद के साथ मारपीट करने लगे। इससे उसका दायां हाथ टूट गया और सिर पर गंभीर चोट आई। शोरगुल सुनकर लोग बचाने दौड़े तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पति को जिला अस्पताल से हैलट रेफर किया गया जहां 30 अक्टूबर 2019 को उनकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट 31 अक्टूबर 19 को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद इंतजार और अरशद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई पूरी होने पर जिला जज ने दोनों को दोष सिद्ध ठहराया है। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

### किसान महापंचायत को सफल बनाने पर चर्चा

**छिबरामऊ।** एक गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (भानु) की 9 जून को प्रस्तावित किसान महापंचायत को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में यूनियन ने कार्यकर्ताओं के साथ अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार की घटनाओं को अस्वीकार्य बताया। तय किया गया कि इस महापंचायत में छिबरामऊ के 100 शैया अस्पताल को रेफर सेंटर बनाए रखने की वजाय सुविधाओं पर विचार-विमर्श होगा। खेतों में सिंचाई के लिए समय पर बिजली न मिलने और महंगी बिजली के कारण फसलों को नुकसान की समस्या पर भी रणनीति तैयार की जाएगी। गौशालाओं में गायों की देखभाल में लापरवाही को सुधारने हेतु क्षेत्रीय किसानों के साथ चर्चा होगी। महापंचायत का स्थान और समय शीघ्र निर्धारित किया जाएगा। बैठक में आरपी ठाकुर (राष्ट्रीय सचिव), अमन यादव (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), अमित कुमार राजपूत (मंडल अध्यक्ष, कानपुर), रविकांत श्रीवास्तव (युवा मंडल अध्यक्ष, कानपुर), रावेंद्र शर्मा (कानपुर मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष), प्रेम चतुर्वेदी (कानपुर मंडल प्रचार मंत्री), रामानंद गुप्ता (कानपुर मंडल उपाध्यक्ष), चिंटू राठौर (जिला अध्यक्ष, कन्नौज युवा मोर्चा), राम कुमार यादव (जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी), और फैजान खान (जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा) उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्राओं को प्रशिक्षण देने को होगा चयन

**कन्नौज।** डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत बालिकाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। जिले के 13 राजकीय हाईस्कूल व 6 इंटर कॉलेजों में छात्राओं को 3 माह का आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता धारियों का चयन किया जाएगा। कार्यालय में 20 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। प्रशिक्षण देने के बाद प्रधानाचार्य प्रति महीने 5 हजार रुपये मानदेय देंगे।

### अराजकतत्वों ने गिराई प्राथमिक विद्यालय की दीवार

**छिबरामऊ।** ग्राम लक्ष्मन नगला स्थित प्राथमिक विद्यालय की चौहद्दी दीवार किन्हीं अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा गिरा दी गई। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मन नगला स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंसार अहमद ने थाने में दी तहरीर में बताया है कि इस समय छुट्टियों के कारण स्कूल बंद हैं। रविवार की रात किन्ही अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा स्कूल की चौहद्दी दीवार को गिरा दिया गया। कार्रवाई की मांग की है।

### महिला के कुंडल उतरवा ले गए टप्पेबाज

**छिबरामऊ।** अल्ट्रासाउंड करा कर लौट रही महिला को नगर पालिका रोड पर अज्ञात व्यक्तियों ने रोक कर टप्पेबाजों ने कुंडल उतरवा लिए और रफूचक्कर हो गए। बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नवीगंज निवासी नीरज गुप्ता पत्नी नवीन गुप्ता ने बताया कि सोमवार को वह सौ शैया अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करने के लिए गई थी। वहां से लौटते समय नगर पालिका रोड पर पीछे से आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक रुमाल उनके हाथ में देकर दिमाग भ्रमित कर दिया और कान में पहने सोने के कुंडल उतरवा कर ले गए।

# अस्वच्छ पेशे में लगे परिवारों के बच्चों को मिलेगा वजीफा

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निदेशक समाज कल्याण ने भेजा पत्र, आय सीमा का दायरा नहीं रहेगा
- कक्षा 9 व 10 के विद्यार्थियों को 3500 और 8000 रुपये दिया जाएगा वजीफा

**अमृत विचार।** जो लोग अस्वच्छ पेशे में लगे हैं उनके बच्चों को कक्षा 9 व 10 में वजीफा दिया जाएगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि नियमावली के तहत वजीफा दो तरह से दिया जाएगा। पहले नंबर में अनुसूचित जाति के कक्षा 9 व 10 के ऐसे छात्र-छात्राओं को लाभ मिलता है जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था पहले से ही पोर्टल पर चल रही है। दूसरे नंबर में अस्वच्छ पेशे में लगे व्यक्तियों के बच्चों को कक्षा 9 व 10 में पढ़ने पर छात्रवृत्ति दी जाएगी। हालांकि योजना के तहत विद्यार्थियों के अभिभावकों की आय सीमा से कोई मतलब नहीं रहेगा। पात्रता के लिए अस्वच्छ पेशा देखा जाएगा। इस योजना में कूड़ा-कचरा बीनने वाले लोग शामिल हो सकेंगे। खतरनाक सफाई में लगे व्यक्ति। टेनरियों में लगे लोग व मैला ढोने में शामिल। हालांकि मैला ढोने की प्रथा बंद हो चुकी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी का कहना है कि बिना छात्रावास वाले विद्यार्थियों को 3500 रुपये और छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं को 8000 रुपये सालाना वजीफा दिया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांग छात्र को 10 फीसदी अधिक धनराशि मिलेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए 1 जुलाई को आवेदक की उम्र 12 से 20 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर खुद का रोजगार स्थापित करें युवा : जिलाधिकारी

संवाददाता जलालाबाद


प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम ने बैंक ऑफ़ इंडिया अनौगी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा स्वयं का रोजगार स्थापित करें।

सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री बैंक ऑफ़ इंडिया आर-सेटी प्रशिक्षण संस्थान अनौगी पहुंचे। यहां प्रशिक्षण कक्ष, कार्यशाला, डोरमेट्री महिला व पुरुष, अतिथि संकाय आदि का निरीक्षण किया। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को प्रशिक्षण व स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया जाए। संस्थान मं। जो उत्पाद निर्मित किये जा रहे हैं। उनको बाजार में बिक्री के लिए भेजा जाए। संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित कर चुके उद्यमियों में वंदना शर्मा, मानवी, अनामिका, माधुरी कुशवाहा, विनीत, सचिन, मोहन सिंह, अनुज कुमार, अमित कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थी माधुरी कुशवाहा व सुहानी ने अपने-अपने अनुभव साझा किये। संस्थान के निदेशक नितिन कटियार ने बताया कि संस्थान में ब्यूटी पार्लर, फूड प्रोसेसिंग, हैंडरूम, मोमबत्ती निर्माण, सिलाई, पशुपालन, वित्तीय साक्षरता उद्यमिता शामिल है। अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण व निशुल्क रहने व खाने की सुविधा भी है। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, आर सेटी निदेशक नितिन कटियार, महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, सोनू कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

- आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान अनौगी का किया निरीक्षण

## ससुरालियों ने महिला को किया बेघर

**गुरसहायगंज।** ग्राम ठठिया निवासी रोशनी ने बताया है कि उसका विवाह 14 अक्टूबर 2024 को किदवई नगर निवासी मेराज के साथ हुआ था। शादी के बाद पति, ननद, सास व ससुर ने दहेज में कार की मांग की। जब उसने इसका विरोध किया तो प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके बाद 31 मई 2025 की रात 10 बजे मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर जांच शुरू की है।

# लापरवाही पर दो पशु डॉक्टरों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- त्योहारों को लेकर डीपीआरओ, व पशु चिकित्सकों की छुट्टी पर लगाई गई रोक
- एडीओ पंचायत तालग्राम व गुगरापुर की लापरवाही पर जवाब-तलब करने के निर्देश

**अमृत विचार।** डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं पशु चिकित्सक गौशालाओं का नियमित भ्रमण करें। गोवंश के स्वास्थ्य, हरे चारे एवं अन्य व्यवस्थाओं की गहनता से जांच करें। उन्होंने पशु चिकित्सक जलालाबाद एवं छिबरामऊ की कार्यशैली में लापरवाही पाए जाने पर स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में हुई गोशाला, मनरेगा, पीएम/ सीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन आदि की बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं में पीपल, पाकड़, बरगद आदि छायादार पौधों को लगाया जाए। सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड अनिवार्य लगाए जाएं। डीएम ने आगामी पर्व को देखते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश एवं सभी बीडीओ व पशु चिकित्सक आदि संबंधित अधिकारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है। ओडीएफ प्लस (मॉडल गांव) के कार्य में लापरवाही बरतने वाले एडीओ पंचायत गुगरापुर व एडीओ पंचायत तालग्राम से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। व्यक्तिगत शौचालय एवं ओडीएफ प्लस (मॉडल गांव) के कार्य में लापरवाही न बरतने को कहा। डीएम ने बताया कि 11 ग्राम पंचायतें ओडीएफ प्लस हो जाने पर जनपद कन्नौज ओडीएफ प्लस घोषित हो जाएगा। ग्राम चौपालों में खानापूर्ति न की जाए। ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये पानी की टंकी पर विशेष फोकस किया जाए। डीएम ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता एवं मानक का विशेष ध्यान रखने और समय से पूरा करने को कहा।

निरीक्षण — एसडीएम सदर के नेतृत्व में बनी टीम ने जिले भर के निजी अस्पतालों की जांच की

# निजी अस्पतालों में हो रही मानकों की अनदेखी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


जनपद मुख्यालय के अस्पताल में जांच करतीं एसडीएम सदर नवनीता रॉय व टीम।

**अमृत विचार।** पिछले महीने निजी अस्पताल में हुई किशोरी समेत एक अन्य की मौत के बाद से जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। निजी अस्पतालों की जांच कराई जा रही है। इस क्रम में एसडीएम सदर के नेतृत्व में बनी टीम ने जिले भर में पंजीकृत निजी अस्पतालों की जांच की। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गईं। जांच टीमें अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगी। इसके बाद ही आगे की कोई कार्रवाई होगी।

बता दें कि जिले भर में करीब 84 निजी अस्पताल संचालित हैं। खास बात यह है कि ज्यादातर में एक से एक योग्य डॉक्टरों व विशेषज्ञों के नाम दर्ज हैं लेकिन असल में कोई मौके पर नहीं होता है। इसके साथ ही सुविधाओं के नाम पर भी खानापूरी की जाती है। कई जगह तो अप्रशिक्षित लोग ही इलाज से लेकर इंजेक्शन लगाने-ग्लूकोज चढ़ाने तक का काम करते हैं। यह सारा खेल स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से ही चलता है। जब कोई हादसा पेश आता है तो विभाग सक्रिय होकर कार्रवाई का कोरम पूरा करता और मामला ठंडा होते ही सब पुराने ढर्रे पर आ जाता है।

पिछले महीने 18 तारीख को छिबरामऊ के कृष्णा हास्पिटल में एक किशोरी की मौत के बाद हाल ही में तिर्वा में तलघर में चल रहे अस्पताल में एक महिला की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में लापरवाही के आरोप लगे।

पहली घटना के बाद ही जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करके निजी अस्पतालों की जांच शुरू करा दी थी। सोमवार को भी जिले भर के निजी अस्पतालों की जांच की गई। सदर तहसील स्थित अस्पतालों की जांच उपजिलाधिकारी सदर नवनीता रॉय, सीएचसी गुगरापुर के चिकित्साधीक्षक डॉ. सुरेंद्र चौधरी, कोतवाल कन्नौज जितेंद्र प्रताप की टीम ने की।

एसडीएम सदर ने बताया कि अब तक 26 अस्पतालों की जांच की गई है। ज्यादातर में मानकों की अनदेखी कर रोगियों का इलाज किया जा रहा है। कई अस्पताल बेसमेंट में चलते पाए गए। एमबीबीएस डॉक्टर की अधिकांश अस्पतालों में अनुपस्थिति पाई गई। वार्ड बॉय तथा स्टाफ नर्स भी मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए तथा अस्पताल स्टाफ में किसी के भी द्वारा आईडी कार्ड का प्रयोग नहीं किया जा रहा था। साफ सफाई तथा वेंटिलेशन का अभाव पाया गया।

## नशे की हालत में चालक ने सायरन बजाते हुए दौडाया ट्रैक्टर

**कन्नौज।** यातायात प्रभारी ने मानीमऊ में नशे की हालत में पुलिस सायरन बजाते हुए तेज रफ्तार से जा रहे ट्रैक्टर को पकड़ा है। उसे सीज कर चौकी में खडा करा दिया है।

रविवार की देर रात्रि यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने मानीमऊ क्षेत्र में रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों को चेक कर रहे थे। तभी एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर में सायरन बजाता हुआ बहुत तेज रफ्तार से अरौल की तरफ जाता हुआ दिखा। इसको यातायात प्रभारी ने रोकने का प्रयास किया गया परंतु ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को नहीं रोका। तब यातायात प्रभारी ने ट्रैक्टर का पीछा किया और ग्राम पंचम पुरवा के पास रोक लिया। जब चालक को चेक किया गया तो वह भयंकर नशे में पाया गया। ट्रैक्टर में कई छोटे बच्चों को भी बैठा रखा था। प्रभारी ने ट्रैक्टर को मानीमऊ चौकी में सीज कर दिया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती मंजू पत्नी भूरे सिंह निवासीगण हरीराम की मडैया कॉकरपुर तहसील इटावा जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होने ... .. **जिसका रकवा....... पूर्व पश्चिम ...... उत्तर दक्षिण ...... है जिसकी सीमा पूर्व में रास्ता 18 फीट चौडा पश्चिम में प्लाट दीप्ती उत्तर में रास्ता 15 फीट चौडा दक्षिण मे आराजी दीगरान मोहल्ला... श्रीमती मंजू गुप्ता पत्नी जय कृष्ण गुप्ता निवासी मोहल्ला-सड़क बाजार इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

नोटः- नामान्तरण मात्र एवं भवन कर संग्रहण हेतु है। इससे स्वामित्व का निर्धारण नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे एलआईसी पालिसी संख्या 228052962 में मेरा नाम जितेंद्र दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में सुकई है, यह दोनों नाम मेरे ही हैं । **सुकई पुत्र स्व. नानबाबू, केवलपुर, छब्बीसवा, देवतहा, गोंडा।**

**सूचना**

मैं **सुनील कुमार पुत्र श्री रामनाथ गुप्ता निवासी सचिन आटो पार्टस मेन रोड सरायमीर आजमगढ़** घोषणा करता हूँ कि मेरे नाम एक फ्लैट संख्या 8/ठ1/907 का आवंटन गोमती इन्कलेव अवध विहार योजना लखनऊ मे हुआ था आवंटित दस्तावेज में मेरा नाम सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो गया है जबकि सुनील कुमार और सुनील गुप्ता दोनों एक ही व्यक्ति है। यदि मेरा नाम कहीं सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो तो उसे सुनील कुमार पुत्र रामनाथ गुप्ता पढ़ा जाये

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार शुक्ल पुत्र राम भिलाए शुक्ल जन्मतिथि 01-01-1968 पैन कार्ड में दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01-01-1966, **पता- ग्राम बहदुरिया गरेठी गुरुदत्त सिंह जनपद बहराइच** है। ऐसे में मुझे सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01-01-1966 के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं **सूरज कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र राम लाल निवासी-20 अम्बेडकर नगर, मानस नगर, थाना-कृष्णा नगर, लखनऊ** का रहने वाला है। शपथी अपनी पत्नी राजकुमारी पुत्र संदीप और पुत्री ममता की गलत हरकतों और बदनीयती के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हूं। शपथी की पत्नी,पुत्र व पुत्री किसी प्रकार के गलत गतिविधियों में पाए जाते है तो उसका शपथी से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र रविन्द्र को उसके गलत चाल-चलन व दुर्व्यवहार के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्मपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्यो अथवा लेने-देन से मेरा व मेरी पत्नी पूजा अथवा परिवार के सभी सदस्यों से कोई लेना-देना व कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **नरेन्द्र पुत्र स्व0 रामनाथ नि0- शाहपुर, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **श्यामपाल सिंह पुत्र बीरपाल सिंह नि0- थियरमहोलिया तहसील व जिला हरदोई** मेरे पुत्र रूद्र प्रताप सिंह का हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2022 अनुक्रमांक 1220981910 अंक पत्र/सहप्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है तथा मेरे पुत्र ने विद्या सिंह हाईस्कूल मंगली पुरवा हरदोई से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

## आज का मौसम

मंगलवार को जिले में आंधी तूफान के साथ मेघगर्जन, वज्रपात व बूंदाबांदी के आसार हैं। बादल छाए रहेंगे।

| 32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:58 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### गायत्री जयन्ती समारोह की तैयारी पूरी, कलश यात्रा कल

**कन्नौज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से 4 जून से 6 जून तक होने वाले गायत्री जयन्ती कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई है। कार्यक्रम के संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि एस बी एस इन्टर कालेज में होने वाले समारोह का शुभारंभ 4 जून की शाम पांच बजे कलश यात्रा से होगा। 5 जून को प्रात: गायत्री जप के बाद गायत्री महायज्ञ में भक्त आहुति देंगे। इस दौरान यज्ञोपवीत, विद्यारंभ सहित अन्य संस्कार कराये जाएंगे। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक यह कार्यक्रम चलेगा। सायं 7 बजे दीप महायज्ञ एवं प्रवचन होगा। सभी कार्यक्रम शान्तिकुंज से आई टोली की तरफ से कराए जाएंगे। 6 जून को प्रात: गायत्री महायज्ञ के साथ पूर्णाहुति और दोपहर में भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

### बकरीद पर कुर्बानी खुली जगह पर न करें

**तिर्वा।** सोमवार को कोतवाली में एसडीएम अशोक कुमार अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि बकरीद में कुर्बानी बंद स्थानों पर की जाए। अवशेष निकले उन्हे पॉलिथीन में एकत्रित कर एक स्थान पर संग्रह करे। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक रहेगी। नगर पंचायत कर्मचारी मस्जिद के बाहर साफ सफाई रखे। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### पंचायत घर से चोरी

**तिर्वा।** ग्राम पंचायत बलनापुर की पंचायत सहायक अंशू राजपूत ने बताया कि शनिवार को वह पंचायत घर में काम समाप्त कर चली गई थी। पंचायत घर में ताला लगा हुआ था। जब सोमवार को वह पंचायत घर पहुंची तो देखा कि ताले टूटे पडे होने के साथ वह खुला पडा था। जब अंदर जाकर देखा तो अंदर रखी 28 कुर्सी गायब थीं।

### तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव मायापुरवा का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

# खेत से मिट्टी उठाई, उलाहना देने पर युवक की लोहे की रॉड से हत्या

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत से जबरन मिट्टी उठाने का उलाहना देने पर दो भाइयों ने लोहे की राड व डंडे से हमला कर युवक को मौत के घाट उतार दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मामले में आरोपियों के खिलाफ तालग्राम ताने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने दोनों की तलाश तेज कर दी है।


उमेश चंद्र।

तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव मायापुरवा में शिवनरायन (30) के खेत की करीब 20 तसला मिट्टी गांव के ही निवासी पवन व अमन पुत्रगण तिलक राम राजपूत ने उठा ली। सुबह के समय जब शिवनरायन खेत पर गया तो उसे इस बात का पता चला। सोमवार की सुबह 09 बजे के करीब वह अपने भाई उमेश चंद्र के साथ उक्त लोगों के दरवाजे पर पहुंचा और पवन व अमन को उलाहना दिया। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा। दोनों ने गालीगलौज करते हुए हाथों में लिये लोहे की राड व डंडे से हमला कर दिया। उमेश को जान से मारने की नीयत से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोहे की राड सिर में लगने से उमेश मौके पर ही गिर गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी तालग्राम पहुंचे जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत हो जाने की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।


सीएचसी तालग्राम में मौजूद लोग व पुलिस। अमृत विचार

हत्या की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष तालग्राम शशिकांत कनौजिया पुलिस बल के साथ घटना स्थल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालग्राम पहुंचे। जहां पुलिस ने छानबीन की। मृतक के भाई शिवराज राजपूत की तहरीर पर तालग्राम थाना पुलिस ने गांव के ही निवासी दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी तेज करदी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों को देर रात तक गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## पुत्री के ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप

**तिर्वा।** पुत्री के घायल होने की जानकारी होने पर उसे देखने आए माता पिता ने ससुरालियों पर मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

जनपद मैनपुरी के थाना बेबर गांव गढिया निवासी मुनेंद्र कुमार पाठक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री की ससुराल ठठिया थाना क्षेत्र के कृपालपुर्वा गांव में है। एक जून की रात उन लोगों को सूचना मिली बेटी प्रिया को इतना मारापीटा गया कि वह ससुराल में घायल पड़ी है। वह व उसकी पत्नी रात में ही पुत्री के घर देखने आ गए। पुत्री के ससुरालियो ने काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला। जब सुबह इनके घर से अपनी पुत्री को ले जा रहे थे। तभी दामाद सुमित कुमार अपने दो साथियों के साथ उसे व पत्नी को मारने के लिए दौड़ पड़ा। धमकी दी कि जान से मार देंगे। बात-बात पर आत्महत्या की धमकी देकर फंसाने की धमकी देते है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बीआरसी से कार्यमुक्त, बीएसए करेंगे अब शिक्षकों को रिलीव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पारस्परिक तबादला वाले शिक्षकों को नई जगह 5 जून तक लेना होगा कार्यभार
- कन्नौज ब्लॉक क्षेत्र के 31 में से 28 अध्यापकों की फाइलें ओके हो गई हैं

**अमृत विचार।** अंतरजनपदीय पारस्परिक तबादला का लाभ पाने वाले 109 शिक्षक-शिक्षिकाओं में सबसे अधिक 31 कन्नौज सदर बीआरसी इलाके के हैं। सोमवार को मौके पर आने वाले 28 अध्यापक ब्लॉक संसाधन केंद्र से कार्यमुक्त भी हो गए।

अब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से रिलीव होंगे। बताया गया है कि 5 जून तक जनपद से रिलीव होने की प्रक्रिया चलेगी। संबंधित जिले में योगदान आख्या देने के बाद कार्यभार भी ग्रहण कराया जाएगा।

बीईओ सदर मधुलिका बाजपेई ने बताया कि उनके क्षेत्र में 31 शिक्षक-शिक्षिकाओं को पारस्परिक स्थानांतरण का लाभ मिला है। दोपहर बाद सवा 4 बजे तक जो 28 अध्यापक आ गए थे, उनकी फाइलें देखकर रिलीव कर दिया गया। फाइलों में जो कमियां थीं, उनको दूर कराया गया। फाइलें बीएसए कार्यालय भेज दी गईं हैं।

सबसे पहले विद्यालय से कार्यमुक्त किया जाता है। उसके बाद बीआरसी और बीएसए कार्यालय से रिलीव किया गया है। अन्य ब्लॉक क्षेत्रों में भी इसी तरह प्रक्रिया चल रही है।

### अंत: जनपदीय के 6 जून तक बनेंगे जोड़े

**कन्नौज।** इन दिनों अंत: जनपदीय पारस्परिक तबादले की प्रक्रिया भी चल रही है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के पत्र के मुताबिक 29 मई से 6 जून तक शिक्षक-शिक्षिकाएं आपसी सहमति से ओटीपी के जरिए जोड़ा बनाएंगे। 9 जून तक स्थानांतरण का आदेश जारी होगा। 10 से 15 जून तक सूची में आए अध्यापकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।

## मनमानी

# डीपीआरओ ने फाइल दबाई तो पीड़ित ने आरटीआई लगाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलनापुर में 6 महीने बाद भी नहीं की कार्रवाई
- डीएम और जिला पंचायत राज अधिकारी से मांगी कार्रवाई की जानकारी

**अमृत विचार।** कई विभागों के अधिकारी मनमानी पर उतारू हैं। 6 महीने पहले हुई जांच में लाखों रुपये की गड़बड़ी साबित हो चुकी है उसके बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रकरण की फाइल ही दबा दी गई है। शिकायतकर्ता ने मजबूर होकर जनसूचना अधिकार अधिनियम (2005) के तहत जानकारी मांगी है।

ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलनापुर निवासी तेजराम ने डीएम को भेजे आरटीआई आवेदन में कहा है कि वित्तीय कार्यों की अनियमितताओं की जांच जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने की थी। जांच रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई है उसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए। इसी तरह जिला पंचायत राज अधिकारी को भेजे आरटीआई आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत बलनापुर में 17 दिसंबर 2024 को जांच हुई थी उस पर की गई कार्रवाई की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए।

जांच में दिए गए सचिव के साक्ष्यों की कॉपी उपलब्ध कराई जाए। बताया गया है कि जांच कर्ताओं ने लाखों रुपये की गड़बड़ी की पुष्टि कर दी है उसके बाद भी जिम्मेदार विभाग आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### कइयों के अभिलेख मौके पर नहीं दिए गए

- जांच रिपोर्ट में बताया गया कि अशोक कुमार के घर के सामने नल बोरी से ढका हुआ था लेकिन मशीन गायब थी। रामलाल के घर के सामने हैंडपंप में हैंडल नहीं था जिससे वह क्रियाशील नहीं था। भोरसिंह के दरवाजे के लिए लगा हैंडपंप क्रियाशील नहीं था। उमाशंकर के दरवाजे के निकट लगा हैंडपंप मशीन ऊपर से गायब मिली। लालमन के निकट हैंडपंप की मशीन गायब मिली पर निजी सबमर्सिबल लगा था। रामदास शर्मा के निकट बोरिंग मशीन गायब मिली। बाबूराम के घर के सामने हैंडपंप 4 साल से क्रियाशील नहीं है। नरेंद्र कुमार के निकट मशीन गायब मिली, यहां भी सबमर्सिबल लगा है। देवीप्रयाद के सामने बोरिंग मिली लेकिन मशीन गायब है और सबमर्सिबल लगा है। राहुल के घर के सामने हैंडपंप लगा है पर क्रियाशील नहीं। इन मामलों के अभिलेख ग्राम पंचायत सचिव ने उपलब्ध नहीं कराए हैं।

### यहां भी गड़बड़ी निकली

- बलनापुर में अमृत सरोवर में गंदगी व जलकुंभी मिली। कई महीनों से नाला की सफाई नहीं थी। टीम के आने की भनक पर सफाई हो रही थी। सामुदायिक शौचालय में 2.74 लाख का भुगतान किया गया जो यूपीएस के पास बना है लेकिन बस्ती से 2 किमी दूर है जिससे उसकी उपयोगिता नहीं है। साथ ही शौचालय क्रियाशील नहीं था।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें


जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे छिबरामऊ के किसान। अमृत विचार

## हाईवे में जा रही किसानों की खेती, मुआवजा भी कम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दरें बढ़ाए जाने की मांग रखी

**अमृत विचार।** हाईवे निकलने से किसानों की खेती जा रही है जिसका मुआवजा जमीन की सरकारी दर से दिया जा रहा है। समस्या यह है कि जिले के किसानों को मिलने वाला मुआवजा इसी हाईवे से सटे सीमावर्ती जनपदों की तुलना में काफी कम है।

सोमवार को छिबरामऊ तहसील के ग्राम लोहटकरिया मौजा डडौना निवासी कई किसान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से मिलने पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन देकर बताया कि उनके खेतों की आराजी हाईवे में गई है जिसकी सामान्य दर प्रति हेक्टेयर साढ़े 10 लाख रुपये है। वहीं जो लिंक हाईवे निकला रहा है उसमें सामान्य दर पड़ोसी मौताज पुरैला मौजा गुजराती तहसील ताखा जिला इटावा की सामान्य दर 18 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है। मौजा गुजराती की प्रति हेक्टेयर की सामान्य दर 28 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है। इसी तरहसे पड़ोसी जिला मैनपुरी में सामान्य सरकारी दर 25 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है। ऐसे में उन लोगों को भूमि की मिलने वाली कीमत काफी कम है। शासन द्वारा 25 फीसदी बढ़ाई गई दर अभी तक लागू नहीं की गई है।

## सार-संक्षेप

### आज चौधरियापुर उपकेंद्र से सात घंटे गुल रहेगी बिजली

**कन्नौज।** विद्युत उपकेंद्र पुलिस लाइन चौधरियापुर में सुरक्षा उपकरण स्थापित किये जाने से उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को सात घंटे बिजली नहीं मिलेगी। यह जानकारी अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे से 05 बजे तक कुल सात घंटे बिजली कटी रहेगी। इससे पुलिस लाइन समेत शहरी क्षेत्र के सरायमीरा, देविन टोला, ग्वालमैदान, बाबाहाजी, लुधपुरी, काजीटोला, शेखाना, बालापीर समेत देहात क्षेत्र में मानीमऊ, चौधरियापुर चौराचांदपुर, दनियांपुर पट्टी, सदिकापुर, अडंगापुर, तुलापुर्वा, जलालपुर अमरा, कपूरपुर कटरी समेत अन्य इस उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को तीन जून को बिजली नहीं मिलेगी।

### कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग करेगा मॉक ड्रिल

**कन्नौज।** कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग मॉक ड्रिल अस्पतालों में करेगा। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज व सीएचसी के डॉक्टर कर्मचारियों को फिर से कोरोना आने पर किस तरह से निपटें यह बताया जायेगा। देश के कई प्रांतों में कोरोना की दस्तक हो चुकी है। इस को लेकर जिले में भी स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज करदी हैं। बीते कोरोना काल के दौरान हुई दिक्कतें इस बार न हो इस के लिये स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज व सीएचसी स्तर पर मॉक ड्रिल किया जायेगा। मरीज की जांच करने से लेकर उसकी हालत गंभीर होने पर किस तरह से उपचार दिया जायेगा। इस पूरे घटनाक्रम को मॉकड्रिल के माध्यम से किया जायेगा। सीएमओ कार्यालय में मॉक ड्रिल के संबंध में तैयारी की जा रही है। पहले इस मॉक ड्रिल को जिला अस्पताल या मेडिकल कालेज में करने की योजना बनाई जा रही है।

### मई में 40 खाद्य पदार्थों के भरे नमूने

**कन्नौज।** मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिये खाद्य एवं औषधि विभाग लगातार छापेमारी कर रहा है। इसके बाद भी मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश नहीं लग रहा है। मई में 40 नमूने भरे गये। यही नहीं 45 मामलों में दायर वाद में 22 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया। सहायक आयुक्त( खाद्य)-दितीय उमेश प्रताप ने बताया कि विभागीय अधिकारी लगातार मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहे हैं। इस के तहत विभागीय अधिकारियों ने माह मई 2025 में मिलावटी खाद्य पदार्थों व पेय पदार्थों के नमूने भरे। कुल 40 नमूने संकलित किये। जांच के लिये इन नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। यही नहीं मई माह में जांच आई। इस के बाद विभाग की ओर से फेल नमूने आने पर न्यायालय में वाद दायर किये गये। दायर वाद की विभाग की ओर से की गई पैरवी के 45 मामलों में न्याय निर्णायक अधिकारी एडीएम कोर्ट एवं 2 वाद न्यायिक न्यायालय एसीजीएम कोर्ट से आये निर्णय में 22 लाख 15000 का अर्थदंड लगाया गया है। उक्त दण्ड में 2 लाख 95000 उन मामलों में दण्ड लगाया गया जिन्होंने खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण के बिना कारोबार करने पर वाद दायर किया गया था।

### सतर्कता | मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया

# तंबाकू नियंत्रण के लिए शहर में निकाली गई जनजागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तंबाकू नियंत्रण को लेकर जनजागरूकता अभियान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। इसी के तहत सीएमओ कार्यालय से रैली निकाली गई। सीएमओ ने हरी झंड़ी दिखा कर रैली को रवाना किया।

सोमवार को कार्यालय परिसर से तंबाकू नियंत्रण को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली में सीएमओ कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी व सामुदायिक स्वस्थ केंद्र कन्नौज के सभी अधिकारी, कर्मचारी, आशा, एएनएम समेत कई अन्य लोगों ने भाग लिया। हाथ में तंबाकू नियंत्रण का बैनर लेकर लोगों को जागरूक किया गया। रैली सीएचसी से निकल कर शहर के कई मोहल्लों में होते हुए निकली। सीएमओ ने तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया एवं कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अन्तर्गत सार्वजानिक स्थानों पर तम्बाकू सेवन करने वाले 10 लोगों पर जुर्माना लगाया गया। संयुक्त जिला चिकित्सालय में भी जागरूक किया गया।

इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा एवं जलालाबाद में हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इसमे एनटीसीपी के नोडल अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी, जनपद सलाहकार डॉ. रवि प्रताप सिंह, सोसल वर्कर पीयूषा दुबे, साइकोलाजिस्ट महेन्द्र प्रताप, डिप्टी सीएमओ डॉ. ब्रजेश शुक्ला, डॉ. महेन्द्र भान, डॉ. इरशाद, डॉ. अजहर, एमओ आईसी डॉ. सुधांशु दुबे, अपर शोध अधिकारी वाई के मंजुल ने प्रतिभाग किया।



तंबाकू नियंत्रण की जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता व अन्य अमृत विचार

### बिना बजट के तंबाकू निषेध का प्रयास

**कन्नौज।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में लोगों को जागरुक करने के लिये प्रति वर्ष शासन से करीब 7 लाख रुपये का बजट स्वास्थ्य विभाग को दिया जाता रहा है। इस वर्ष कोई बजट नहीं दिया गया है। विभाग की ओर से पुराने रखे पर्चे बांटे जा रहे हैं। कर्मचारियों को लगा कर रैली भी निकाली जा रही है। और तो और कर्मचारियों को रैली निकालने के बाद स्वल्पाहार तक देने का बजट नहीं है। इससे विभाग की ओर से प्रचार प्रसार तो किया जा रहा है पर वजट के आभाव में औपचारिकता की जा रही है।

## कॉलेज में आइडिया लैब के लिए मिले 55 लाख

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने दिया पैसा
- आधा और बजट कालेज जुटाकर शुरू कराएगा निर्माण

**अमृत विचार।** तकनीकी शिक्षा के साथ उद्यमिता नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने इंजीनियरिंग कॉलेज को आइडिया लैब बनाने के लिए आधा बजट दे दिया है।

देश में इंजीनियरिंग शिक्षा ग्रहण करने के लिए करीब छः हजार विद्यालय खुले है। उनमे से प्रदेश मे करीब 500 हैं। कालेज में अध्ययनरत छात्र प्रैक्टिकल शिक्षा भी ग्रहण करे इसके लिए केंद्र सरकार ने अटल बिहारी बजपेयी लैब के नाम से एक आइडिया लैब के निर्माण करने की योजना शुरू की। लैब निर्माण के लिए सरकार की ओर से 55 लाख दिए जाते हैं। इतनी ही रकम संस्थान को अपने पास से लगाकर लैब तैयार करनी पडती है। निदेशक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि आइडिया लैब बनने से छात्र किताबों के साथ साथ प्रैक्टिकल शिक्षा भी ग्रहण कर सकते है। यह लैब एक करोड़ दस लाख की तैयार होती है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने लैब निर्माण के लिए आधा बजट दे दिया है।

# पेंशन के विवाद में बेटे ने मां की लाठी से पीटकर की हत्या

## घटना के बाद आरोपित हुआ फरार, पुलिस मामले की कर रही है जांच

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



राजवती की हत्या की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र में पेंशन को लेकर हुए विवाद में बेटे ने मां की लाठी से पीटकर हत्या कर दी।

थाना क्षेत्र के ग्राम वर्नाखुर्द निवासी ब्रजराज सिंह पुलिस विभाग में सिपाही पद से रिटायर हुए थे। उनका निधन हो चुका है। ब्रजराज की पत्नी 55 वर्षीय राजवती अपने तीन बेटों व बहुओं के साथ रह रही थीं। बीती होली पर उनके कायमगंज के रुटौल निवासी दामाद की मौत हो गई थी जिसकी वजह से राजवती अपनी बेबा बेटी रानी के पास होली से ही रह रहीं थीं। उनके बेटों में राजवीर, विवेक व शैलेश हैं। दूसरे नम्बर का पुत्र विवेक अपनी बहन के घर जाकर भी मां से पेंशन और जमीन लेने के लिए गाली-गलौज करता था। बीते दो दिन पूर्व ही राजवती अपने घर आयी थीं। रविवार को विवेक ने पेंशन को लेकर अपनी मां से फिर झगड़ा किया। बात बढ़ने पर उसने अपनी मां राजवती पर लाठी से हमला कर दिया। उसने मां के सिर पर लाठी से कई वार किए जिससे वह मरणासन्न हो गईं। परिजन उन्हे लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे जहां देर शाम उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद आरोपित पुत्र फरार है।



राजवती।

## खानापूरी के लिए हो रही छापेमारी

**फर्रुखाबाद।** त्योहार आते ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम सक्रिय हो जाती है लेकिन कार्रवाई के नाम खानापूर्ति करने के लिए सिर्फ नमूने लिए जाते हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश हैं कि खाद्य तेल, वनस्पति से सम्बन्धित खाद्य कारोबारियों पर प्रभावी कार्यवाही की जाए, जिससे आम जनमानस को गुणवत्तापरक एवं सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके। सोमवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह एवं डा. शैलेन्द्र रावत द्वारा करवाई की गयी। कायमगंज रोड, जसमई दरवाजा स्थित प्रतिष्ठान से सरसों का तेल का एक नमूना लिया गया। मुरहास कन्हैया रोड, पचपुखरा, स्थित प्रतिष्ठान से सरसों का तेल का एक नमूना लिया गया। जबकि फर्रुखाबाद और फतेहगढ़ नगरों के बीच सैकड़ो की संख्या में खुलेआम पेय पदार्थ की बिक्री हो रही है।

## लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए 7 विद्यालयों का चयन

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जनपदीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिए महिला प्रशिक्षकों का ही चयन किया जाये। प्रशिक्षण के लिए जिस शिक्षिका को नोडल नियुक्त किया जाये वह खेलकूद आदि में रुचि तथा शारीरिक रूप से सक्षम होनी चाहिये।

प्रशिक्षण के लिए प्रधानाचार्य द्वारा प्रशिक्षकों का 5000 रुपये प्रति माह की दर से तीन माह के लिए अधिकतम 15000 रुपये मानदेय दिया जागेगा। समिति के सदस्य सचिव/जिला विद्यालय निरीक्षक ने उपस्थित समिति अध्यक्ष/सदस्य को राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा माध्यमिक द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत राजकीय माध्यिमक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यकम के सम्बन्ध में प्राप्त दिशा-निर्देशों को अवगत कराया गया है, जिसके अन्तर्गत जनपद के 07 राजकीय माध्यमिक विद्यालय महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, फतेहगढ़, पं० दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज, कनकापुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, राजेपुर, राजकीय उ.मा.वि., कुम्हरौर, राजकीय उ.मा.वि., हिसामपुर, राजकीय उ.मा.वि., बिहार, रामदर्शनी राजकीय इण्टर कालेज, भटासा को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# गंगा नहाने गये युवक की डूबने से गई जान

संवाददाता कायमगंज

- मोहल्ला कूंचा निवासी कृष्णा दोस्तों संग गंगा नहाने गया था
- गोताखोरों ने बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में रविवार को गंगा नहाने गए युवक की डूब कर मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा।

कायमगंज नगर के मोहल्ला कूंचा निवासी राम रतन का 16 वर्षीय पुत्र कृष्णा अपने मोहल्ले के दोस्तों के साथ गंगा नहाने के लिए क्षेत्र के गंगा घाट पर गया था। गंगा नहाते समय वह गहरे पानी में बहता हुआ चला गया। दोस्त को डूबता देख उसके दोस्त घबरा गए और अपने घर पर वापस आ गए। दोस्तों ने कृष्णा के डूबने की सूचना उसके परिजनों को नहीं दी। जब कृष्णा काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को उसकी चिंता हुई तभी परिजनों ने उसके दोस्तों से जानकारी की तब उन्होंने बताया कि वह नहाते समय गंगा में डूब गया। परिजन मौके पर पहुंचे और युवक की डूबने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने ग्रामीण और गोताखोरों की सहायता से युवक को गंगा से बाहर निकला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाये जहां डॉक्टर विपिन कुमार ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।



कृष्णा।

## राजमिस्त्री की करंट लगने से मौत, मचा कोहराम

**अमृतपुर।** अपने घर की दीवार बनाते समय ग्राम पट्टी जसुपुर निवासी राजमिस्त्री की करंट लगने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार राजमिस्त्री मोनू सिंह अपने घर की दीवार बना रहा था। पास से ही बिजली की केबिल निकली थी जो एक जगह पर कटी हुई थी। दीवार पर काम करते समय राजमिस्त्री के हाथ में कट वाले स्थान का नंगा तार छू गया जिससे राजमिस्त्री को तेज झटका लगने पर वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। परिजन उसे राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में चिकित्सक ने मोनू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बकरीद पर कुर्बानी के अवशेष को इधर- उधर न डालें : डीएम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



शांति कमेटी की बैठक लेते जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकरीद को मद्देनजर रखकर जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बकरीद के लिए सभी ईदगाहों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाये। कुर्बानी के अवशेष खुले में रोड व नाली में न फेंकें।

सभी सुअर बाड़ों के संचालकों को निर्देशित किया जाये कि उनके पशु खुले में न घूमें,प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दी जाये। सभी थाना प्रभारी इसका विशेष ख्याल रखें ईओ नगर पालिका व डीपीआरओ कुर्बानी के अवशेषों का सावधानी से निस्तारण करायें। सभी लोग आपसी सौहार्द से सभी त्यौहार मनायें व व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहयोग करें।

इस मौके पर बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे। सड़क पर नमाज का आयोजन न हो, ड्रोन से निगरानी की जाये, वीडियोग्राफी की जाये, किसी भी भ्रामक अफवाह पर ध्यान न दिया जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक व संबधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर रूट और ट्रैफिक डायवर्जन के निर्देश

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



गंगा दशहरा को लेकर समीक्षा बैठक करते जिला अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि गंगा दशहरा पर पांचाल घाट पर मेडिकल कैम्प व दोनों तरफ 02- 02 एम्बुलेन्स लगाई जाएं, इसके अलावा बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएं, पुलिस वाच टॉवर बनाये जाएं, पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाए, नाव नाविक व गोताखोरों की व्यवस्था की जाए, इसके अलावा पेंटून पुल को लोक निर्माण विभाग तत्काल ठीक कराये व इसका उपयोग केवल पैदल यात्रियों द्वारा ही किया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा दशहरा को देखते हुए 04 जून शाम से ही ट्रैफिक डायवर्ट किया जाए जिससे किसी को आने जाने में परेशानी न हो। गंगा पुल के ऊपर लगी हाईमास्ट लाइट तत्काल ठीक कराई जाये, पार्किंग स्थलों पर साइनेज लगाये जाएं, श्रंगीरामपुर व ढाई घाट पर भी 02-02 एम्बुलेंस लगाई जाये। सभी घाटों पर पार्किंग की तथा साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला पंचायत अपने सभी घाटों पर व्यवस्था सही करे साथ ही घाटों पर गोताखोरों की तैनाती करके सूची सार्वजनिक करें। ईओ नगर पालिका व डीपीआरओ को निर्देशित किया कि पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करे। पांचाल घाट पर मोबाइल टॉयलेट, पीने के पानी व साफ सफाई की वस्था सुनिश्चित करे। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन न करे।

## बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

**कालपी।** रविवार शाम भतीजे की शादी में शामिल होने जा रहे अधेड़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ की मौत हो गयी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वरही निवासी गौरीशंकर पुत्र हल्के उम्र 55 वर्ष रविवार देरशाम अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिये घर से निकला था। उसे हमीरपुर के जलालपुर गांव जाना था इसके लिए वह जोल्हूपुर कदौरा स्टेट हाईवे पर वाहन का इंतजार कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक वाहन मे देर देख वह सड़क पार लगे हैन्डपम्प पर पानी पीने के लिए जा रहा था। तभी सड़क पार करते समय कदौरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सडक पर ही गिर गया था। इस दौरान वहां पर मौजूद लोग उसे उठाकर अस्पताल ले जाते कि उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# किसानों ने ज्ञापन सौंप कर मांगी 20 घंटे बिजली

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील किसान सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। किसानों ने बैठक के बाद उपजिलाधिकारी को सम्बोधित सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को सौंपा। साथ ही कहा कि हमारी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान कराया जाये।

गल्ला मंडी परिसर में आयोजित पंचायत को सम्बोधित करते हुये संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ ने कहा कि बार - बार मांग उठाने के बाद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इसी क्रम में भाकियू पदाधिकारियों ने तहसील परिसर पहुंच कर तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुये अवगत कराया है कि राजकीय नलकूप की टूटी नालियों तथा पाइपलाइन को ठीक कराया जाए। मूंग तथा उरद की सरकारी खरीद के लिये सरकारी क्रय केंद्रों की स्थापना की जाये। 20 घंटे बिजली की आपूर्ति कराई जाए।

राजकीय नलकूपों का संचालन ठीक से कराया जाए। रियल टाइम खतौनी की त्रुटियां को ठीक कराया जाये। गल्ला मंडी गेट पर किसानों के गल्ले की प्रवेश पर्ची 6 आर पर्ची तथा गेट पास की उचित व्यवस्था रखी जाए ताकि किसान ड्रा में शामिल हो सकें। इस मौके पर सुरेश चौहान सत्येंद्र सिंह, श्याम बाबू पाल, इंद पाल सिंह, अजान सिंह, ओम सिंह पूर्व प्रधान निभाना छत्र पाल सिंह, उदय सिंह, राजा सिंह आदि किसान प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## सार-संक्षेप



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने 14 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

**कायमगंज।** कायमगंज में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन भेजा जिसमें टर्नओवर की सीमा बढ़ाने एवं खाद्य पदार्थों के मानक वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से तय किए जाएं समेत कई मांगे रखी गई हैं। सोमवार को व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय ज्ञापन नायक तहसीलदार को दिया है जिसमें कहा है कि खेती में कीटनाशक व रासायनिक खाद डालने का मानक तय नहीं है। अंधाधुंध कीटनाशक व रासायनिक खादों का प्रयोग खेती में किया जा रहा है। सिंचाई के लिए प्रयोग किए जाने वाला जल पूरी तरीके से दूषित हो चुका है जिससे हमारे यहीं के खेती से प्राप्त होने वाले खाद्यान्न में रसायन व कीटनाशक भारी मात्रा में पाए जा रहे हैं, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारियों को बढ़ावा मिल रहा है। परंतु खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के मानकों में बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान परिस्थिति के अनुसार खाद्य पदार्थों के मानक तय किए जाएं तथा कृषि विभाग को खेती में प्रयोग किया होने वाले कीटनाशक व रासायनिक खाद के मानक तय करने के लिए लिखा जाए तब तक नए सिरे से मानक तय नहीं किये जाते हैं व्यापारियों के सैंपल ना भरे जाएं। सभी प्रकार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिए 12 लाख तक टर्न ओवर की सीमा तय की गई है परंतु 12 लाख रुपये की सीमा महंगाई के हिसाब से बहुत कम है। 12 लाख टर्नओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्नओवर तक का काम करने वाले व्यापारियों की रजिस्ट्रेशन की सीमा में रखा जाए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्रावधान खत्म किया जाए। जुर्माना अधिकतम रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस फीस का दुगना किया जाए। समेत मांगे रखीं।

### व्यापार मंडल के दबाव में चौक पर नहीं लगेगा ट्रांसफार्मर

**फर्रुखाबाद।** नगर उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) के आंदोलन की चेतावनी के बाद प्रशासन को झुकना पड़ा। चौक चौराहे पर प्रस्तावित ट्रांसफार्मर स्थापना को लेकर उठे विवाद के बीच नगर पालिका प्रशासन ने अंतत: पीछे हटते हुए ट्रांसफार्मर फाउंडेशन को तुड़वा दिया।व्यापार मंडल ने इस कार्रवाई को "ऑपरेशन ट्रांसफार्मर" का नाम दिया और इसे व्यापारियों की एकता की जीत करार दिया। इससे पहले 3 जून को चौक पर धरना देने का ऐलान किया गया था, जिसे नगर उद्योग व्यापार मंडल, नगर युवा मंडल, जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल, तथा नगर महिला उद्योग व्यापार मंडल सहित कई संगठनों का समर्थन प्राप्त था।2 जून को नगर पालिका ईओ और अधिशासी अभियंता (चौक फीडर) द्वारा एक रेस्टोरेंट में व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों – हाजी मोहम्मद इखलाक खान (नगर अध्यक्ष), राकेश सक्सेना (नगर महामंत्री), अंकुर श्रीवास्तव (नगर युवा अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष), आनंद प्रकाश मुन्ना गुप्ता (नगर संरक्षक), सोनी शुक्ला (जिला महिला अध्यक्ष), नेहा मिश्रा (नगर महिला महामंत्री), रोहन कश्यप राजा (नगर युवा महामंत्री) – को आमंत्रित कर बैठक की गई।बैठक में व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि "पहले चौक से अतिक्रमण हटाया जाए, उसके बाद ही अन्य योजनाओं पर बात होगी।" इसके बाद प्रशासन ने प्रस्तावित ट्रांसफार्मर स्थल पर बने फाउंडेशन को तुड़वाने की कार्रवाई शुरू कर दी।नगर महामंत्री राकेश सक्सेना ने इस फैसले को स्व. राजेश रस्तोगी के परिवार की जीत बताते हुए कहा कि यह व्यापारी हितों की रक्षा और संगठन की दृढ़ता का प्रतीक है।

### आमने-सामने बाइकों की टक्कर में चार घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आरपी डिग्री कॉलेज के सामने सोमवार सुबह हुए सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर में घायलों की चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार गौतम पुत्र रामजीत तथा उनकी मां जगरानी देवी, निवासी पसई नगला, गुरसहायगंज की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक जिस पर रामअवतार निवासी भरखा, पंचालघाट जयप्रकाश सवार थे, उनसे जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और चारों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जयप्रकाश को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। डॉक्टरों के मुताबिक बाकी घायलों का प्राथमिक उपचार चल रहा है जो खतरे से बाहर हैं।

### आईपीएल का फाइनल आज, सट्टेबाजों पर कड़ी नजर

**फर्रुखाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 3 जून को खेला जाएगा, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) और पंजाब किंग्स आमने-सामने होंगी। क्रिकेट प्रेमियों में इस महामुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि फाइनल मैच के दौरान सट्टेबाजों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। खासकर उन स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, जहां पूर्व में सट्टेबाजी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, साइबर सेल, स्थानीय थाना पुलिस और खुफिया इकाइयों को अलर्ट कर दिया गया है।

### वन विभाग की टीम ने आलमपुर वन ब्लाक का किया निरीक्षण

**कालपी।** सोमवार को उप मुख्य वन संरक्षक ने रेंज स्थित आलमपुर वन ब्लाक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मृदा नमी संरक्षण के लिए कराए गए कार्यो को देखा और दिशा निर्देश भी दिए।विदित हो कि वन विभाग द्वारा जंगल में मृदा नमी संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष बन्धा बन्धी एवं तालाब पोखरों का निर्माण कराता है और इसी विभागीय योजना के तहत वन रेंज के आलमपुर वन ब्लाक में 11 बन्धा और बन्धियों का निर्माण कराया गया है। साथ ही इसी ब्लाक में विभाग द्वारा तालाब भी बनवाया गया है और इन्ही कार्यो की हकीकत परखने के लिए सोमवार को उप मुख्य वन संरक्षक एचवी गिरीश ने आलमपुर वन ब्लाक में कराए गए उक्त कार्यो को देखा। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद डीएफ ओ प्रदीप कुमार तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून कभी भी आ सकता है और वर्षा शुरू होते ही उक्त बन्धा बन्धियों के अलावा तालाब के आसपास बुआई भी करानी है, जिससे हरियाली तो बढ़ेगी ही साथ उक्त कार्यो को कटान से भी बचाया जा सकेगा।

**विशेष शिविर** पालिकाध्यक्ष ने उद्घाटन कर युवक-युवतियों को योजना में 5 लाख के ऋण की दी जानकारी

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में 135 ने कराया रजिस्ट्रेशन

संवाददाता, कालपी जालौन



कार्यक्रम में युवा उद्यमी एवं व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमवार को उद्योग विभाग तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद कालपी के सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का विशेष शिविर का उदघाटन पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव द्वारा किया गया। इसमें 135 युवक युवतियों एवं युवा उद्यमियों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किया गया।

सोमवार को नगर पालिका के सभागार में आयोजित शिविर में उद्योग विभाग उरई के सहायक आयुक्त कामेश्वर, असिस्टेंट प्रबंधक शरद कुमार, भूपेंद्र कुमार, शशिकांत आदि अपनी टीम के साथ पहुंचे। शिविर में 135 युवक, युवतियों एवं युवा उद्यमियों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किया गया। युवा उद्यमी की उम्र 21 वर्ष से 40 वर्ष तक होना अनिवार्य है। सहायक आयुक्त कामेश्वर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रस्थान विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पात्र युवा उद्यमी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये ऋण सरलता से उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही दस प्रतिशत सब्सिडी भी उद्यमी को प्रदान की जाएगी। उन्होंने पात्र युवक युवतियों से अपील की है कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ पाने के लिए शिविर में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करायें। रविंद्र कुमार पुरवार, उधोग व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र नाथ गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी,राजू प्यारा, दिनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुनील पटवा,विजय गांधी, सलीम अंसारी आदि लोगों ने सहभागिता की।

# अल्लाह अल्लाह, सबके दिल में मौला तू...

संवाददाता उरई जालौन



कव्वाली पेश करते कव्वाल। अमृत विचार

- बेरी वाले बाबा के उर्स में कव्वालों ने बांधा समां
- कव्वालों ने ऐसे-ऐसे शेर पढ़े कि लोग वाह-वाह कर उठे

**अमृत विचार।** सूफियाना लहजे के कव्वाल उमर दराज चिश्ती सहारनपुर ने हजरत बेरी वाले बाबा के 85 वें उर्स की पहली बज्म कव्वाली में खुलकर दिल की बात शेरों के माध्यम से कही। उनके शुरुआत करते ही वहां पर बैठे लोग वाह-वाह कर उठे।

श्रोताओं की नब्ज पकड़कर उक्त कव्वाल ने फनकारी के लगभग सभी रंग पेश किए। 'अल्लाह-अल्लाह, अल्लाह हू, सबके दिल में मौला तू, मैं तो खिलौना मिट्टी का मेरे अंदर बोले तू' से रुहानियत का समां बांध दिया और उनके कव्वाली की शुरुआत करते ही वहां पर मौजूद लोग झूमने को मजबूर हो गये। उन्होंने सूफी शायरो के ऐसे-ऐसे शेर पढ़े कि लोग वाह-वाह कर उठे। उन्होंने कहा 'ये मुझसे क्या पूछते हो कहां-कहां है रसूल, जहां-जहां है खुदाई वहां-वहां है रसूल' और 'वहां जिस्म नहीं और यहां साया नहीं है, दुनियां में कोई ऐसा नबी आया नहीं है'। वहीं दूसरी कव्वाला छोटी तमन्ना कोल्हापुर ने 'सारे बादल हैं उसके वो चाहे मेरे तपते सहरा को समंदर कर दे, नमाजी कि शराबी कोई शर्त नहीं वो चाहे जिसे मुकद्दर का सिकंदर कर दे' से माहौल बनाना चाहा मगर दिल में सूफियाना रस लगा चुके श्रोता शांत बैठे रहे।

# बच्चे के अपहरण में दोषी दंपति को सजा

## सात साल की कैद के साथ पांच-पांच हजार का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता इटावा



- दो साल पहले पीजीआई से 15 दिन के बच्चे के अपहरण का मामला

**अमृत विचार ।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे ने दो साल पुराने सैंफई पीजीआई से एक पंद्रह दिन के बालक के अपहरण करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए पति पत्नी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें सात – सात साल के कारावास की सुजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर पांच – पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

बताया गया है कि औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव राम पुर वैस निवासी राम प्रताप पुत्र छोटे लाल अपनी पत्नी विभा कुमारी का 21 अक्टूबर 2023 को इलाज कराने के लिए पीजीआई आए थे। उनके साथ उनका पंद्रह दिन का बेटा भी था। विभा कुमारी की देखरेख के लिए उसके साथ उसकी ननद मायादेवी भी आई थी। विभा कुमारी चौथी मंजिल पर महिला वार्ड में भर्ती थी। इसी बीच एक महिला ने मायादेवी से दोस्ती गांठ ली। 26 अक्टूबर 2023 को माया देवी बच्चे की लेकर नीचे पार्क में गई। वही उसने बच्चे को लिटा दिया और उसके कपडे धोने लगी तभी मौका पाकर उसके बच्चे को कोई उठा ले गया। बच्चे के गायब होने से हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और राम प्रताप की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के बाद मामले में विमला देवी व दयाशंकर निवासी कुदरकोट के नाम प्रकाश में आए । बाद में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बच्चे को बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच क बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संध्या कुशवाहा ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने वमला देवी व दया शंकर को दोषी पाया और उन्हें सात – सात साल की सजा व पांच पांच हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

### आर्म्स एक्ट में जेल में बिताई अवधि की सजा

**इटावा।** अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आर्म्स एक्ट के दस साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। बलरई थाना पुलिस ने वर्ष 2015 में गौरव निवासी जसवंत नगर को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा था छानबीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेशकर दिए थे। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व एक हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया।

## सड़क दुर्घटना में भाई, बहन और भांजा घायल

**जसवंतनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब फिरोजाबाद जिले के थाना नगला खंगर क्षेत्र के गाँव नगला गुलाल से सोनू (35 वर्ष) अपनी बहन पिंकी (40 वर्ष) और भांजे अंश (8 वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से बसरेहर जा रहे थे। जैसे ही तीनों लोग नगर क्षेत्र में स्थित गांव नगला नवल के पास पहुंचे, अचानक सड़क पर उखड़ी पड़ी गिट्टी पर बाइक फिसल गई और सड़क किनारे पेड़ की सुरक्षा के लिए बनाए गए सीमेंट के घेरे से जा टकराई। टक्कर लगने से तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। एम्बुलेंस ने तत्काल घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से तीनों की हालत गंभीर देख उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

# सिद्धेश्वर मंदिर का हुआ लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता इटावा



सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण करते शिवपाल सिंह यादव।

- पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में बना है श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर
- पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने पूजन कर किया लोकार्पण

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नवनिर्मित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण किया।

मानिकपुर मोड़ से ग्वालियर बाइपास मार्ग पर स्थित पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल परिसर में नवनिर्मित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिवपाल सिंह यादव ने पूजन उपरांत श्री मंदिर का विधिवत लोकार्पण कर इसे आम जनमानस की आस्था और आराधना के लिए समर्पित किया।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म शिक्षा और संस्कृति के समन्वय से ही समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने अपने परिवारीजनों मित्रों और विद्यालय स्टाफ के साथ मौजूद रहे। सभी ने पूजन-अर्चन में भाग लिया । कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में मंदिर निर्माण के पीछे की प्रेरणा साझा की और इसे विद्यार्थियों के नैतिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त वातावरण भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा। यहां पर आयोजित किये गये भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** कस्बा के आदर्श नगर दक्षिणी मोहल्ले में युवक ने घर के अंदर बरामदे में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धर्मेंद्र पाल 38 वर्ष पुत्र दिनेश पाल निवासी आदर्श नगर की पत्नी आरती दो दिन पहले अपनी चार बेटियों लाड़ो 13 वर्ष, नैन्सी 11 वर्ष, खुशी 9 वर्ष और लक्ष्मी 7 वर्ष के साथ मायके हालेपुर, औरैया चली गई थी। धर्मेंद्र घर पर अकेला था। जब मृतक के साढू का पुत्र शिवम पाल खाना देने पहुंचा, तो दरवाजा नहीं खुला। काफी देर तक आवाज लगाने पर भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने शोर मचाया। मोहल्ले के लोग मौके पर आ गए और छत के रास्ते घर के अंदर घुसकर दरवाजा खोला तो धर्मेंद्र का शव पंखे से लटकता मिला। परिजनों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक अपराध प्रेमचंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र अपने पिता दिनेश से अलग अपने परिवार के साथ रहता था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गांव का दूषित पानी नदी में नहीं जाना चाहिए : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा



बैठक में मातहतों को निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

- नदी किनारे बसे गांव, बाजार व मंदिरों में आयोजित किये जायें जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, पौधरोपण समिति, पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूति की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि नदी के किनारे बसे गांव, बाजार, मंदिर आदि के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाएं, जो लोग नदी को दूषित करते हैं वहां लोगों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा जो भी साहित्य आता है उसे जागरूकता के लिए विद्यालय में चलाया जाए। उन्होंने नदी तट विकास के अंतर्गत पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए घाट के बारे में पूछा एवं जनपद में नदियों के किनारे विकास के लिए किए गए कार्यों के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सांप को पकड़ने वाले विशेषज्ञ का मोबाइल नंबर सर्कुलेट कराया जाए जिससे लोगों के घरों में सांप निकलने पर वह आसानी से संपर्क कर सकें। उन्होंने कहा कि खेतों में फर्टिलाइजर उपयोग करने से पक्षियों के भोजन पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव का दूषित जल नदी में नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका और ग्राम पंचायत द्वारा लोगों को रोका जाए कि किसी भी प्रकार का सॉलिड वेस्ट, लिक्विड वेस्ट नदी में ना जाने दिया जाए। उन्होंने कहा कि ईंट-भट्टा पर हाइ फिक्स चिमनी होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी से पूछा कि प्रतिदिन कितना टीडीपी वेस्ट उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि नगर तथा ग्रामीण में एमआरएफ केंद्र बनाए जाएं और चालू कराए जाएं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक, थर्मोकोल पर रोक लगाई जाए और बिक्री करने वालों पर फाइन लगाया जाए।

प्राइवेट नर्सिंग होम के बायोमेडिकल वेस्ट को लेकर ध्यान दिया जाए एवं बायोमेडिकल वेस्ट को सामान्य वेस्ट में न फेंका जाए। उन्होंने कहा कि नगर के 11 पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए कार्य किया जाए। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, खनन अधिकारी प्रदीप राज, अधिशासी अभियन्ता नगर पालिका परिषद विनय मणि त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी : श्रीकृष्णानंद

अमृत विचार। महेवा ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत इंद्रावखी ग्राम में जय दुर्गे मां युवा सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिन की कथा में कथावाचक श्रीकृष्णानंद महाराज ने सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । मित्र की महिमा बताते हुए महंतजी ने कहा कि मित्रता श्रीकृण और सुदामा जैसी होनी चाहिये। इस अवसर पर परीक्षित अरविंद तिवारी सपत्नी एवं साथियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

### संजेश ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**इटावा।** ग्राम दौलतपुर सरसई नावर में रोहित यादव मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किसान नेता संजेश कुमार ने चौधरी राजेंद्र सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष व सुरेश चंद की उपस्थिति में फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का आयोजन शिवप्रताप उर्फ डिंकल, सौरव उर्फ लालू यादव, आलोक यादव, सुबोध यादव, आशू यादव, अभिषेक यादव, सोनू शर्मा द्वारा किया गया व मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट किया। आयोजक मंडल द्वारा बताया गया कि इस टूर्नामेंट में 16 टीम भाग लेंगी। संरक्षक मंडल हाकिम सिंह. कीरत सिंह दीप सिंह फ़ौजी . जंगी सिंह दारा सिंह .गोविंद सिंह मौजूद रहे।

### यूपी पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**बसरेहर ।** इंडिविजुअल क्लासेस कोचिंग सेंटर द्वारा यूपी पुलिस में चयनित 21 अभ्यर्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष समाजवादी पार्टी नितिन यादव रहे। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के संचालक रवि , रामकुमार और सौरभ ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया । सपा की ओर से भी चयनित अभ्यर्थियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नितिन यादव ने अपने संबोधन में अभ्यर्थियों को कड़ी मेहनत और लगन का महत्व बताते हुए कहा यह उपलब्धि आपकी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। कार्यक्रम में गौरव यादव, रनदीप यादव, प्रधान राहुल, रोहित, गोविंद समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह समारोह न केवल चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना बल्कि क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

### किशोरी ने फांसी लगाई ,मौत

**इटावा।** थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत वैदपुरा में एक किशोरी ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जानकारी के अनुसार रिचा 17 वर्ष पुत्री हर गोविंद निवासी वैदपुरा ने घर पर किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली। घटना के समय मृतका घर पर अकेली थी, उसके पिता कोल्ड स्टोर गए थे और भाई भी घर पर नहीं थे और उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है। घटना की सूचना पाकर थाना वैदपुरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### युवक ने सल्फास खाकर दी जान

**महेवा।** बकेवर क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी एक युवक ने पत्नी की बेवफाई के चलते सल्फास खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उक्त ग्राम निवासी पिंटू 38 जो कि मजदूरी करता था। युवक की पहली पत्नी की करीब दो साल पहले मौत हो गई थी, जिसके बाद उसने गत वर्ष प्रेम विवाह कर लिया था। लेकिन कुछ माह पूर्व दूसरी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई। इसीके चलते सुबह उसने सलफास खा ली। घर में मौजूद मां को जब पता लगा तो चीखने चिल्लाने पर पड़ोसी आए व उसे महेवा अस्पताल ले गए जहां से उसे सैफई रिफर किया गया लेकिन वहां उसने दम तोड़ दिया।

### फौजी की ट्रेन में बिगड़ी हालत, इलाज के दौरान मौत

**इटावा।** थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से बीमारी की हालत में फौजी को पुलिस ने उतारा और उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फौजी जितेंद्र 35 वर्ष पुत्र सत्यनारायण निवासी रामा मंदिर के पास बौद्ध रूदर उड़ीसा तेजस एक्सप्रेस से नई दिल्ली जा रहा था, ट्रेन में पेट मे दर्द होने से उसकी हालत खराब होने पर पुलिस ने उसे इटावा में ट्रेन से उतार कर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान फौजी की मौत हो गई।

# बूथ स्तर पर मजबूत होगी कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता इटावा



बैठक के बाद मौजूद कांग्रेस प्रभारी व कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

- संगठन सृजन पर चर्चा के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी हुए सम्मानित
- प्रभारी ऊषा रानी कोरी व विकास अवस्थी रहे मौजूद

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर कांग्रेस की मासिक बैठक, संगठन सृजन पर चर्चा के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को सम्मानित किया गया। बाद में सभी वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अपने अपने अनुभव साझा करते कांग्रेस की रीतियों और नीतियों के बारे में बताया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रभारीगण ऊषा रानी कोरी व विकास अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस को जिला स्तर से लेकर वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए और जनहित की समस्याओं पर पार्टी विशेष ध्यान दे तथा आंदोलन की रूपरेखा बनाकर गरीबों को उनका हक दिलाएं साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का पूर्ण सम्मान किया जाए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही गरीबों, मजलूमों की आवाज को बुलंद किया है और हमेशा करती रहेगी। जिला स्तर पर पार्टी को और मजबूती प्रदान की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. राशिद खान ने दोनों प्रभारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। साथ ही पार्टी की नीतियों को वार्ड और बूथ स्तर तक पहुंचाया जायेगा। शहर कांग्रेस कमेटी जनहित की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर गरीबों, मजलूमों की आवाज को शासन तक पहुंचाने का काम करेगी।

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सत्यप्रथ त्रिपाठी, श्रीकृष्ण बाथम, शमसुद्दीन खां, सुरेंद्र सिंह चौहान, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, आजाद खां, नसीम खां आदि का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शौजब रिज़वी, आसिफ जादरान, अमित अग्निहोत्री, सरवर अली सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ और युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## वाशिंग मशीन न मिलने पर नव विवाहिता को पीटा

**ताखा।** थाना ऊसराहार में एक विवाहिता ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज के रूप में वाशिंग मशीन न मिलने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरूकर दी है। वहींपुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल करने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

भरतपुर खंर्द निवासी पीड़िता शबनम बेगम पत्नी आसित खाँ, ने बताया कि उसकी शादी को छह माह हो चुके हैं। विवाह के समय उसके पिता ने सभी जरूरी सामान दिया था, फिर भी ससुराल पक्ष दहेज में टीवी व वॉशिंग मशीन की मांग कर रहा है। जब पीड़िता ने यह सामान देने में असमर्थता जताई तो उसका पति आए दिन मारपीट करने लगा। 29 मई को जब पति घर पर था, तब ससुर सास जेठानी ने उसके साथ मारपीट की। जब उसने मायके फोन करना चाहा तो मोबाइल फोन तोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराम मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# कारगिल विजेता श्याम वीर को किया सम्मानित



कारगिल विजेता श्यामवीर सिंह को सम्मानित करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता इटावा

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पहनाई पगड़ी और माला

**अमृत विचार।** पूरे देश में शौर्य यात्राएं तिरंगा यात्राएं निकालकर वीर सैनिकों का उत्साह वर्धन करते हुए उनका सम्मान किया जा रहा है इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कारगिल विजेता हवलदार श्यामवीर सिंह का पगड़ी व माला पहनाकर सम्मान किया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया है। आज पूरा देश सैनिकों की वीर गाथा गा रहा है और उनका जगह-जगह उत्साह वर्धन के लिए तिरंगा यात्रा निकालकर सम्मान कर रहा है। शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि हवलदार श्यामवीर सिंह ने कारगिल वॉर में 1999 में टाइगर हिल पर डटकर मुकाबला किया था। आज उनका सम्मान करके उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल वीर सैनिकों का सम्मान कर रहा है। इस अवसर पर हरि गोपाल शुक्ला, अजय गुप्ता, सुनीता कुशवाहा, रमेश यादव, अवधेश दुबे, रमेश जैन, सीटू यादव, मुकेश दुबे, आशीष दत्त तिवारी, गोविंद, कृष्णा आदि रहे।

**आक्रोश** मुख्यमंत्री को संबोधित 14 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को दिया

# फूड एक्ट में विसंगतियों के खिलाफ भरी हुंकार

कार्यालय संवाददाता इटावा



जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- सैंपलिंग की आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करने की लगाई गुहार

**अमृत विचार।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत व्यापारियों पर की जा रही कार्रवाई समेत 14 सूत्री मांगों को लेकर आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह की मौजूदगी में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सौंपे गए इस ज्ञापन में व्यापारियों की मांग थी कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही से व्यापारियों को आ रही परेशानियों को समय से दूर किया जाए। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्टेशन के लिए 12 लाख तक के टर्न ओवर की सीमा तय की गई है, परन्तु 12 लाख रुपये की सीमा मंहगाई के हिसाब से बहुत कम है। अतः आपसे अनुरोध है कि 12 लाख टर्न ओवर के स्थान पर 40 लाख वार्षिक टर्न ओवर किया जाये। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में फूड एक्ट का लाइसेंस न पाए जाने पर सजा का प्रावधान खत्म किया जाये।

ज्ञापन में कहा गया कि खाद्य पदार्थों की पैकिंग की आईटम में रिटेल का व्यापारी कोई मिलावट या कमी नहीं कर सकता है एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में दिये गये पैकिंग एण्ड लेवलिंग एक्ट के कानूनों को पूरा करने में रिटेल व थोक के व्यापारी का कोई योगदान नहीं है। पैकिंग कम्पनियों द्वारा तैयार कर भेजी जाती है, न्याय निर्धारण अधिकारी द्वारा कम्पनियों के साथ-साथ रिटेल व थोक के व्यापारियों को भी दण्डित किया जा रहा है। कमी पाई जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाले फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाए । जब तक नए सिरे से मानक तय नहीं किये जाते हैं। व्यापारियों के नमूने न भरे जाएं।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री गुड्डी बाजपेई, युवा प्रदेश अध्यक्ष अक्षय प्रताप सिंह चौहान, कामिल कुरैशी, अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, सरदार मनजीत सिंह, हाजी गुड्डू मंसूरी, इरशाद मेव, अर्चना कुशवाहा, रियाज, युवा शहर अध्यक्ष बल्लू मंसूरी, सुशीला राजावत,ममता दुबे, सोनी यादव,देव गुप्ता,सौरभ द्विवेदी,कफील खान, सिकंदर वारसी, भारतेन्द्र भारद्वाज राहत हुसैन रिजवी सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

# किसान करने लगे धान की नर्सरी की तैयारी

कार्यालय संवाददाता इटावा



खेती किसानी के कामकाज में जुटे किसान। अमृत विचार

- मौसम बदला तो लोगों को मिली गर्मी से राहत
- मौसम जानकारों के अनुसार पांच जून तक मौसम ऐसा ही रहेगा

**अमृत विचार।** पिछले दो दिनों से हल्की बूंदाबांदी के कारण मौसम बदलने से एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली है तो दूसरी ओर किसान भी खाली खेत में नई फसल बोने की तैयारी करने लगे हैं और खेतों की जुताई शुरू हो गई है। किसान खेतों में धान की नर्सरी डालने की तैयारी करने लगे हैं।

पिछले सप्ताह की शुरुआत में भीषण गर्मी से लोग परेशान थे उमस भरी गर्मी बेचैन कर रही थी और तापमान भी 40 डिग्री के पार पहुंच गया था। शनिवार की शाम से अचानक मौसम बदला आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवा चलने लगी। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। उसके बाद से रविवार और सोमवार को भी ज्यादा गर्मी नहीं रही और बीच-बीच में बादल छाए रहे साथ ही हल्की बूंदा बांदी हुई । सोमवार को धूप तो निकली लेकिन बीच-बीच में बादल भी बन रहे और तापमान भी ज्यादा नहीं बढ़ा। ऐसे में लोगों ने गर्मी में काफी राहत महसूस की है।

मौसम के इस बदलाव से किसान भी काफी खुश हैं और वे गेहूं की कटाई के बाद खाली हुए खेतों में नई फसल बोने की तैयारी में जुट गए हैं। बसरेहर क्षेत्र के कई गांव में किसानों को फसल के लिए खेतों को तैयार करते हुए देखा गया। यह मौसम नई फसल बोने की अनुकूल है और इसके लिए किसान खेतों की तैयारी में लग गए हैं। जुताई का काम शुरू हो गया है कहीं ट्रैक्टर से तो कहीं हल से यह काम किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह मौसम खेती के अनुकूल है। जानकारों का मानना है कि अभी 5 जून तक मौसम ऐसा ही रहेगा और गर्मी ज्यादा नहीं बढ़ेगी।

# आटा प्लांट में आग से 50 लाख का नुकसान

## दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू, आग की लपटें देख राहगीरों ने मालिक को दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के दिबियापुर रोड स्थित आटा प्लांट में रविवार देर रात शार्ट-सर्किट से आग लगी गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हो गया था। पीड़ित ने कोतवाली में मामले का शिकायती पत्र दिया है।

शहर के होमगंज निवासी विनय पोरवाल पुत्र स्व. बृजबिहारी पोरवाल का दिबियापुर रोड पर आटा प्लांट बना हुआ है। रोज की भांति रविवार शाम वह प्लांट बंद कर अपने घर चले गये। तभी, रात करीब 10 बजे शार्ट सर्किट से प्लांट में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें उठते देख राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। जब प्लांट मालिक विनय पोरवाल व उनके भाई मौके पर पहुंचे, तो वह दहाड़े मारकर रोने लगे और उनके भाई मोहन पोरवाल बेहोश होकर गिर पड़े।

सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाने में असफल रहे। सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझाई गई तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित विनय पोरवाल ने बताया कि आग लगने से करीब 50 लाख रुपये का सामान जल गया है। पीड़ित ने कोतवाली में मामले का शिकायत की है। कोतवाली निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि मामले की तहरीर मिल गई है। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



प्लांट में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकलकर्मी। अमृत विचार



झोपड़ी में आग लगने के बाद जला सामान। अमृत विचार

## झोपड़ी में लगी आग, लाखों का नुकसान

अछल्दा (औरैया)। थाना क्षेत्र गांव ग्वारी में सड़क के किनारे रखी झोपड़ी में रखा लहसुन आलू, गेहूं, लाही पास में लगे भूसा के कूप में एक युवक ने आग लगा दी। आग की सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू। थाना क्षेत्र गांव ग्वारी निवासी गोपी राम पुत्र बालकृष्ण दोपहर 3 :30 बजे झोपड़ी के पास बैठे थे। तभी गांव बकुआ निवासी विकास यादव अपने अज्ञात साथी के साथ झोपड़ी के पास बैठकर शराब पी रहा था। तभी, पीड़ित के पुत्र कन्हैया को गाली गलौज करने लगा पुत्र ने विरोध किया तो उक्त ने पुत्र के साथ मार पीट कर दी और हाथ में लिए माचिस से मेरी झोपड़ी में आग लगाकर मौके से भाग गया। आग की लपटें देख मेरे पुत्र कन्हैया ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस व फायर ब्रिगेड पहुंची और एक घंटे बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से झोपड़ी रखा 2 ट्राली लहसुन, 5 बोरी लाही, 5 बोरी गेहूं, 20 क्विंटल भूसा, 2 बोरी आलू जल गया।

## वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

रुरुगंज, औरैया। इटावा-कन्नौज हाईवे पर गांव बैवाह के समीप सोमवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने पैदल घर जा रहे अधेड़ को टक्कर मार दी, गम्भीर रूप से घायल को उपचार के लिए भेजा।

कुदरकोट क्षेत्र के गांव बैवाह निवासी 50 वर्षीय राम अवतार पुत्र पंछी लाल निमंत्रण में गए थे। सोमवार सुबह घर बैवाह पैदल आ रहा थे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल होकर गिर गया। तभी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने कुदरकोट पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक शिवनरायन ने गम्भीर रूप से घायल को एम्बुलेंस की मदद से एरवाकटरा सीएचसी भेज दिया। वहां नीरज शर्मा ने बताया कि राहगीरों ने अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क किनारे पड़े एक अधेड़ की सूचना दी थी। मौके पर पुलिस भेज कर घायल को एम्बुलेंस की मदद से एरवाकटरा सीएचसी में उपचार के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि घायल का उपचार चल रहा है, परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## सार-संक्षेप



वृंद्धावन के लिए रवाना होता जत्था। अमृत विचार

### आधा दर्जन श्रद्धालुओं का जत्था वृंदावन रवाना

बिधूना, औरैया। भाजपा नेता भानू ठाकुर के नेतृत्व में सोमवार को आधा दर्जन श्रद्धालुओं का एक जत्था सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को लेकर वृन्दावन धाम के लिए कस्बे के दुर्गा मंदिर से रवाना हुआ। इस अवसर पर नगर के लोगों ने सभी पैदल यात्रियों के जत्थे का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। नगर के लोगों ने सभी पैदल यात्रियों की सकुशल यात्रा के लिए मां दुर्गा से कामना की। भाजपा नेता भानू ठाकुर ने कहा कि देश प्रदेश में अमन-चैन एवं खुशहाली की कामना के साथ सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को लेकर वह लोग इस धार्मिक यात्रा पर निकले हैं। पैदल यात्रा में भानू ठाकुर के साथ विक्की चौहान, अक्षय तिवारी, जय ओम गुप्ता, ध्रुव सक्सेना मौजूद रहे। इस मौके पर कौशल पोरवाल के साथ कस्बे के व्यापारियों ने पटका पहनकर सभी यात्रियों का स्वागत किया।



सेवानिवृत्त हवलदार का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### सेवानिवृत हवलदार का ढोल-नगाडे.से स्वागत

अछल्दा। क्षेत्र के मेहना निवासी अलवर सिंह यादव भारतीय सेना में हवलदार पद से सेवा निवृत्त हुए। सोमवार को गांव पहुंचते ही ढोल नगाडे.के साथ पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। हवलदार ने गांव में बने मंदिर पर माथा टेका फिर माता- पिता का आशीर्वाद लिया। हवलदार अलवर सिंह यादव की 11 मई 2001 में भारतीय सेना में नियुक्ति हुई थी। उनकी पहली पोस्टिंग जम्बू हुई इसके बाद आसाम, बीकानेर, श्रीनगर, लेह लद्दाख, ग्वालियर, पटियाला में रहे। 31 मई 2025 को पंजाब से सेवानिवृत हुए। 24 वर्ष देश की सेवा करते हुए देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस मौके पर फूल सिंह यादव, बृजराज सिंह यादव, विनोद कुमार, उदय प्रताप सिंह यादव, रिंकू तोमर, सुशील यादव, पीयूष यादव, पिंकू यादव आदि लोग है।

# गाली देने से मना करने पर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता रुरुगंज, औरैया

● कुदरकोट थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव का मामला

अमृत विचार। गाली-गलौज का विरोध करने पर घर का कार्य कर रहे एक युवक के साथ दबंग ने मारपीट कर दी, पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव शंकरपुर निवासी राजीव शाक्य पुत्र प्रेमचन्द्र ने कुदरकोट थाना पुलिस में तहरीर देते हुए बताया कि कुदरकोट स्थित अस्तल मंदिर पर लेंटर का कार्य चल रहा था। पीड़ित वहीं पर खड़ा होकर लेंटर पड़ने का कार्य देख रहा था। तभी करीब पांच बजे कुदरकोट निवासी अनूप तिवारी पुत्र पातीराम आये और मुझे देखकर गंदी-गंदी गली गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित को बचाने के लिए वहां पर मौजूद लोगों द्वारा बीच बचाव किया। यह देख आरोपित ने जाति सूचक गाली देकर कहा कि शासन प्रशासन मेरा कुछ नहीं कर पायेगा। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भाईचारा के साथ मनाएं ईद-उल-जुहा

संवाददाता, बिधूना, औरैया

● कोतवाली परिसर में एसडीएम व सीओ ने की बैठक

अमृत विचार। ईद-उल-जुहा शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर कोतवाली परिसर में शांति कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम गरिमा सोनकिया, सीओ पी पुनीत कुमार मिश्रा ने लोगों से उनकी समसयाएं जानीं।

गांधी नगर वार्ड के सभासद अशोक चौहान ने अवैध रूप से कांशीराम कालौनियों में रह रहे लोगों का सत्यापन कराये जाने की बात कही। जबकि रानू खान सभासद, कौशल पोरवाल, सुमेद पोरवाल आदि ने नगर पंचायत की सफाई पेयजल आदि व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त कराये जाने को कहा। इस अवसर पर अतिक्रमण को लेकर भी नगर के व्यापारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने ध्यानाकर्षण कराया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने प्रतिबंधित जानवरों की बलि नहीं देने को कहा। साथ ही उन्होंने अपशिष्ट का मिट्टी आदि डालकर निस्तारण कराने को कहा। उन्होंने किसी भी प्रकार की नयी परंपरा को लागू किये जाने से परहेज करने के साथ सोशल मीडिया पर भी किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट न डालने को आगाह किया। इस अवसर पर मुकेश बाबू चौहान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि यदि किसी ने शांति पूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया तो उससे प्रशासन सख्ती से निपटेगा। उन्होंने चिन्हित स्थानों पर ही नमाज अदा करने को कहा। इस अवसर पर पंकज सिंह सेंगर प्रधान, धर्मेंद्र सिंह सेंगर प्रधान प्रतिनिधि, लवलेश त्रिवेदी, राजीव राठौर प्रधान प्रतिनिधि, महेश चंद्र प्रधान प्रतिनिधि, पंकज सिंह सेंगर, लालू गुप्ता, राजीव गुप्ता, बंटू सेंगर, पुनीत सविता सभासद प्रतिनिधि आदि के अलावा जितेन्द्र पाल सिंह इंस्पेक्टर क्राइम, अनूप जादौन उपनिरीक्षक, मेवालाल उप निरीक्षक, सुघर सिंह उपनिरीक्षक, जेडी सिंह हैड मुहर्रिर, विजयपाल सिंह चौधरी, कमलेश यादव, अनिल चौधरी मौजूद रहे।



बैठक के दौरान जानकारी देतीं एसडीएम गरिमा सोनकिया व सीओ पी पुनीत कुमार।



फरियादियों की शिकायतें सुनते एसपी अभिजीत आर शंकर। अमृत विचार

### एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

औरैया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर द्वारा पुलिस मुख्यालय ककोर में आये हुए पीड़ित फरियादियों की समस्याओं को जनसुनवाई के दौरान विस्तारपूर्वक सुना। पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की समस्याओं का थाना स्तर पर ही निस्तारण कर दिया जाए, जिससे उन्हें बार-बार भटकना न पड़े।

### तिराहे और चौराहों पर लगवाए वाटर कूलर

फफूंद। कस्बे में रविवार को नगर पंचायत चेयरमैन अनवर कुरैशी ने कस्बे के तिराहे व चौराहों पर नये वाटर कूलर लगवा दिए हैं। अब आम नागरिकों को पीने के लिए ठंडा पानी मिलेगा। काफी दिनों से कस्बे की जनता कह रही थी कि ख्याली दास तिराहे पर अगर एक वाटर कूलर लगवा दिया जाए, तो गांव व क्षेत्र के आम नागरिक कस्बे में बाजार करने आते हैं। उन्हें ठंडा पानी पीने को मिले। अब भीषण गर्मी में आम नागरिक ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकेंगे। कस्बे मंल पहले से कई जगह बाटर कूलर लगे हैं उनमें से कुछ खराब भी पड़े है और कुछ काम कर रहे हैं।



पेयजल के लिए लगवाया गया वाटर कूलर।

## एक नजर

### गर्म पानी गिरने से दो बालिकाएं झुलसीं

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी मंजेश कुमार की पत्नी संगीता देवी घर पर शाम 8 बजे के करीब चूल्हे पर खाना बना रही थी। उसी समय अचानक लाइट चली गई। वहीं, पास में 5 वर्षीय बेटी मोहिनी और 3 वर्षीय छोटी बेटी दिव्यांशी को खिला रही थी। बड़ी बेटी का पैर फिसलने से पास में रखा गर्म पानी गिर गई। पानी में गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में पिता ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने प्रथम उपचार करते हुए घर भेज दिया गया।

### वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

अछल्दा, औरैया। कस्बा के हरीगंज बाजार में आदर्श इंटर कॉलेज के पास निवासी प्रशांत कुमार अपने साथी हिमांशु निवासी महेवा स्टॉप अछल्दा के साथ रविवार को औरैया से बाइक से अछल्दा आ रहा थे। तभी अछल्दा-फफूंद मार्ग स्थित सैनपुर गांव के पास शाम 5 बजे के करीब अछल्दा की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।टक्कर लगने से दोनों युवक बाइक समेत सड़क के किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने प्राइवेट वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया । डॉक्टर अमरदीप चौधरी ने प्रथम उपचार कर सैफई रेफर कर दिया गया।

### अयाना थाना में प्रशिक्षण लेंगे प्रशिक्षु सीओ

अयाना, औरैया। जिले में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु सीओ मनोजकुमार को एसपी अभिजीत आर शंकर ने अयाना थाना भेजा है। वह यहां पर कुछ समय तक प्रशिक्षण लेगें। सोमवार को उनके थाना पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरपाल ठाकुर, उपाध्यक्ष नवीन सेंगर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद सेंगर ने उनको पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का चित्र भेंट कर व अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। इसके बाद प्रशिक्षु सीओ ने थाना के स्टाफ से क्रियाशील अपराधियों के बारे में जानकारी की। कहा कि शरारती तत्व व अपराधियों पर उनकी पैनी नजर रहेगी।

### गर्मी ने किया बेहाल

औरैया। सुबह से तेज धूप खिली। इससे गर्मी का तेज असर देखने को मिला। वहीं दोपहर में बादलों की आवाजाही शुरू हुई, जो देर शाम तक जारी रही। हालांकि दिन में गर्मी का सारा दिन असर बना रहा।



समर कैंप के दौरान योगाभ्यास करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# समर कैंप में विद्यार्थियों को कराया योगाभ्यास

अजीतमल, औरैया। श्री जनता इंटर कॉलेज में समर कैंप 21 मई से अनवरत रूप से संचालित है। समर कैंप के 13वें दिन प्रथम सत्र में क्रीड़ाध्यक्ष होशियार सिंह राजपूत द्वारा व्यायाम, योगाभ्यास और एडवांस योगा का अभ्यास कराया गया।

वहीं, द्वितीय सत्र में भी क्रीड़ाध्यक्ष होशियार सिंह द्वारा विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में कबड्डी व बॉलीबॉल खेलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। क्रीड़ा प्रांगण में विभिन्न खेलों का अभ्यास भी कराया गया। साथ ही क्रीड़ाध्यक्ष हरी सिंह द्वारा कबड्डी में आक्रामक कौशल व रक्षात्मक कौशल के अन्तर्गत रेडर, डुबकी, जांघ पकड़, कमर पकड़, चौन रैफल आदि कौशल की जानकारी दी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिदिन की भांति सभी प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित कराया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त क्रीड़ाध्यक्ष हरी सिंह सेंगर, सुधीर दुबे, वीरेश सिंह, राहुल चौहान, यशेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# समर कैंप में 10 दिन बच्चों को सिखाएंगे नौटंकी की विधाएं

संवाददाता, दिबियापुर

अमृत विचार। शहरी क्षेत्र में बच्चों को लुप्त हो रही नौटंकी के बारे में जानकारी देने के लिए भारतेन्दु नाट्य अकादमी एवं विविध सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक भाग्यनगर में दिबियापुर मिडिल स्कूल में दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुरू हुआ।

वार्ड सभासद सुशीला देवी पोरवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अपनी लोक संस्कृति में गीत संगीत का बहुत ही महत्व है। प्राचीन काल से ही नौटंकी कला लोगों के मनोरजंन का प्रमुख साधन थी। कार्यक्रम में सुजीत सिंह यादव एवं सरबजीत सिंह ने मौजूद छात्र छात्राओं को नौटंकी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नौटंकी में गायन व अभिनय पक्ष को संगीत के साथ कैसे प्रस्तुति किया जाये। उन्होंने बताया कि नौटंकी की प्रदेश में दो प्रमुख शैलियां हैं जिसमें एक कानपुरी तथा दूसरी मथुरा की हाथरसी नौटंकी शामिल है। इन दोनों विधाओं के बारे में बच्चों को प्रशिक्षित किया जायेगा। नौटंकी में प्रयोग होने वाले दोहा, चौबोला, लावणी एवं कव्वाली आदि के बारे में कार्यशाला में बताया जायेगा। यह कार्यशाला 11 जून तक चलेगी। सोमवार को पहले दिन कार्यशाला में सुजीत सिंह यादव द्वारा बच्चों को आवाज निकालने का अभ्यास कराया गया। प्रधानाध्यापक शकील अफरोज ने व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुए बच्चों से कार्यशाला में नियमित भाग लेने को कहा। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षका पूजा गुप्ता एवं अनीता यादव समेत अन्य लोग भी शामिल रहे। बता दें कि परिषदीय विद्यालयों में चल रहे समर कैंप के अन्तर्गत स्कूली बच्चों को शिक्षा के अलावा खेलकूद, लोक संस्कृति सहित अन्य क्षेत्रों की जानकारी दी जा रही है।



बैठक के दौरान चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार



कथा के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### सात दिवसीय कथा में गौतम बुद्ध के विचारों को रखा

अछल्दा। विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत गांव बघईपुर में गौतम बुद्ध की सात दिवसीय बुद्ध कथा में पांचवें दिन कथा सुनाई। एलपीजी शास्त्री ने विचारों को उजागर करते हुए कहा कि ऐसा चाहूं राज मैं, सबको मिले अन्न। छोटा बड़ा सम बसै, रहे रविदास प्रसन्न। इस मौके पर बुद्ध कथा वाचक संघमित्रा बौद्ध ने झांकी दिखाकर नाटक का मंचन किया। इस मौके पर हरि सिंह कृष्ण कुमार, डेविड कुमार, नीरज, उमेश गौतम, मोहित कुमार, योगेंद्र आदि लोग कथा में मौजूद रहे है।

समीक्षा — जिलाधिकारी ने जूम मीटिंग के माध्यम से बैठक कर मातहतों को दिए निर्देश

# वादों को सूचीबद्ध कर समय पर निस्तारित करें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● लक्ष्य के अनुसार कार्य नहीं होने पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा डीएम ने की। उन्होंने सभी संबंधितों को निर्देश दिये कि आवेदकों से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेकर अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई करें और निस्तारण के उपरांत स्वयं समीक्षा करते हुए उसकी गुणवत्ता का भी परीक्षण कर प्रेषित करें जिससे निस्तारण असंतुष्टि पूर्ण न हो।

डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि विभागीय अधिकारी आने वाले शिकायत संबंधी मामलों का स्वयं परीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कुल प्राप्त मामलों में से कम से कम 70 प्रतिशत निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण हो जिससे संतुष्टि प्रतिशत की रैंकिंग में गिरावट न आए। उन्होंने समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आज तक प्राप्त सभी संदर्भों का नियमानुसार गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण 06 जून से पूर्व सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने राजस्व मामलों (वादों) आदि की समीक्षा करते हुए संबंधितों को निर्देशित किया कि लंबित वादों को सूचीबद्ध करते हुए निर्धारित समयावधि के अनुरूप अधिकाधिक निस्तारण करें जिससे पुराने लंबित वादों की संख्या कम हो साथ ही नवीन मामले भी निस्तारित होते रहें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधितों को आगाह किया कि अपने-अपने संदर्भों के निस्तारण में गुणवत्ता लाते हुए समयानुरूप संतुष्टि पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कार्य का मूल्यांकन करते हुए निस्तारित मामलों का संतुष्टि पूर्ण प्रतिशत कम पाए जाने तथा लक्ष्य के सापेक्ष निस्तारण न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

## डीएम ने चार लोगों को जिला बदर किया

औरैया। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुंडा एक्ट के आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 4 को जिला बदर करने का आदेश दिया है।

इसमें पवन कुमार यादव पुत्र राजेश उर्फ राजू निवासी बिचौली, थाना सहायल, सोनू पाल पुत्र अरविन्द पाल निवासी इकौरापुर थाना कोतवाली औरैया, परवेज अली पुत्र आजाद अली निवासी परसू थाना सहायल एवं नीरज यादव पुत्र स्व. मोहर सिंह निवासी पुर्वा बले थाना सहार को गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला बदर किया है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को निष्कासन अवधि के दौरान इन पर कड़ी नजर रखने एवं जनपद की सीमा में 06 माह तक प्रवेश न करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।



महिलाओं को जागरूक करती महिला आरक्षी। अमृत विचार

### महिला कानून के बारे में किया जागरूक

औरैया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के निर्देशन मे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा प्रमुख स्कूलों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, पार्क आदि पर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी। महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर - 1090, 1076, 112 तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया।

## एक नजर

### लखनऊ समेत 16 जिलों में पैक्स बनाएगा 24 गोदाम

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एक बड़ी योजना को अमल में लाने जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी समेत 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाए जाएंगे। इससे किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत संचालित की जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इन गोदामों से किसानों को उनकी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा भी मिलेगी।

### बैंकाक में दिखेगी यूपी की बौद्ध विरासत

अमृत विचार, लखनऊ : थाईलैंड के बैंकाक में शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले में प्रदेश स्थित बौद्ध विरासतों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रशांत एशिया ट्रेबल एसोसिएशन (पीएटीए) द्वारा आगामी 26 से 28 अगस्त तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले में उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक, भौगोलिक, अध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक हेरीटेज को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि थाइलैंड में बहुसंख्यक आबादी बौद्ध धर्म को मानने वाली है। गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल यहां स्थित है। इन स्थलों में सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती सहित अन्य आध्यात्मिक, धार्मिक, विरासत, ईको पर्यटन आदि का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# गर्मी को लेकर अस्पताल अलर्ट मोड पर रहें : पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने जारी किया पत्र



अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अस्पतालों में दवाएं, मरीजों की भर्ती व इमरजेंसी सेवाओं को और पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। आगामी त्यौहार व भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को अपरिहार्य कारणों के अलावा अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री के सोमवार को जारी निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पत्र जारी किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था और बेहतर रहे। डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष टीमें बनाई जाएं। ताकि मरीजों को इलाज हासिल करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि 102, 108 व एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सेवाएं भी क्रियाशील रखी जाएं। मरीजों को नजदीक के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाया जाए।

# बैठकों में भाग न लेना भी बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने जैसा

## पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने दी कठोर कार्रवाई की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि समीक्षा बैठकों व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग न लेना भी बिजली आपूर्ति में बाधा पहुंचाने जैसा कार्य है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिजली कर्मी ऐसा कोई कार्य न करें, जो बिजली व्यवधान की श्रेणी में आता है। अन्यथा विवश होकर प्रबंधन को कठोर कार्रवाई करनी पड़ेगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में सामग्री प्रबंधन व ट्रांसफार्मर वर्कशॉप की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



समीक्षा बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

उन्होंने कहा कि कॉरपोरेशन या वितरण निगम स्तर पर जो भी समीक्षा बैठकें की जा रही हैं, वे सब बिजली व्यवस्था व आपूर्ति को लेकर ही होती हैं। उन्होंने कहा कि सेवा शर्तों आदि के लिए प्रबंधन हमेशा वार्ता के लिए तैयार है। कोई भी संगठन बातचीत कर सकता है, पर सरकार की नीति तय करना संगठनों के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कार्य बहिष्कार या हड़ताल जैसे कार्य करना उचित नहीं है। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए ट्रॉली ट्रांसफार्मर सही रखें, इसके लिए अधिकारी नियमित तौर पर सजगता बरतें। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर इन्हें लगाकर तत्काल आपूर्ति बहाल की जाए, पर लंबे समय तक इन्हें लगाकर न रखें। अधिकतम 48 घंटे में ट्राली ट्रांसफार्मर वहां से अन्यत्र भेज दिए जाएं।

### ऊर्जा मंत्री बताएं निजीकरण के बाद सब्सिडी मिलेगी या नहीं

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य सरकार ऊर्जा निगमों के निजीकरण के बाद सब्सिडी देगी या नहीं। इस बीच, निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन जारी रखा। प्रयागराज में बुद्धि-शुद्धि यज्ञ किया गया। समिति ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के प्रकरण में कॉरपोरेशन में पैनल पर कार्य कर रहे अधिवक्ताओं से राय ली और 'क्लीन चिट' दे दी गई। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते वर्ष किसानों, बीपीएल उपभोक्ताओं, बुनकरों आदि की सब्सिडी की धनराशि 22,000 करोड़ रुपये से ऊपर की है। यह धनराशि सरकार ने सब्सिडी के रूप में दी है। घाटे के नाम पर निजीकरण करने की दलील देते समय इस धनराशि को जोड़कर घाटा बताया जा रहा है।

### नहीं ली गई न्याय विभाग से राय : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सलाहकार कंपनी को बचाने के लिए कॉरपोरेशन प्रबंधन ने निगम व शासन के न्याय विभाग से राय नहीं ली, बल्कि कॉरपोरेशन के पैनल के अधिवक्ताओं से राय ली गई है। इससे सिद्ध हो रहा है कि कॉरपोरेशन सलाहकार कंपनी को बचाने में लगा है। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सक्षम अंत्योदय कार्ड धारकों पर नजर

## मुख्य सचिव ने की जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा, सीडीओ व बीडीओ को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार की नजर उन अंत्योदय कार्ड धारकों पर भी है, जिनकी आर्थिक स्थिति समय के साथ मजबूत हुई है। दरअसल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेशभर के सीडीओ और बीडीओ को सुझाव दिया है कि समय के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हो सकता है, ऐसे में अंत्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराया जाये और मृतक व अपात्र व्यक्तियों को बहिष्कृत किया जाए। साथ ही जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को शीर्ष प्राथमिकता पर अंत्योदय कार्ड का लाभ दिया जाए।



लोकभवन में बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा कर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी सीडीओ एवं बीडीओ को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लाभार्थियों का जीरो पावर्टी पोर्टल पर सत्यापन प्राथमिकता पर करवाने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्य सचिव के मुताबिक, जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के कार्यों में प्रगति लायी जाये।

### जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों का सृजन

अमृत विचार : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा की 12वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासी निकाय द्वारा संकायाध्यक्ष की नियुक्ति को अग्रिम 3 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसी क्रम में पैथोलॉजी विभाग में पीजी जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों के सृजन के प्रस्ताव तथा पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के नाम को बदलकर डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

# प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। नए डीजीपी की तैनाती होने के बाद सरकार ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक/सीएमडी पुलिस आवास निगम के साथ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वहीं, आशुतोष पांडेय को पदोन्नत होने के बाद पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम और नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराधा शाखा (ईओडब्ल्यू) के साथ यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# शेष 26 जिलों में भी शुरू होंगे बचपन डे केयर सेंटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दिव्यांगजनों की बढ़ेंगी सुविधाएं योजनाओं का होगा विस्तार

अमृत विचार : राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम नयी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में सरकार बचपन-डे-केयर सेंटर्स का विस्तार करने जा रही है। प्रदेश में अभी तक 25 जिलों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स संचालित हैं, जिसमें सभी मंडल मुख्यालय व 7 महत्वाकांक्षी जिले शामिल हैं। योगी सरकार इसका विस्तार करते हुए इसे 26 और जिलों में संचालित करने की योजना बना रही है।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने के लिए एक नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके अंतर्गत सभी खेल परिसर अब दिव्यांगजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किए जाएंगे। यह पहल उन्हें न केवल खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को भी सशक्त बनाएगी।

इसके अलावा सरकार मानसिक रूप से मंदित बच्चों के पुनर्वास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए सभी जिलों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है।

# ई-गवर्नेंस का शुरू होगा नया युग

## यूपीस्वान के तीसरे चरण की आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी किया नियुक्त
- सभी तहसील, ब्लॉक कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी

अमृत विचार : योगी सरकार प्रदेश में ई-गवर्नेंस प्रक्रिया के आधुनिकीकरण व सुदृढ़ीकरण पर फोकस कर रही है। उत्तर प्रदेश स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क के तीसरे चरण में ई-गवर्नेंस का 'नया युग' शुरू होगा। इसे लागू करने की तैयारी आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने शुरू कर दी है। इसके लिए शासन ने यूपीडेस्को को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। जल्द ही प्रदेश के सभी तहसील, ब्लॉक, कमिश्नरेट समेत विकास भवनों को इससे जोड़ा जाएगा।

यूपीडेस्को द्वारा तैयार कार्ययोजना तैयार के अनुसार, पूरे राज्य में यूपीस्वान 2.0 से जुड़ने से वंचित रह गए कार्यालयों को जोड़ने की तैयारी है। प्रदेश में स्टेट हेडक्वॉर्टर, कमिश्नरेट ऑफिसेस व जिला मुख्यायल पहले ही जोड़े जा चुके हैं। जबकि, प्रदेश के 351 तहसील मुख्यालयों में से 235 तथा 828 ब्लॉक मुख्यालयों में से 574 को जोड़ने में सफलता मिली है। ऐसे में, तीसरे वर्जन के जरिए 116 तहसील मुख्यालयों, 254 ब्लॉक मुख्यालयों तथा 75 विकास भवनों को जोड़ने की तैयारी है।

शासन में आईटी सॉल्यूशंस के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देकर विभागों में डिजिटल विभाजन को कम करना है। यह इंडस्ट्री स्टैंडर्ड को लागू करने के साथ ही उन्नत तकनीकों को प्रभावी बनाकर एक स्केलेबल, कॉन्फ़िगर करने योग्य व भविष्य की जरूरतों के अनुसार बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। यह स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क तकनीक को एकीकृत करेगा ताकि मल्टीप्रोटोकॉल स्विचिंग और इंटरनेट लीज्ड लाइन्स में डायनामिक ट्रैफिक रूटिंग सुनिश्चित की जा सकेगी।

# विद्युत निगमों को बेचना चाह रही भाजपा : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है।

सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- न्यायालयी केस निपटाने में जौनपुर ने मारी बाजी सुल्तानपुर दूसरे व गाजीपुर तीसरे स्थान पर

अमृत विचार : राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई माह की जारी रिपोर्ट में कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल रहा, जबकि जौनपुर दूसरे और प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। न्यायालयों में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। सुल्तानपुर दूसरे और गाजीपुर तीसरे स्थान पर है।

प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर नजर आ रहा है। योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा करते हैं।

राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की मई माह की रिपोर्ट के अनुसार, मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर कुल 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है। इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है।

### अयोध्या डीएम कोर्ट प्रदेश में सबसे आगे

मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं, जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित हुए। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमशः जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है।

### भू-राजस्व संबंधित मामलों के निस्तारण में भी जौनपुर आगे

अपर जिलाधिकारी भू राजस्व जौनपुर ने निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं।

## धर्म दर्शन

# गंगाः भारतीय संस्कृति की प्रतीक



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
कानपुर

श्रीरामचरित मानस के अयोध्या कांड में गोस्वामी तुलसीदास ने जीवनदायिनी मां गंगा का मनुहारी वर्णन करते हुए कहा है कि 'गंग सकल मुद मंगल मूला, सब सुख करनि हरनि सब सूला।' अर्थात गंगा समस्त आनंद-मंगलों की मूल हैं। वे सब सुखों को करने वाली और सब पीड़ाओं को हरने वाली हैं। पुराणों में कहा गया है कि राजा भगीरथ वर्षों की तपस्या के उपरांत ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए। भारतीय शास्त्र, पुराण एवं उपनिषद इत्यादि सभी ग्रंथों में गंगा की महिमा और महत्ता का बखान किया गया है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक एवं हजारों साल की आस्था की पूंजी है। शास्त्रों में कहा गया है कि गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी है।

'गंगा दशहरा' हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो गंगा नदी की पूजा के लिए समर्पित है। यह त्योहार हिन्दू माह ज्येष्ठ के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर गंगा की स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति की जाती है। भक्त नदी के किनारे एकत्र होते हैं, पवित्र स्नान करते हैं, रीति-रिवाज करते हैं और आशीर्वाद के लिए प्रार्थनाएं करते हैं। माना जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है और इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह त्योहार गंगा को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व को भी दर्शाता है, जो हिन्दू धर्म में अत्यधिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखती है। सृष्टि के निर्माता ब्रह्मा जी के कमंडल से राजा भागीरथ द्वारा देवी गंगा को धरती पर अवतार दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। पृथ्वी पर अवतार से पहले गंगा नदी स्वर्ग का हिस्सा थीं। गंगा दशहरा के दिन भक्त देवी गंगा की पूजा करते हैं और गंगा में डुबकी लगाते हैं, और दान-पुण्य, उपवास, भजन और गंगा आरती का आयोजन करते हैं। मान्यता है इस दिन मां गंगा की पूजा करने से भगवान विष्णु की अनंत कृपा प्राप्त होगी।

हिन्दू धर्म में तो गंगा को देवी मां का दर्जा दिया गया है। यह माना जाता है कि जब मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई तो वह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि थी, तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में भौतिक जीवन जी रहे मनुष्य से जाने अनजाने जो पापकर्म हो जाते हैं उनकी मुक्ति के लिए मां गंगा की साधना करनी चाहिए कहने का तात्पर्य है जिस किसी ने भी पापकर्म किये हैं और जिसे अपने किए का पश्चाताप है और इससे मुक्ति पाना चाहता है तो उसे सच्चे मन से मां गंगा की पूजा अवश्य करनी चाहिए।

### गंगा दशहरा का महत्व

गंगा दशहरा को लेकर यह धार्मिक मान्यता है कि इस दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर पवित्र गंगा नदी में स्नान जरूर करना चाहिए। अगर आपके लिए ऐसा कर पाना संभव न हो तो आपको घर पर ही स्नान करते हुए पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर लेना चाहिए। इस दिन मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। गंगा दशहरे के पर्व पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दान करने का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि गंगा दशहरा पर दान की जाने वाली वस्तुओं की संख्या 10 होनी चाहिए। इस दिन आप 10 फल, 10 पंखे, 10 सुराही, 10 छाते या फिर 10 हिस्से अन्न का दान कर सकते हैं।

## वर्ग पहेली- 450

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक्कारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली -449 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | ■ | ■ | म | ■ | वी |
| मा | ■ | 4 वि | ल | स | न |
| ला | ■ | ■ | ता | ■ | ता |
| ■ | 5 सु | खा | स | न | ■ |
| ■ | दि | ■ | ■ | ■ | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | ■ | लू |

## सुडोकू -174

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 5 | | | | | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 6 | | | | | | | | 5 |
| | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू - 173 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 9 | 3 | 5 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 3 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 2 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 09.56 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वा फाल्गुनी 4 जनू 12.58 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।


**मेष** — आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आज आप नव समाचारों को लेकर अति उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।


**वृष** — आज अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आयेगा। अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है।


**मिथुन** — आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें। आपकी सलाहों से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाये रखें। अविवाहित महिला जातकों को विवाह की चिन्ता रहेगी।


**कर्क** — आज दूरस्थ परिजनों के साथ गंभीर चर्चा हो सकती है। जॉब इन्टरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में आज अधिक व्यस्त हो सकते हैं।


**सिंह** — आज नई संपत्ति खरीदने का विचार बनायेंगे। आज आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मीटिंग्स में सम्मिलित हो सकते हैं।


**कन्या** — आज आपको उधार लेने से आपको बचना चाहिए। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है।


**तुला** — आज जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण अत्यन्त सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** — आज निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे। मार्केटिंग पर आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा।


**धनु** — आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती हैं। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जायेंगे। विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होंगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।


**मकर** — आज आवश्यक कार्य दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। हित शत्रु आपकी भावनाओं का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। एनीमिया और विटामिन की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।


**कुंभ** — आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा। वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे।


**मीन** — आज अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर अधिक सोच-विचार न करें। कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिल सकता है। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण परिवर्तित सकता है।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

संपादकीय

# बड़ा विमानन बाजार

चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है और आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। सोमवार को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि देश 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने की राह पर है। देश में निवेश का यही है सही समय है और यहां भरपूर संभावनाएं हैं। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में भारत एक ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत कई प्रयास कर रही है। यह पहल निवेश, नवाचार, बौद्धिक संपदा की रक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देती है। सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है, जिससे विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार, निवेशक और उद्यमी, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आशावादी हैं। हालांकि चीन वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति है क्योंकि इसने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक नीति का लाभ उठाकर रणनीतिक लाभ प्राप्त किया है। इसके बावजूद भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इस प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। सरकार भारत की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। अभियान के तहत, भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर विमान घटक विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी वैश्विक विमानन केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। अपेक्षाकृत प्रतिकूल वैश्विक परिवेश में, भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार को इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने चाहिए।

# बढ़ता तापमान जीवन के लिए संकट का सबब बना



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा।

वास्तव में धरती का तापमान का लगातार बढ़ना कहीं न कहीं गंभीर खतरों का संकेत दे रहा है। आज मानव की जीवनशैली लगातार बदलती चली जा रही है और मानवीय गतिविधियों के कारण, अंधाधुंध विकास, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नीले ग्रह पर खतरा मंडराने लगा है। एक जानकारी के अनुसार मानवीय जीवनशैली के कारण इस सदी के अंत तक धरती का औसत तापमान 2.7 सेंटीग्रेट बढ़ जाएगा। वास्तव में धरती के तापमान के इतना बढ़ने का सीधा सा मतलब यह है कि इस सदी के अंत तक धरती के ग्लेशियरों की बस एक चौथाई बर्फ़ ही बची रहेगी तथा बाकी तीन चौथाई बर्फ़ ख़त्म हो जाएगी। ग्लेशियर बर्फ पृथ्वी पर ताजे पानी का सबसे बड़ा भंडार है, जो बर्फ की चादरों के साथ दुनिया के ताजे पानी का लगभग 69 प्रतिशत रखता है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग दो प्रतिशत भाग ग्लेशियरों में संग्रहीत है। इतना ही नहीं, ग्लेशियर अतीत की जलवायु के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। ये ग्लेशियर ही हैं, जिनसे कृषि, जल विद्युत एवं पेयजल हेतु जल मिलता है। समुद्र जल स्तर में ग्लेशियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा। दरअसल यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी एक ताज़ा रिसर्च में किया गया है। इस संदर्भ में ताज़ा उदाहरण स्विट्जरलैंड का है, जहां ऊंचे पहाड़ों से टूटे एक ग्लेशियर ने निचले इलाके में तबाही मचा घाटी में बसे ब्लैटन गांव (नब्बे फीसदी गांव को) बर्च नाम के ग्लेशियर ने बर्बाद कर दिया। दरअसल,ग्लेशियरों के इस तरह टूटने के पीछे सबसे बड़ी वजह है धरती के औसत तापमान का बढ़ना। कहना ग़लत नहीं होगा कि तापमान में बढ़ोत्तरी भारी बारिश (अतिवृष्टि), तो कहीं सूखा (अनावृष्टि), कभी ग्लेशियरों की झीलों के फटने तो कभी बड़े तूफ़ानों जैसे अतिमौसमी बदलावों की शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी रिसर्च के मुताबिक दुनिया के ग्लेशियर मौजूदा अनुमान से कहीं ज्यादा तेज़ी से पिघल रहे हैं और इस सदी के अंत तक अगर धरती का औसत तापमान अगर 2.7 सेंटीग्रेट और बढ़ा तो दुनिया में मौजूद ग्लेशियरों में सिर्फ़ 24 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रह जाएगी, जो कि एक बड़ा और गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार ग्लेशियरों की 76 प्रतिशत बर्फ़ पिघल चुकी होगी।

> हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी।

पेरिस समझौते में ये तय हुआ था, कि दुनिया के तापमान को पूर्व औद्योगिक तापमान से 1.5 सेंटीग्रेट से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना है, लेकिन आज विकसित देश ही कार्बन उत्सर्जन के अधिक जिम्मेदार हैं और कोई भी ग्लोबल वार्मिंग को कम करने को लेकर जिम्मेदार नजर नहीं आते। साइंस पत्रिका में छपी रिसर्च के मुताबिक अगर दुनिया का औसत तापमान 1.5 सेंटीग्रेट तक ही बढ़ा तो भी ग्लेशियरों की 46 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी, सिर्फ़ 54 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रहेगी, यह बहुत ही चिंताजनक है, क्यों कि ग्लेशियर पानी के बड़े स्त्रोत होते हैं और जल ही जीवन है। शोध में सामने आया है कि अगर औसत तापमान बढ़ना बंद हो जाए और उतना ही रहे, जितना कि आज है, तो भी दुनिया के ग्लेशियरों की बर्फ़ 2020 के स्तर से 39 सेंटीग्रेट कम हो जाएगी। मतलब यह है कि आज भी तापमान कुछ कम नहीं है और यह नीले ग्रह को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध में पाया गया है कि यदि दुनिया का औसत तापमान 2 सेंटीग्रेट बढ़ा तो स्कैंडिनेवियन देशों यानी नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क के ग्लेशियरों की सारी बर्फ़ पिघल जाएगी। इतना ही नहीं, उत्तर अमेरिका की रॉकी पहाड़ियों, यूरोप के आल्प्स और आइसलैंड के ग्लेशियरों की क़रीब 90 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी।औसत तापमान में 2 सेंटीग्रेट की बढ़ोतरी का भारी असर दक्षिण एशिया में हिंदूकुश हिमालय पर भी पड़ने की संभावनाएं जताई गईं हैं।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी। वास्तव में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदूकुश हिमालय से निकलने वाली नदियां जो गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र की घाटियों में बहती हैं वो क़रीब दो अरब आबादी के लिए अनाज, मनुष्य की आजीविका और पानी की गारंटी हैं। वास्तव में आज धरती का लगातार बढ़ता हुआ तापमान न केवल मनुष्य के लिए अपितु धरती के सभी जीवों, वनस्पतियों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संकट का सबब बनता चला जा रहा है।

अंत में यही कहूंगा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कदम उठाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझना होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे नीले ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि धरती के तापमान में मामूली वृद्धि भी कहीं न कहीं मायने रखती है। मानव को समझने की जरूरत है कि विकास के नाम पर हमें प्रकृति से छेड़छाड़ और खिलवाड़ को बंद करना होगा। पर्यावरण के साथ संबंध स्थापित करते हुए भी विकास किया ही जा सकता है। एक जानकारी के अनुसार दुनिया में क़रीब पौने तीन लाख ग्लेशियर हैं।

पृथ्वी पर, 99 प्रतिशत ग्लेशियर बर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में विशाल बर्फ की चादरों (जिन्हें "महाद्वीपीय ग्लेशियर" भी कहा जाता है) के भीतर समाहित है। हमें ग्लेशियरों को संरक्षित करना होगा और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना होगा, ताकि भविष्य में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

प्रसंगवश

# आम आदमी की सवारी

विश्व साइकिल दिवस पर

साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है। साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# मौजूदा समय में बांग्लादेश नाजुक मोड़ पर



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात–ए–इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है।

बांग्लादेश एक बड़े राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। 8 अगस्त 2024 को 'छात्र आंदोलनों' की आड़ में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार और प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। कट्टरपंथी तेजी से मजबूत होकर उभरे हैं। सैन्य जुंटा का दबदबा बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण से आतंकियों के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हुआ है तो दूसरी ओर बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध तय करने में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। बात यहीं तक आकर खत्म नहीं होती। मोहम्मद यूनुस ने चीनी निवेशकों को यह कहते हुए आमंत्रित किया है कि वे बांग्लादेश को अपना घर और उत्पादन केंद्र बनाएं। उदारवादी और लोकतंत्र समर्थक हैरान हैं कि बांग्लादेश किस ओर जा रहा है और दुनिया को इस बदलाव को कैसे समझना चाहिए।

भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत पश्चिम मोर्चे पर युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहा है। इस राजनीतिक तनाव के कोलाहल से दूर, ड्रैगन चुपचाप लेकिन निश्चित रूप से भारत के पूर्वी क्षेत्र में अपनी पैठ बना रहा है। कुछ दिन पहले ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि चीनी अधिकारियों ने बांग्लादेश के रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस का निरीक्षण किया है जिसे सरकार फिर से बनाने की योजना बना रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बमुश्किल 20 किमी दक्षिण में स्थित ऐसा एयरबेस भारत में चिंता का विषय है, खासकर तब जब भू-राजनीतिक परिदृश्य गंभीरता का विषय बना हो। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, नेपाल और बांग्लादेश दोनों की सीमाओं के पास स्थित है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दो राष्ट्रीय राजमार्ग और दो ब्रॉड-गेज रेलवे लाइनें यहां से गुजरती हैं, कई सड़क और रेलवे पुल हैं, और लाखों टन माल पूर्वोत्तर में आता-जाता है और भूटान से भी इसकी कनेक्टिविटी है। यह तथ्य भी जगजाहिर है कि 1967 में सिक्किम के नाथू ला इलाके में चीन की कई आक्रामक कार्रवाइयों के कारण सशस्त्र झड़पें हुईं, जिसका भारतीय सेना ने बहुत ही जोरदार तरीके से जवाब दिया। नाथू ला में चीन की कार्रवाइयां क्षेत्र में क्षेत्रीय दावों और प्रभाव को स्थापित करने की उसकी रणनीति का हिस्सा रही हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनुस का यह कहना कि अंतरिम सरकार सुधारों को लागू करने, निवेश के माहौल को बढ़ाने, नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और व्यापार संचालन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है, कई बड़े निहितार्थ लिए है जिस पर भारत को सतर्कता से नजर रखनी होगी।

कूटनीतिक फेरबदल और विवादास्पद नीतिगत निर्णयों से सरकार और शीर्ष अधिकारियों तथा विदेश सेवा के बीच गहरी दरारें उजागर हुई हैं। व्यापक विरोध प्रदर्शनों से नौकरशाही के कामकाज में रुकावट का खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। अनेक नागरिक, जो कभी यूनुस के सुधारवादी रुख का समर्थन करते थे, अब उम्मीद और हताशा के बीच फंस गए हैं। बांग्लादेश के नागरिक प्रशासन पर सेना का मौन प्रभाव हमेशा से ही रहा है। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने यूनुस से दिसंबर 2025 तक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कहा है जबकि यूनुस जून 2026 तक चुनाव कराने की बात कहते रहे हैं। अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई है। जमात-ए-इस्लामी पर 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान की सेना के साथ मिलकर हत्याएं करने जैसे आरोप भी हैं। इसके पहले जमात के इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उस पर कई लोगों की हत्या, अपहरण जैसे संगीन आरोप थे। अंदाज लगाया जा सकता है कि जब ऐसे लोग चुनाव लड़कर वहां की संसद में पहुंचेंगे तो पड़ोसी देशों के साथ सरकार के रिश्ते कैसे होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बांग्लादेश मौजूदा समय में एक नाजुक मोड़ पर है। बांग्लादेश की राजनीति गहरे मतभेदों से अटी पड़ी है। अंतरिम सरकार नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उभरते हुए सत्ता केंद्रों के साथ जुड़ सकती है। आगे का रास्ता आदर्शवाद पर कम और व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत पर अधिक निर्भर करेगा। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना होगा।

सोशल फोरम

# पहली बार पता चला

हमें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर और विशेषज्ञों के दायरे में जाकर कोई विश्लेषण नहीं करना चाहिए, न उन्हें यह बताना चाहिए कि उनका कोई काम कितना सही है या गलत है। यदि जल सेनाध्यक्ष ने किसी से प्रकाश्य ढंग से कोई बात की है तो जो कुछ कहा है उसका मतलब वही नहीं होता। जो संदेश देना है और जिस दबाव में रखना है, वही ध्यान देने योग्य है, जिसको हम जान नहीं सकते। परंतु घटित होने के बाद जान भी जाएंगे।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

राजनीतिक किसी भी घटना या कार्य का लाभ उठाने से बाज आए, ऐसा हो नहीं सकता। धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार के बाद जो करना था, वह पहले तय था। विपक्षी दलों का समर्थन लेना भी उसी का हिस्सा था। दूसरे दल कठोर कार्रवाई करने की मांग के लिए नैतिक और राजनीतिक दोनों कारणों से बाध्य थे। आपरेशन सिंदूर दूसरे देशों के आकलन में और हमारे लिए भी अविश्वसनीय रूप से सफल रहा। पहली बार हमें अपने निजी आयुध विकसित करने की सफलता का पता चला, सामरिक शक्ति का पता चला। सैन्य विज्ञान के विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया कि यह सैन्यविज्ञान में यह एक नया और बहुत आगे बढ़ा हुआ प्रयोग है। हमारे लिए यह दूसरी सफलता गर्व की बात है।

जहां तक राजनीतिक लाभ उठाने की बात है यदि मोदी बिल्कुल चुप रहते तो इसका बहुत अधिक लाभ मिलता। ललकार भरे स्वर में और बार-बार उसको दोहराते नहीं तो उन्हें इसका अधिक लाभ मिलता। कोई इतना मूढ नहीं हो सकता कि यह न समझ सके कि उनका लक्ष्य राजनीतिक लाभ उठाना भी है। परंतु इस गलती को खरगे ने अपनी गलती से दूर कर दिया और कांग्रेस को जितनी अधिक क्षति पहुंचाई है, वह मोदी उन पर प्रहार करके भी नहीं कर सकते थे। उत्साह में कोई कुछ भी बोल जाए, परंतु न तो देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी नए उकसावे के युद्ध को जारी रखना चाहती है, न मोदी इसे चाहतें हैं। दूसरे कुछ देश हमारी आर्थिक प्रगति को रोकने के लिए देश को युद्ध में अवश्य उलझाए रखना चाहते हैं।

**–फेसबुक वॉल से**

# फल का नहीं कोई फ़ल



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

> साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है।

काफी दिनों बाद एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड जाना हुआ। हालांकि इन दिनों मेरे मनपसंद फलों का मौसम है और अपने शहर के बाजार उनसे भरे भी पड़े हैं मगर न जाने क्या सोच कर तय किया कि इस बार जितने दिन भी पहाड़ पर रहूंगा, स्थानीय फलों का ही सेवन करूंगा। मेरी जानकारी में था ही कि इन दिनों पहाड़ के पेड़ भी फलों से लद जाते हैं और काफल, किरमोड़, घिंगारू, पांगर तथा बेडू जैसे न जाने कितने किस्म के ऐसे फलों की बहार होती है जिन्हें हम समतल जगह वाले लोगों ने आमतौर पर देखा भी नहीं होता। ये फल न केवल स्वाद में लाजवाब होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। काफल तो उत्तराखंड का राजकीय फल ही है, जो मीठा, खट्टा और रसीला होता है और उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और अनेक विटामिन भी होते हैं।

देवभूमि के पहाड़ों पर तिमला, मेलू, अमेज, दाडिम़, करौंदा, तूंग, जंगली आंवला, खुबानी, हिसर, किनगोड़ जैसे अनेक अन्य जंगली फल भी पाए जाते हैं, जो इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद होते हैं। मगर यह क्या? चंबा, टिहरी और काना ताल के बाजारों में कहीं भी कोई स्थानीय फल ढूंढे से भी नहीं मिला। वहां के बाजार भी उन्हीं आमों, लीची, आड़ू और सेब से भरे पड़े थे जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश अथवा दिल्ली की आजाद पुर सब्जी मंडी से वहां पहुंचे थे। बेशक सवाल छोटा सा था मगर मैं उसमें अटक गया कि पहाड़ का फल जब पहाड़ पर ही नहीं मिलता तो बाकी देश के बाशिंदे उनका सेवन कैसे करेंगे? ऐसे में इन नायाब फलों के निर्यात की बात तो सोची भी कैसे जा सकती है?

स्थानीय लोगों से जब इस विषय में बात की तो पता चला कि सेब, माल्टा, आड़ू और खुबानी जैसे पारंपरिक फलों को छोड़ कर अन्य स्थानीय फलों की वहां खेती ही नहीं की जाती और प्राकृतिक रूप से जो फल जितना भी उपलब्ध होता है, उसे ही स्थानीय लोग इस्तेमाल कर लेते हैं। इन बेहतरीन फलों को बाज़ार तक पहुंचाने के लिए आज तक कोई प्रयास न तो सरकार ने किया है और न ही काश्तकारों ने। ले देकर बुरांश के फूल का रस जरूर बोतलों में बंद कर पर्यटकों को बेचा जाने लगा है। मगर बुरांश का फल तो अभी भी बाजार तक नहीं पहुंचा। जबकि यह फल भी स्वादिष्ट होने के साथ साथ अनेक बीमारियों के इलाज में भी उपयोगी होता है। दुनिया जानती है कि उत्तराखंड के अधिकांश फल जैविक रूप से उगाए जाते हैं और इन फलों के पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। काफल, हिसालू, और बेड़ू जैसे फल तो स्थानीन संस्कृति, लोकगीतों और लोककथाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

पहाड़ से लौट कर पड़ताल की तो पता चला कि साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है। वर्ष 2016 में 4551 मीट्रिक टन फलों का यहां से निर्यात होता था जो अब घटते घटते मात्र 1192 मीट्रिक टन ही रह गया है। हैरानी की बात नहीं है कि उत्तम क्वालिटी के फलों का उत्पादन करने के बावजूद राज्य से अब मात्र 4 करोड़ 68 लाख का ही निर्यात होता है? इन फलों में भी केवल वही फल हैं जो हमें आमतौर पर अपने गली मोहल्ले में भी मिल जाते हैं। केवल पहाड़ पर ही मिलने वाले फल सिरे से गायब हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार का इस ओर कतई ध्यान नहीं है और यही कारण है कि किसान फलों की बागवानी को लेकर उदासीन हो रहे हैं। कई बार घोषणा के बावजूद राज्य में काश्तकारों को ओला वृष्टि जैसी आपदाओं से निपटने को सब्सिडी नहीं दी जा रही और किसानों को मंडियों से जोड़ने को कोई महत्वपूर्ण पहल भी अब तक नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान नहीं है तो फिर उसका ध्यान कहां है? इसका सीधा सा जवाब है- धार्मिक पर्यटन और केवल धार्मिक पर्यटन। आंकड़े बताते हैं कि 66 हजार करोड़ के सालाना बजट वाली राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए तो केवल चार धाम यात्रा पर ही खर्च कर दिए हैं। बेशक चार धाम यात्रा से राज्य को अच्छे खासे राजस्व की प्राप्ति होती है और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है मगर राजस्व और रोजगार तो फलों का उत्पादन भी दे सकता है, उस बारे में क्यों नहीं कोई सोचता?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 15 माह का कारावास

**हमीरपुर।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में न्यायालय ईसी एक्ट कोर्ट ने अभियुक्त को 15 माह का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये अर्थदंड भी लगाया है। एडीजीसी प्रवीण सिंह भदौरिया ने बताया कि जलालपुर थानाक्षेत्र के भेड़ी गांव निवासी बलवान उर्फ बाबा बसोर पुत्र राजा भैया के खिलाफ जलालपुर थाने में धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट में 04 जनवरी 2022 को मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले में साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरूप न्यायालय ईसी एक्ट कोर्ट द्वारा अभियुक्त बलवान उर्फ बाबा बसोर को दोषसिद्ध करते हुए 15 माह के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5,000 रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

### सड़क हादसों में महिला सहित दो लोग घायल

**मौदहा।** शादी कार्यक्रम में जाते समय एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। महोबा जनपद के खरेला थाना क्षेत्र के ऐचाना गांव निवासी घसीटा अपनी पत्नी सुखदेवी (50) के साथ मौदहा क्षेत्र के मवइया गांव अपने भांजे मुन्नीलाल की शादी में शामिल होने आए थे। सोमवार सुबह सुखदेवी शौच जाने के लिए हाईवे पार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी प्रकार महोबा निवासी संदीप यादव (25) पुत्र जगनंदन रविवार शाम शादी समारोह में जाते समय हाईवे पर वाहन की टक्कर से घायल हो गया। उसे भी सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### प्लाट में कब्जे को लेकर महिला से की मारपीट

**सुमेरपुर।** दबंगों द्वारा प्लाट में कब्जा करने के दौरान रोकने पर दबंग ने महिला के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इंगोहटा निवासी रेखा कुशवाहा ने बताया कि गाटा संख्या 283 रकबा 2.7070 हेक्टेयर की सह खातेदार है और काबिज हैं। पति की बीमारी का फायदा उठाकर गांव का दबंग उक्त जमीन के एक प्लाट पर जबरिया कब्जा कर रहा था। मना करने पर गाली गलौज कर के मारपीट की है। पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी है। थानाध्यक्ष ने मामले की जांच इंगोहटा चौकी इंचार्ज को सौंपी है।

### दबंग दे रहे जानमाल की धमकी, थाने में तहरीर

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के बिदोखर पुरई निवासी सूरजपाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के कुछ लोगों से जान का खतरा बताया है। पीड़ित का आरोप है कि उसका पुत्र नंदकिशोर इंगोहटा मार्ग किनारे किराने की दुकान किये है। बिदोखर मेदनी निवासी सोनू कुशवाहा से लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद सोनू कुशवाहा लगातार दुकान जाकर गाली गलौज कर रहा है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष ने मामले की जांच इंगोहटा चौकी इंचार्ज को सौंपी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

**कुरारा।** क्षेत्र के डामर गांव में राशन की दुकान में गला लेने आई महिला को हमीरपुर कालपी हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के कुसौली पुरवा गांव निवासी शिव देवी (55) पत्नी राम खिलावन सोमवार सुबह 11 बजे अपना राशन लेने के लिए बाइक में बैठकर डामर गांव आ रही थी। तभी हमीरपुर कालपी हाईवे में गांव के सामने अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों ने कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर उमैर अली ने प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पड़ोसियों पर उन्माद फैलाने का लगाया आरोप

**मौदहा।** कस्बे के अलाही तालाब निवासी एक युवक ने दो पड़ोसी युवकों पर आए दिन जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने व धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप लगाया है। कस्बा निवासी आकाश बाल्मीकि ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह मोहल्ले का इमामुद्दीन उर्फ़ पप्पू, कमाल, सहजादा, शानू मंदिर के सामने आकर गालीगलौज करने लगे। जब मां ने मना किया तो मां को धक्का देकर गालीगलौज करने लगे और धार्मिक उन्माद फैलाने की बात कहने लगे। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। ये लोग कस्बे का माहौल खराब करने की कोशिश में रहते हैं। कहते है कि मोहल्ले में रहना तो हमारी शर्तों पर रहना होगा। इसके पूर्व में भी कई बार गालीगलौज कर चुके है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डंपर से टकराई बारातियों की कार, दो की मौत, पांच घायल

## हाईवे पर नारायणपुर के पास हुआ हादसा, दूल्हे के मौसेरे भाई व चालक की गई जान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- जालौन जिले के कालपी कस्बे से देवगांव आई थी बारात
- हादसे में गंभीर रूप से घायल सभी हैलट कानपुर रेफर

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर नारायणपुर गांव के पास रविवार की रात जालौन जनपद के कालपी कस्बे से देवगांव आ रही बारात की एक इको वैन डंपर से टकराकर चकनाचूर हो गई। इस हादसे में कार चालक और दूल्हे के मौसेरे भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देख रात में ही कानपुर रेफर कर दिया गया।

जालौन जनपद के कालपी कस्बे के द्वारकापुरी मोहल्ला निवासी रामविशाल पाल के पुत्र हरिश्चंद्र पाल की शादी देवगांव निवासी


हादसे में क्षतिग्रस्त ईको वैन।

प्रहलाद पाल की पुत्री कोमल पाल के साथ तय हुई थी। 1 जून की शाम बारात कालपी से हंसी खुशी और बैंडबाजों के साथ रवाना हुई। कुछ बाराती ईको वैन से बारात में शामिल होने आ रहे थे। रात करीब 12:15 बजे इको वैन हाईवे पर नारायणपुर गांव के पास डंपर से टकराकर चकनाचूर हो गई। इस हादसे में वैन चालक सौरभ पाल (23) निवासी करियापुर थाना भोगनीपुर कानपुर देहात और दूल्हे के मौसेरे भाई शोभित (11) निवासी इमिलिया खुर्द बांध कालपी जनपद जालौन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे में वैन पर सवार संतशरण (55) निवासी इमिलिया खुर्द, संदीप कुमार (28) निवासी भोगनीपुर, अनुराग (25) निवासी इमिलिया खुर्द, शीलू (20) निवासी भोगनीपुर और शैलेन्द्र (23) निवासी इमिलिया खुर्द गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और सभी लोगों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने सौरभ और शोभित को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घायलों की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

### हादसे के बाद शादी की खुशियां गम में बदलीं

हादसे में दो लोगों की मौत से शादी की खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम बाराती अस्पताल पहुंच गए। कन्या पक्ष में भी मातम पसर गया। कुछ देर के लिए शादी की रस्में रोक दी गईं। बाद में गम के माहौल के बीच शादी की रस्में पूरी कराई गईं और सोमवार की सुबह दुल्हन के साथ बारात विदा हुई।

## रंगदारी मांगने का आरोप, तहरीर दी

**मौदहा।** बजरंग दल संयोजक ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर सौंपते हुए रंगदारी धार्मिक उन्माद हिंदुओं से घृणा करने व मारपीट करने के मामले में न्याय की गुहार लगाई।

कस्बा निवासी नगर बजरंग दल संयोजक प्रमोद सोनी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि फतेहपुर मोहल्ले का नौशाद उर्फ नाद बाबा रंगदारी मांगता है। न देने पर जान से मारने की धमकी देता है। इसके पूर्व भी रंगदारी के नाम पर 5000 रुपये ले चुका है। 31 मई की सुबह जब वह मीरा तालाब से होते हुए बाइक से जा रहा था तो साथियों के साथ पीर बाबा के पास घेर लिया और रंगदारी मांगने लगा। धमकी दी कि रंगदारी नहीं दोगे तो अंजाम बुरा होगा। युवक अपराधी प्रवृत्ति के हैं साथियों के साथ गैंग बनाकर लव जिहाद हिंदुओं से नफरत करना व धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करते हैं। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

# दूसरी शादी करने जा रहे पति का चालान

संवाददाता, बिवांर

- महोबा से शादी रोकवाने पहुंची पत्नी के साथ की गई मारपीट

**अमृत विचार।** पहले विधवा महिला की मांग में सिंदूर भरकर शादी रचाई। एक साल तक पत्नी के साथ दिल्ली में रहकर मेहनत-मजदूरी की और फिर बहाने से पत्नी को मायके में छोड़कर दूसरी शादी करने का ताना-बाना बुल लिया। इसकी जानकारी होते ही पत्नी ससुराल पहुंची और दूसरी शादी का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर चालान कर दिया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

महोबा जिले के खरेला के कांशीराम कॉलोनी की रहने वाली पूजा के मुताबिक उसके पति जय सिंह का निधन हो गया था। उसके बच्चे भी हैं। बिवांर क्षेत्र के अतरार गांव निवासी दीपेंद्र पुत्र शैलेंद्र सिंह ने पिछले साल महोबा जाकर पूजा को जयमाला पहनाई और मांग में सिंदूर भरकर शादी कर ली थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी दिल्ली चले गए और मजदूरी करने लगे थे।

पूजा के अनुसार 15 मई को दीपेंद्र दिल्ली से उसे यहां लाया और बहाने से उसे मायके में छोड़ दिया। बैग से 25,000 रुपये निकालकर अपने घर आ गया। मामी के कहने पर मध्य प्रदेश की एक युवती के साथ बजेहटा के मंदिर में एक जून को शादी करने जा रहा था। इसकी खबर होने पर पूजा तीन बच्चों और छोटी बहन के साथ अतरार पहुंची और दूसरी शादी का विरोध किया तो पति के साथ ससुर, दो चचेरे ससुर ने उसके साथ मारपीट की और भगा दिया। एसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर पति के खिलाफ कार्रवाई कर चालान किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# खेत पर पड़ा मिला किसान का शव

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव की घटना
- शव के पास जहर की पुड़िया बोतल और मोबाइल मिला

**अमृत विचार।** जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव के खेत में सोमवार की सुबह एक किसान का शव पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के पास ही जहर की पुड़िया, पानी की बोतल और मोबाइल फोन भी मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सरीला तहसील क्षेत्र के जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव के रहने वाले किसान अशोक कुमार (56) पुत्र लाखन राजपूत का शव सोमवार सुबह गांव के ही बरातीलाल अहिरवार के खेत में पड़ा मिला। अपने नलकूप की तरफ गए बरातीलाल ने शव को देखा तो इसकी सूचना अशोक के पुत्र शिवम को फोन पर दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे।

शव के पास ही जहर की पुड़िया पड़ी थी। बगल में पानी की बोतल


खेड़ा शिलाजीत गांव में शव मिलने पर एकत्र हुए गांव वाले। अमृत विचार

और मोबाइल फोन भी मिला। सूचना पर गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। कयास लगाए जा रहे हैं कि अशोक कुमार ने जहर खाकर आत्महत्या की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरीला चौकी इंचार्ज दिनेश प्रसाद मौर्य का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह का सही पता चल सकेगा। इसके बाद पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप लूट में चार साल की कठोर सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सदर कोतवाली क्षेत्र के कुछेछा में जनवरी 2011 में हुई थी लूट
- गिरोह के सरगना सहित चारों आरोपियों को सुनाई गई सजा
- चारों आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के कुछेछा में पेट्रोल पंप लूट में शामिल चार आरोपियों के खिलाफ चौदह वर्ष पूर्व गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट एके खरवार ने गैंग लीडर सहित चारों आरोपियों को चार-चार वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार जुर्माने भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कुछेछा के पेट्रोल पंप में 20 जनवरी 2011 को लूट हुई थी। लूट के सिलसिले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रामऔतार गौतम ने हमराह के साथ गश्त के दौरान 28 फरवरी 2011 को पेट्रोल पंप लूट की घटना में शामिल गोंदी लाल उर्फ नीरज पुत्र सुरेश यादव, मिलन उर्फ राममिलन पुत्र रामसनेही निवासी नई बस्ती सुमेरपुर, नरेश पुत्र जगत सिंह निवासी हरदौली थाना सजेती व अमर सिंह पुत्र कालका यादव निवासी खंडौत थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लूटी गई रकम बरामद करने के बाद इनके खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद चारों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट ने चारों को दोषी मानते हुए चार-चार वर्ष का कठोर कारावास व 10-10 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

# घर में घुस मां-बेटे पर लाठी-डंडों से हमला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जमीन के विवाद में की गई मारपीट, दोनों लहूलुहान

**अमृत विचार।** जमीन के विवाद में गालीगलौज की शिकायत करने पर चचेरे भाइयों ने घर में घुसकर मां-बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस की ओर से कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित मां-बेटे ने सोमवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी की मांग की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के डिग्गी मोहल्ला निवासी ब्रजेश पुत्र रामाधार ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 मई को उनके पड़ोसी चचेरे भाइयों ने जमीन के विवाद को लेकर अभद्रता करने के साथ मारपीट की। इसकी उसने सदर कोतवाली पुलिस से शिकायत की तो दूसरे दिन आरोपियों के परिवार के सुरेश, अभिषेक, केतकी, अनीता और विनोद ने घर में घुसकर सोते समय लाठी-डंडों से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। शोरगुल सुनकर बाहर कंडे पाथ रही मां दौड़कर घर के अंदर पहुंची तो उन लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर सिर फोड़ दिया और धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने सदर कोतवाली पहुंचकर शिकायत की तो दरोगा ने बिना मेडिकल परीक्षण कराए हल्की धाराओं में केस पंजीकृत कर दिया। पीड़ित ने एसपी से मां का मेडिकल कराकर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की है।

# संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए त्योहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने, किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। कहा गया कि कुर्बानी के लिए स्थान का पहले से चिह्नांकन हो। विवादित और संवेदनशील स्थानों पर कुर्बानी कतई न की जाएगी। कुर्बानी के बाद अपशिष्ट के निस्तारण के संबंध


बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

- डीएम और एसपी ने कलेक्ट्रेट में पीस कमेटी की बैठक की

में विस्तृत चर्चा की गई। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या कुर्बानी से संबंधित वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न करने की हिदायत दी गई। धर्मगुरुओं/मौलवी व संभ्रांत व्यक्तियों से आग्रह किया गया कि यदि कोई अराजकतत्व त्योहार को प्रभावित करता है तो उस व्यक्ति या अराजकतत्व के बारे सूचना पुलिस को दें, ताकि कठोर कार्रवाई की जा सके। नमाज के समय ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सफाई व सुरक्षा व्यवस्था रखने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, एएसपी, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**गजब हाल है** — बगैर अभिलेखों के विवादित जमीन की पैमाइश करने राजस्व टीम के साथ पहुंचे तहसीलदार

# राजस्व विभाग के पास जमीन के अभिलेख ही नहीं

संवाददाता, सुमेरपुर

- बिना अभिलेख विवादित भूमि नापने पर किया गया विरोध
- विरोध के चलते राजस्व विभाग की टीम खानापूरी कर लौटी

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे का बंदोबस्ती नक्शा, खतौनी नहीं होने से वरासत, वसीयत, बैनामा का दाखिल खारिज नहीं हो रहा है, लेकिन विवादित भूमि की पैमाइश के लिए राजस्व विभाग के पास सब कुछ उपलब्ध हो जाता है। इससे कस्बे में झगड़े के हालात पैदा हो रहे हैं। बीते माह देवगांव मार्ग पर इसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। ऐसा ही एक मामला सोमवार को कस्बे में देखने को मिला। गर्दन फंसती देखकर राजस्व विभाग की टीम खानापूरी कर लौट गई।

कस्बा निवासी विकास सिंह का कैथी के रामपाल से भूमि संबंधी विवाद है। उच्च न्यायालय ने 2015 में सुनवाई के दौरान सुमेरपुर मौजा के बंदोबस्ती नक्शा को अमान्य घोषित कर दिया था, जिस पर


विवादित भूमि की नाप करने पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

राजस्व अधिकारियों ने आपसी सहमति से पैमाइश का रास्ता निकाला था। पीड़ित की ओर से की गई शिकायतों पर राजस्व विभाग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से लिखा है कि बंदोबस्ती नक्शा, खतौनी आदि अभिलेख नहीं है, लिहाजा मापांकन करना संभव नहीं है।

इसके बाद भी सोमवार को तहसीलदार सदर रविंद्र पाल, नायब तहसीलदार प्रदीप निगम, राजस्व कर्मियों के साथ विवादित भूमि की नाप-जोख करने के लिए पहुंच गए, लेकिन विकास सिंह की कड़ी आपत्ति के बाद राजस्व टीम खानापूरी कर लौट गई। पीड़ित ने राजस्व टीम के खिलाफ न्यायालय जाने की बात कही है।

इसी तरह की एक विवादित जमीन की नाप-जोख राजस्व टीम ने देवगांव मार्ग पर पिछले माह की थी। जमीन की पैमाइश कर राजस्व टीम के वापस जाते ही दोनों पक्षों में लाठियां चली थीं, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। लोगों का कहना है कि जब राजस्व विभाग के पास अभिलेख नहीं हैं तो राजस्व विभाग यह कैसे तय कर देता है कि विवादित भूमि यही है। जब लोग वरासत, वसीयत, बैनामा दाखिल खारिज की बात करते हैं तो राजस्व विभाग हाथ खड़े कर देता है।

### 6 जून को होगा हस्तलिखित खतौनी का प्रकाशन

**सुमेरपुर।** 6 जून को नगर पंचायत के टाउन हॉल में सुबह 10 बजे कस्बे के मौजे की हस्तलिखित खतौनी का प्रकाशन होगा। इसके बाद साक्ष्यों के साथ एक सप्ताह तक आपत्तियां लेकर निस्तारण करने के उपरांत खतौनी का अंतिम प्रकाशन तय किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि तहसीलदार सदर ने पत्र भेजकर अवगत कराया है कि चकबंदी प्रक्रिया स्थगित होने के उपरांत अभिलेख तहसील को प्राप्त हुए थे। प्राप्त अभिलेखों के आधार पर राजस्व कर्मियों की देखरेख में हस्तलिखित खतौनी तैयार कराई गई हैं। इस खतौनी का प्रकाशन 6 जून को नगर पंचायत में किया जाएगा। इसके बाद सात दिवस तक साक्ष्यों के साथ आपत्तियां मांगी जाएगी। इसके बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होंगी।

## सार-संक्षेप


केंद्रीय विद्यालय के समर कैंप में खो-खो खेलतीं छात्राएं। अमृत विचार

### केंद्रीय विद्यालय के समर कैंप में बच्चे सीखेंगे गुजराती भाषा

**सुमेरपुर।** कस्बे में संचालित केंद्रीय विद्यालय में सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप की शुरुआत हुई। विद्यालय के प्राचार्य योगेन्द्रनाथ राम ने कैंप का संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित 22 भाषाओं के महत्व के बारे में जानकारी दी। कैंप प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि एनसीईआरटी के दिशा निर्देशों के अनुपालन में भारतीय भाषाओं से बच्चों को अवगत कराया गया। जिसमें कक्षा छह, सात व 8वीं के विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे है। इसमें से कुछ भाषाओं का ज्ञान विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों का अन्य भाषाओं के प्रति जानकारी प्राप्त होगी। केंद्र सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में यह एक सकारात्मक पहल सिद्ध होगी। गुजराती भाषा सीखने के लिए कैंप में अभिभावक बलवंत सिंह को आमंत्रित किया गया है। कैंप में योग, खेलकूद, संगीत, नृत्य व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कैंप प्रभारी एवं संगीत शिक्षिका श्रद्धा साहू का विशेष योगदान रहा।


छात्र का अभिनंदन करते विद्यालय के शिक्षक। अमृत विचार

### जेईई एडवांस में पीयूष कुमार आनंद ने मारी बाजी

**राठ।** कस्बे के सेठ छोटेलाल एकेडमी स्कूल से इसी साल इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने वाले छात्र पीयूष कुमार आनंद ने जेईई एडवांस ऑल इंडिया रैंक 22157 और कैटिगरी रैंक 669 प्राप्त कर नाम रोशन किया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी एवं केमिस्ट्री के लेक्चरर रजत कटियार व अन्य शिक्षकों ने छात्र पीयूष कुमार आनंद व उसके माता-पिता को सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक धीरेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, गेस्ट टीचर अनुज कुमार कोष्टा, संजय महावर ने छात्र की इस कामयाबी पर बधाई दी। छात्र रजत कटियार ने कहा कि बोर्ड परीक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयारी की थी।

### राठ की सृष्टि वर्मा ने हासिल की 1468वीं रैंक

**राठ।** जेईई एडवांस-2025 की परीक्षा में टोला खंगारन गांव की बेटी सृष्टि वर्मा ने 1468 रैंक हासिल की है। सृष्टि के पिता जगरूप सिंह नौरंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आउटसोर्स पर स्वास्थ्य कर्मी के पद पर तैनात है। आईआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित हुई इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस के लिए तहसील के टोला खंगारन गांव की सृष्टि वर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय राठ से इंटरमीडिएट कर महाराष्ट्र के पुणे में कोचिंग की थी। जेईई एडवांस 2025 में 1468 रैंक लाकर पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। सृष्टि के पिता जगरूप सिंह ने कहा कि बेटी की सफलता से वह बहुत खुश है। मां शशि कुमारी ने कहा की बेटी का पहले ही परिणाम बेहतर था इस बार उसे पहले से भी बड़ी सफलता मिली है। कहा कि हम लोगों ने बेटी को समय से पढ़ने के लिए प्रेरित किया लेकिन कभी उसे पर दबाव नहीं बनाया।वहीं सृष्टि ने बताया कि उसकी सफलता का श्रेय उसके भाई आयुष कुमार और माता-पिता को मिलता है। उसके भाई ने भी नवोदय विद्यालय से ही शिक्षा ग्रहण की है।


सृष्टि का मुंह मीठा कराते माता-पिता।


उर्स के मौके पर लंगर खाते अकीदतमंद। अमृत विचार

### पंछी पीर बाबा के उर्स में लंगर का आयोजन

**मौदहा।** रविवार को कस्बे में दो उर्स बड़े धूमधाम से मनाए गए। पंछी पीर बाबा के उर्स में दलित समाज के लोगों ने विशाल लंगर कर हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल पेश की। कस्बे के हुसैनगंज स्थित हजरत इनायत शहीद बाबा रह. का एक दिवसीय सालाना उर्स मुबारक रविवार को बड़ी शानो-शौकत के साथ मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा। उर्स में रविवार को सुबह कुरान ख्वानी हुई। दिन में तीसरे पहर लंगर खिलाया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। बाद नमाज़ असर चादरपोशी हुई और रात में शानदार मुशायरे का आयोजन हुआ। जबकि कस्बे के पूर्वी तरौस स्थित पंछी पीर बाबा के सालाना उर्स में सुबह मजार पर कुरआन ख्वानी और दिन में 11 बजे से लंगर का आयोजन किया गया। जबकि मजार के बगल में दलित समाज के लोगों ने विशाल लंगर का आयोजन कर हिंदू मुस्लिम एकता को बढ़ाते हुए गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश की और दूषित राजनीति कर हिंदू मुस्लिम के बीच खाई पैदा करने वालों के मुंह पर तमाचा जड़ा।

## एक नजर

### युवती ने जहर खाकर की आत्महत्या

महोबा। थाना अजनर के ग्राम टिकरिया में एक युवती ने घर पर जहर खा लिया, हालत बिगड़ने पर उसने जहर खाने की बात बताई। गंभीर हालत देख जीजा आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गया, जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली चरखारी के ग्राम बैहारी निवासी सोहनलाल की 22 वर्षीय बेटी गर्मी की छुट्टियों में थाना अजनर के ग्राम टिकरिया अपने जीजा देवेंद्र राजपूत के यहां गई थी। कुछ दिन रहने के बाद उसने जीजा के घर पर ही जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दो डॉक्टरों के भरोसे महिला जिला अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, महोबा


महिला अस्पताल में जुटी भीड़। अमृत विचार

● पैरामेडिकल स्टाफ की कमी, उपचार के लिए परेशान हो रहे मरीज

**अमृत विचार।** महिला जिला अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी के चलते मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां पर सर्जन तो हैं लेकिन एनेस्थीसिया डॉक्टर नहीं होने से सर्जन का पूरा लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा। हालात यह है कि महिला जिला अस्पताल दो डॉक्टरों के भरोसे चल रहा है। कमोवेश यही हाल नर्सों का भी है। यहां जिला स्तरीय महिला अस्पताल में मात्र चार नर्सें हैं, जबकि यहां पर डिलेवरी वाले वार्ड प्रसूताओं से भरे हैं। ऐसे में पीड़ितों को भारी समस्याएं उठानी पड़ रही हैं।

महिला जिला अस्पताल 30 बेड का है, जबकि 35 बेड पर मरीज भर्ती है। स्टाफ की कमी के चलते महिला मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कभी कभार मरीजों को बेड के बाहर उनके लेटने की व्यवस्था करानी पड़ती है। सीमित संसाधनों के बाद भी मरीजों को स्वास्थ्य विभाग सुविधाएं देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन मरीजों की बढ़ती भीड़ के चलते चिकित्सकों को पल भर की फुरसत नहीं मिलती। जहां एक तरफ ओपीडी में महिला मरीजों की लाइन लगी रहती है, वहीं दूसरी तरफ डिलेवरी कराने वाली महिलाओं की भी अच्छी खासी संख्या रहती है। जिससे चिकित्सक और नर्सों को सुबह से शाम तक समय नहीं मिलता है।

महिला जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रमाकांत चौरिया का कहना है कि कोरोना काल के समय चालू कराए गए ऑक्सीजन प्लांट आज भी चालू है। लाइट न देने पर जिला अस्पताल के दो जनरेटरों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि महिला अस्पताल में मात्र दो डॉक्टर होने से वह ओपीडी में मरीजों को देखते है, बाद में डिलेवरी भी कराते है। ऑपरेशन से डिलेवरी भी कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि महिला अस्पताल में बेडों की भी कमी है।

# तेज आंधी से पेड़ गिरे बिजली व्यवस्था ठप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सोमवार को मौसम ने करवट ली। बादल छाए और तेज आंधी आई। इससे कई जगह पेड़ गिरे और बिजली के कंभे टूट गए। इससे कई जगह बिजली व्यवस्था बाधित हो गई और रोड पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित रहा।

सोमवार को आई तेज आंधी से एक गांव में पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित रहा, बाद में पेड़ को हटवाया गया। पेड़ मकान में गिरने से मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं तेज आंधी के चलते पोल गिरने से बिजली गुल हो गई। जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि सोमवार को करीब चार बजे आई तेज आंधी से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घरों और दुकानों में धूल भर गई। लुहेड़ी गांव में तेज आंधी की चपेट में आने से एक पेड़ गिर गया, लेकिन गांव के लोग उसके आस पास नहीं थे, इससे बड़ा हादसा टल गया। तेज आंधी से लोग अपने अपने घरों में कैद हो गए, वहीं बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से लोगों को गर्मी से जूझना पड़ा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, दो घायल

## पनवाड़ी ननौरा मार्ग पर ग्राम मुढारी के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, महोबा


अस्पताल परिसर में जुटी मृतक के परिजनों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनवाड़ी ननौरा मार्ग पर ग्राम मुढारी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए, दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के थाना गढ़ी मलहरा के ग्राम मलका निवासी सतीश अहिरवार (24) पुत्र घासीराम अपने दो साथियों के साथ ग्राम महोबकंठ के पास एक शादी समारोह में शिरकत करने जा रहा था। रविवार की रात को ग्राम मुढारी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने संतुलन खो दिया और बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक सतीश अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके दोनों साथी शैलेंद्र (23) मुन्ना (26) घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चीख पुकार मच गई। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग दौड़ पड़े, तभी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। युवक की मौत से उसके घर में गमगीन माहौल बना हुआ है।



बैंक का निरीक्षण करती पुलिस टीम। अमृत विचार

# पुलिस ने बैंक का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता,महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप कुमार के निर्देशन पर सोमवार को पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों की बैंकों व वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया। पुलिस ने बैंकों के अंदर बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए चेतावनी दी।

बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को भी परखा। साथ ही सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान बैंक प्रबंधक से भी बातचीत की और बैंक के अलार्म को 24 घंटे दुरुस्त रखने को कहा गया। पुलिस को बैंक में देख कर फालतू घूम रहे लोग चुपके से बैंक से खिसक गए। बैंकों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों को साइड में लगवाया गया, जिससे बैंक आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस मौके पर पुलिस टीम द्वारा बैंक में आए लोगों से संवाद करते हुए उनको धोखाधड़ी जालसाजी व ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

# स्कूटी खरीदने के बहाने डेढ़ लाख रुपये की टप्पेबाजी

संवाददाता कुलपहाड़, महोबा



शोरूम में जांच करती पुलिस। अमृत विचार

● पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी

**अमृत विचार।** नगर के एक ई-स्कूटी शोरूम से दो अज्ञात बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपये की टप्पेबाजी कर रफूचक्कर हो गये। शोरूम मालिक को जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुट गई।

मालूम हो कि नगर के गोंदी चौराहा स्थित श्री रामराजा मोटर्स के नाम से ई-स्कूटी का शोरूम संचालित है। जिसमें शोरूम के मालिक जीतेन्द्र सिंह राजपूत बैठते हैं। सोमवार को दोपहर 12 बजे करीब दो लोग स्कूटी देखने लिए शोरूम में आए। जिसमें से एक व्यक्ति दुकान मालिक के साथ स्कूटी की ट्राई करने लगा। और दूसरा साथी दुकान के शोरूम में बैठा रहा। तभी मौका पाकर उसने टेबल की दराज में रखे डेढ़ लाख रुपये नकद चुरा लिए और रफूचक्कर हो गया। उसका एक साथी जो स्कूटी की ट्राई कर रहा था। वह शोरूम के बाहर उतरकर समोसे लेने के बहाने गायब हो गया। जब शोरूम मालिक ने अपनी गोलक की दराज खोलकर देखा, तो उसमें रखे डेढ़ लाख रुपये गायब थे। आनन-फानन में मालिक जितेंद्र ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाली कुलपहाड़ के इंचार्ज प्रभारी इंस्पेक्टर अरविन्द सिंह गौर, उपनिरीक्षक विकास तिवारी मय पुलिस बल के जांच पड़ताल में जुट गए है।

इंचार्ज प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर टप्पेबाजों की तलाश की जा रही है। पीड़ित शोरूम मालिक जितेंद्र ने तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।


श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

# श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर वस्तानवी को किया याद

**मौदहा(हमीरपुर)।** कस्बे के बाहर स्थित जामिया हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी कम्हरिया रोड की मस्जिद अबू बकर सिद्दीक में आलमे इस्लाम की मशहूर शख्सियत खादिम मौलाना गुलाम मोहम्मद वस्तानवी की मौत पर एक शोक सभा आयोजित की गई।

मदरसे के नाजिम मौलाना आसिम की देखरेख में मुख्य अतिथि खुसूसी के रूप में मौलाना मोहम्मद हाशिम ने वस्तानवी के काम और उम्मत की फिक्र, उनका कुरआन से संबंध और इतने कम समय में वस्तानवी की कामयाबी पर विस्तार से बताया और बुनियादी बातें बतलाई। मंच का संचालन कर रहे मुफ्ती हातिम हाशिम मजाहरी ने बताया कि जिस तरह हजरत बांदवी का कोई सानी नहीं है इसी तरह आप के खलीफा हजरत वास्तानवी का भी कोई सानी नहीं है। जामिया के मकतब के कारी मोहम्मद आबिद सिद्दीकी राठ ने भी हजरत के औसाफ बयान किए। अंत में मदरसे के अध्यापकों ने वस्तानवी पर मरसिया पढ़ कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी और दुआएं मांगी। इस दौरान कस्बे सहित क्षेत्र के तमाम जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# किराया लेने पर दबंगों ने बस घेर कर परिचालक के साथ की मारपीट

**बिधूना, औरैया।** बिधूना-इटावा रोड पर किराया मांगने पर दबंगों ने बस रुकवा कर प्राइवेट बस परिचालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित परिचालक द्वारा पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है।

बिधूना-इटावा मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस के परिचालक सत्यवीर यादव निवासी निनावा बंधारा, इटावा ने बिधूना कोतवाली पुलिस को शिकायती दिया। बताया कि सोमवार को बस में सवारियां भरकर इटावा से बिधूना आ रहा था। तभी बस में सवार एक सवारी से किराया ले लिया। जिस पर सवारी द्वारा बिधूना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत भगवानपुरा गांव के समीप बस के पहुंचने पर दोपहर लगभग 1:20 बजे अपने साथियों को फोन से बुला लिया और ग्राम सामपुर थाना बिधूना के पास पांच दबंगों ने बस को घेरकर उसे नीचे खींच लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से पीट दिया। दबंगों ने रोड पर दोबारा दिखाई पड़ने पर जान से मारने की धमकी दी और भाग गये। पीड़ित परिचालक द्वारा बिधूना कोतवाली में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच कर रही है।

# स्वार्थ में मनुष्य की सारी दृष्टि बदल जाती है : आचार्य रामजी

संवाददाता बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के ग्राम कटरा नकी में चल रही श्रीमद भागवत व राम कथा के सातवें दिन भरत चरित्र व राम का चित्रकूट प्रवास का वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य रामजी महाराज ने कहा कि फलदार वृक्ष को हमेशा झुकना पड़ता है ठीक इसी प्रकार बलवान व मजबूत मनुष्य को भी झुकना पड़ता है।

कथा वाचक आचार्य रामजी महाराज ने कहा कि अयोध्या में इतना बड़ा अनर्थ हुआ था, तो कैकई भरत से कहती हैं कि बेटा सब कुछ ठीक है बस थोड़ा सा काम बिगड़ा हुआ है। महाराज ने कहा कि स्वार्थ आंखों में है तो मनुष्य की सारी दृष्टि बदल जाती है। भरत अपने पिता के पास जाकर गिर पड़ते हैं और बिलखने लगते हैं। गुरु वशिष्ठ ने समझाते हुए कहा कि हानि लाभ जीवन मरण यस अपयस विधि के हाथ है। इस दौरान महावीर सेना के जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह सेंगर ने प्रभु की आरती उतारी व पूजन किया। इस अवसर पर परीक्षित के तौर पर जयवीर सिंह डॉक्टर, अवधेश प्रताप सिंह सेंगर, सुभाष चंद्र पाल, चंद्र मोहन पाल, मुन्नालाल, पुष्पेंद्र भदौरिया, प्रदीप पाल, वीरेंद्र पाल, जगदीश पाल, अरविंद पाल, प्रसाद पाल, सरवन पाल, राजवीर पाल, आदित्य पाल राम नरेश कठेरिया मौजूद रहे।


ग्राम कटरा में चल रही रामकथा श्रवण करते श्रोता। अमृत विचार


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते पीड़ित। अमृत विचार

# बड्स एक्ट लागू किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● पीड़ितों ने बड्स एक्ट-2019 लागू न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने बड्स एक्ट 2019 को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संस्था के राष्ट्रीय संयोजक मदन लाल आजाद के निर्देश पर यह धरना आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बड्स एक्ट के अनुसार ठगी पीड़ितों को 180 दिन में जमा राशि का दो से तीन गुना भुगतान किया जाना है। इसके लिए विशेष न्यायालय और अधिकारियों की नियुक्ति होनी थी। देशभर से 42 करोड़ से अधिक पीड़ितों ने आवेदन किए हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि ईडी, सीबीआई और सेबी द्वारा जब्त संपत्तियां बड्स एक्ट के तहत नियुक्त अधिकारियों को सौंपी जाएं। इससे पीड़ितों को भुगतान किया जा सकेगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर संवैधानिक जिम्मेदारियां निभाने में विफल रहने का आरोप लगाया।

**समर कैंप** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकौना में योगाभ्यास के दौरान योग के बताए लाभ

# गर्मी की छुट्टी में कराया जा रहा बच्चों को योगाभ्यास

संवाददाता जैतपुर महोबा


योगाभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकौना में गर्मी की छुट्टी में योगा शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया जा रहा है, जिससे छात्र छात्राएं छुट्टियों का लाभ उठाते हुए स्वस्थ्य व सेहतमंद रहकर योगा कला सीख सके। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराते हुए प्राणायाम, अनुलोम कपालभाती सहित अन्य मुद्राएं कराई जा रही हैं साथ ही योगा के लाभ से भी रुबरू कराया जा रहा है। छात्रों को योगा के गुर सिखाने के बाद उनसे पहले अपने परिवाजनों और उसके बाद में गांव वालों को योग कराने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

गर्मी की छुट्टी में योग के प्रति उत्सुक छात्रों को स्वस्थ्य रहने के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकौना में योग की विभिन्न आसनो का विद्यार्थियों को अभ्यास कराया गया। विद्यालय के अध्यापक दिनेश, नेतराम, रविंदरपाल, अखिलेश ने छात्र छात्राओं को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भारती सहित अन्य योग मुद्राओं का अभ्यास कराया। योगाभ्यास कर रहे छात्रों में खासा उत्साह नजर आ रहा था। शिक्षकों ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं, जिसमें हृदय संबंधी स्वास्थ्य में वृद्धि, मांसपेशियों की ताकत में सुधार और रक्तचाप का सामान्य होना शामिल है साथ ही योग तनाव के लिए एक प्रसिद्ध मारक है और बेहतर नींद पैटर्न को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि योग के सौ से ज़्यादा अलग अलग प्रकार हैं, लेकिन ज़्यादातर तीन मुख्य तत्वों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिसमें सांस लेने के व्यायाम, ध्यान, और ऐसे आसन करना जो विभिन्न मांसपेशी समूहों को खींचते और लचीला बनाते हैं। बताया कि जब नियमित रूप से अपनी हृदय गति को एरोबिक रेंज में लाते हैं, तो आपको दिल का दौरा पड़ने का जोखिम कम हो जाता है। हालांकि सभी योग एरोबिक नहीं होते हैंए लेकिन अगर आप इसे ज़ोरदार तरीके से करते हैं या कुछ खास क्लास ;जैसे अष्टांगद्ध लेते हैं, तो यह आपकी हृदय गति को एरोबिक रेंज में बढ़ा सकता है। बच्चों को बिना खाद और बिना कीटनाशक का प्रयोग किए अन्न और सब्जियों का सेवन करने पर भी जोर दिया।

# खेत तालाब योजना: तालाब निर्माण के लिए 50 प्रतिशत मिलेगा अनुदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● योजना के तहत 22 मीटर लंबा 20 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरा बनाना होगा तालाब

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत खेत तालाब योजना का आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए योजना की जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत भूमि संरक्षण विभाग द्वारा योजना के अंतर्गत किसानों के खेतों में 22 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और तीन मीटर गहरा तालाब की खुदाई कराई जा रही है। तालाब खुदाई में एक लाख पांच हजार रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी।

भूमि संरक्षण अधिकारी संजय कुमर ने बताया कि कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान जिसकी अधिकतम सीमा 52 हजार पांच सौ रुपये भुगतान लाभार्थी को डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। शेष राशि कृषकों को स्वयं वहन करनी होगी। योजना के लिए लक्ष्य के 40 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्र होंगे जिन्होंने आवेदन की तिथि विगत सात वर्षों में उद्यान, कृषि विभाग के माध्यम से अपने खेत पर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना की गई हो एवं वर्तमान में में चालू स्थिति में हो तथा अवशेष 60 प्रतिशत ऐसे कृषक पात्रता की श्रेणी में आएंगे, जिन्होंने पूर्व में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित नहीं की, लेकिन अब खेत तालाब के निर्माण के साथ ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने के इच्छुक हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसे कृषकों को खेत तालाब का अनुदान तभी देय होगा, जब वह सूक्ष्म सिंचाई स्थापित करने के लिए उद्यान विभाग का त्रिपक्षीय अनुबंध सत्यापन के समय उपलब्ध कराएंगे। अनुदान का भुगतान किसानों को दो किस्तों में किया जाएगा। निर्धारित न्यूनतम आकार के तालाब की खुदाई का कार्य पूरा होने पर 75 प्रतिशत अनुदान का भुगतान किया जाएगा।

# जमीन कब्जाकर प्लाटिंग, प्रशासन से गुहार

## तेजी से फैल रहा कृषियोग्य जमीन की प्लाटिंग का धंधा, बिहारा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले में भोलेभाले ग्रामीणों को पैसे की आवश्यकता पड़ने पर बहकाकर उनकी जमीन को औनेपौने दामों पर खरीदने और फिर प्लाटिंग कर महंगी कीमत पर बेचने का धंधा जोरों पर है।

सोमवार को बिहारा गांव के कुछ लोगों ने मुख्यालय आकर प्रशासन से इस संबंध में हस्तक्षेप करने और कार्रवाई की गुहार लगाई। इनका कहना था कि प्लाटिंग करने वाले उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यालय और तीर्थक्षेत्र में जमीन की बढ़ती कीमतों और रिहायशी मकानों की सिकुड़ती जगह को देखते हुए भूमाफिया सक्रिय हैं। ये किसानों की कृषि योग्य जमीन को औने पौने दाम पर खरीद कर इसे अच्छी खासी कीमत पर बेच देते हैं। ये दलाल पूरे जिले में तेजी से बढ़े हैं। आरोप तो यहां तक लगते हैं कि इसमें रजिस्ट्री विभाग के कुछ लोग भी मदद करते हैं। इससे इस तरह की जमीन की लिखापढ़ी भी बिना किसी को भनक लगे जल्द हो जाती है। कई बार तो जमीन कब्जाने के भी मामले सामने आए हैं। पर खुलकर विरोध और शिकायत न करने की वजह से इनके हौसले बुलंद हैं। सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे बिहारा के फूलचंद्र, केशू, मुन्ना आदि ने बताया कि कर्वी तहसील अंतर्गत उनके गांव में उन लोगों की जमीन को प्लाटिंग करने वाले कब्जा रहे हैं।

ये लोग ट्रैक्टर और जेसीबी लगाकर कब्जा करने पर आमादा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे लोग विरोध करते हैं तो गालीगलौज की जाती है, मारने की धमकी दी जाती है। इन लोगों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि मौके पर हल्का लेखपाल को भेजकर जमीन की पैमाइश कराएं और काम रुकवाया जाए।

**परिक्रमा मार्ग क्षेत्र के पास भी प्लाटिंग की बातें :** लोगों की मानें तो तीर्थक्षेत्र भी इन भूमाफियों की नजर में है। बताते हैं कि परिक्रमा मार्ग के आसपास के ग्रामीण इलाकों में इनकी सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। कृषि योग्य जमीनों को प्लॉट में तब्दील कर बेचा जा रहा है, वह भी बिना किसी वैध नक्शे आदि के। ये लोग लोगों को तमाम आकर्षण देकर प्लॉट बेच रहे हैं। आरोप हैं कि वहां पर न तो बुनियादी सुविधाएं हैं, न किसी योजना की स्वीकृति।


वह भूमि, जहां कब्जे कर प्लाटिंग की जा रही।


जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे बिहारा के ग्रामीण।

### पहले भी सामने आया था मामला

कुछ दिन पहले ही बिहारा निवासी एक ग्रामीण ने भी अपनी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की थी। बताया जाता है कि लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्रशासन ने अधिकारियों को मौके पर भेजकर पैमाइश कराने और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### ग्रामीण बोले, कठोर कार्रवाई हो

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे कृषियोग्य जमीन का आवासीय उपयोग न किया जा सके। अगर समय रहते प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई तो स्थिति काबू से बाहर हो सकती है।

# शैक्षिक गुणवत्ता में राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकूट को मिला नवां स्थान

- बीएसए बोले- जारी रहेगा प्रयास, प्रथम स्थान लाएंगे
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी की सराहना

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, जनपद चित्रकूट को शैक्षिक गुणवत्ता में नवां स्थान प्राप्त हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सराहना की है। इस उपलब्धि पर समाजसेवी बीपी पटेल, सभासद शंकर यादव सहित खंड शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला, राजेश गुप्ता, मिथिलेश कुमार आदि ने बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा को बधाई दी।

बीएसए ने बताया कि नीति आयोग ने 19 बिंदुओं पर निर्धारित मापदंड पूरा करने का लक्ष्य दिया था। समीक्षा में चित्रकूट को प्रदेश में ही नहीं, पूरे देश में नौवां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने इसके लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि चित्रकूट को पहला स्थान मिले, इसके लिए हम लोग और दुगुने उत्साह से काम करेंगे। बताया कि जिले में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक मिलाकर कुल 1256 विद्यालय हैं। इनमें शौचालय, रनिंग वाटर, किचन शेड आदि की व्यवस्था है।

बीएसए ने अन्य उपलब्धियों और सुविधाओं की जानकारी दी। बताया कि मात्र दो विद्यालय विद्युतीकरण से वंचित हैं। 483 विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी इमेज की व्यवस्था नहीं हो पाई है। फर्नीचर और दिव्यांग शौचालयों के निर्माण में जनपद चित्रकूट पीछे है। यदि यह दो बिंदुओं पर अधिकारियों ने ध्यान दिया तो निकट भविष्य में चित्रकूट को पूरे देश में पहला स्थान मिलने से कोई रोक नहीं सकता। बीएसए ने बताया कि अक्टूबर 2024 में चित्रकूट राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षिक गुणवत्ता के मामले में तीसवां स्थान पर था। एक माह बाद नवंबर 2024 में हमें 16वां स्थान प्राप्त हुआ। दिसंबर 2024 में जनपद चित्रकूट को नौवां स्थान मिला।


बीएसए बीके शर्मा का स्वागत कर बधाई देते युवा समाजसेवी और अधिकारी।


मंदाकिनी नदी से निकाली गई गंदगी। अमृत विचार

# सिल्ट निकाली गई, अब घाट से हटाई जाए मिट्टी

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र में मध्य प्रदेश अंतर्गत नयागांव स्थित रामघाट में मंदाकिनी नदी से सैकड़ों ट्राली मिट्टी और सिल्ट निकाली गई। बीते दिनों सफाई अभियान में शिरकत करने आए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सतना के जिलाधिकारी को इस संबंध में निर्देश दिए थे। बुंदेली सेना ने जलशक्ति मंत्री के प्रति आभार जताया और मांग की कि अब घाट से मिट्टी हटाई जाए।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कई साल पहले जब मध्य प्रदेश क्षेत्र में घाट बने थे तभी से यह सिल्ट नदी में जमा थी। मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर के ठीक सामने नयागांव क्षेत्र में फाटक खुलने पर टीला सा दिखाई पड़ता था। जलशक्ति मंत्री इसी घाट में सफाई अभियान में शिरकत करने आए थे। इसी दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ उन्होंने नदी की सिल्ट हटवाने का अनुरोध किया था। तब मंत्री ने सतना कलेक्टर को उद्यमिता परिसर में बुलाकर मंदाकिनी की सिल्ट सफाई के निर्देश दिए थे। सतना प्रशासन ने जेसीबी लगवाकर नदी की सफाई करवाते हुए सैकड़ों ट्रैक्टर सिल्ट की सफाई करवाई है। अजीत ने जलशक्ति मंत्री के प्रति आभार जताया और मांग की कि घाट में पड़ी मिट्टी भी जल्द हटवाई जाए। ताकि सफाई दिखे।

### घर के बाहर बैठे युवक से की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** रमयापुर निवासी उमेश पांडेय ने कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि बीते दिन वह अपने घर के पास बैठा था कि कुछ लोग आए और गालीगलौज करने लगने। मना करने पर इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बीचबचाव में उसके भाई रमेश और दिनेश को भी चोटें आईं।

# आम आदमी की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित हो

- जागृति योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला जज, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को जागृति योजना की जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इस मौके पर योजना की प्रोजेक्टर से जानकारी दी गई। बताया गया कि योजना का उद्देश्य आम आदमी की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्णिका शुक्ला ने बताया कि जमीनी स्तर पर विकास और सुधार के लिए न्याय को बढ़ावा देने की दृष्टि से नालसा (जागृति -जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता) योजना 2025 तैयार की गई है। इसका उद्देश्य एक ऐसा तंत्र बनाना है कि स्थानीय स्वशासन संस्थानों का उपयोग करके कानूनी जागरूकता फैलाई जा सके। इस योजना के माध्यम से कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देकर और न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करके कानूनी ढांचे और जमीनी स्तर की आबादी के बीच की खाई को खत्म करना है। उन्होंने बताया कि डान (डीएडब्लूएन) स्कीम का उद्देश्य है कि जनता मंउ नशीली दवाओं की तस्करी और मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोका जाए। यह गंभीर सामाजिक-आर्थिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का कारण बन रही है। इस खतरे के दुष्परिणाम राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सामंजस्य को प्रभावित करते हैं। मादक द्रव्यों का सेवन विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के बीच खतरनाक अनुपात तक पहुंच गया है। नशीली दवाओं के सेवन और तस्करी का उन्मूलन राज्य और समाज दोनों के लिए एक सर्वोपरि उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार संवाद योजना हाशिये पर पड़े कमजोर आदिवासियों और विमुक्त खानाबदोश जनजातियों के लिये न्याय तक पहुंच को मजबूत करने की एक योजना है। बैठक में रविकुमार दिवाकर अपर जिला जज/त्वरित न्यायाधीश न्यू., अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक, आर जनार्दन सिंह अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय, सौरभ सिंह बाल संरक्षक अधिकारी प्रतिनिधि, डा. नरेंद्रदेव पटेल, डा. शैलेन्द्र कुमार, सीएमएस, सुधीर कुमार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, शिवमूरत यादव निरीक्षक बाल संरक्षण इकाई, डा. सनत कुमार द्विवेदी प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया जिला कल्याण अधिकारी, स्वप्लिन कुमार यादव अपर जिला मजिस्ट्रेट, गया प्रसाद निषाद मुख्य न्याय रक्षक, अशोक कुमार एड. डायरेक्टर जेपीसिंह ला कालेज विनायकपुर मौजूद रहे।


बैठक में जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी, एसपी अरुण कुमार सिंह व अन्य।

# गलत खाते में पैसा डलवाने का लगाया आरोप

**मऊ (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी संतोष बाबू ने बताया कि वह एक फर्म का प्रोपराइटर है। उसका स्टेट बैंक आफ इंडिया की मऊ शाखा में खाता है। इसमें 14,09,940 रुपये एक कंपनी के खाते में धोखाधड़ी कर ट्रांसफर कराए गए हैं।

उसका आरोप है कि इसके पीछे एक दलाल का हाथ है, जिसके कहने पर उसने पैसा दिया। अब ये लोग बहाने बना रहे हैं। उसने पुलिस अधीक्षक से पैसा दिलाने की गुहार लगाई है।

### कांबिग गश्त


चित्रकूट में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण व संदिग्ध अपराधियों, असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अगुवाई में पुलिस और पीएसी ने कांबिंग की। थाना मानिकपुर, मारकुंडी की पुलिस व पीएसी ने ग्राम चूल्ही, बराहमाफ़ी व मारकुंडी के जंगलों में कांबिंग की। इस दौरान सीओ मऊ यामीन अहमद, एसओ मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव, मारकुंडी श्याम प्रताप पटेल आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

# केंद्र बंद, आढ़तियों को किसान बेच रहे गेहूं

- खरीद केंद्रों का नहीं पूरा हुआ लक्ष्य, कर्मियों के नहीं रहने से केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** खरीद केंद्र में दिया गया लक्ष्य के पूर्ण न होने के बाद भी किसानों के गेहूं की खरीद बंद कर दी गई, जिससे किसान अपने गेहूं की बिक्री के लिए आढ़तियों की शरण ले रहे हैं। समय से पहले खरीद केंद्र बंद करने व कर्मियों के न रहने पर सन्नाटा पसर गया है।

किसानों के गेहूं बिक्री करने की सुविधा के लिए भरखरी मंडी को खरीद केंद्र बनाया गया है। जिसमें 15 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीदारी की जाती है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रखा गया है। केंद्र में 7000 क्विंटल की खरीद किए जाने का लक्ष्य दिया गया था। मगर अभी तक 6100 क्विंटल गेहूं की ही खरीद की गई है। दिए गए लक्ष्य को पूरा न कर किसानों के गेहूं की खरीद बंद कर दी गई है। यहां तैनात किए गए कर्मी केंद्र में नहीं जा रहे हैं। केंद्र में कर्मियों के नाम मिलने से किसान वापस लौटने के लिए मजबूर हो रहे हैं। समय से पहले केंद्र बंद करने से किसान आढ़त में जाकर गेहूं की बिक्री कर रहे है। उधर खरीद केंद्र प्रभारी रामफल यादव ने बताया कि किसानों के गेहूं की बिक्री करने के लिए केंद्र में न आने पर खरीद का कार्य बंद कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### स्टेडियम सूखा, खिलाड़ियों को हो रही दिक्कत

**चित्रकूट।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में भीषण गर्मी का असर नजर आने लगा है। सूखे मैदान से खिलाड़ियों को दिक्कत हो रही है। खिलाड़ियों और कोच ने इस संबंध में प्रशासन से पानी की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव, अख्तर, पूर्व क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप यादव, व्यायाम शिक्षक श्याम सुंदर यादव आदि ने प्रशासन से इस संबंध में अनुरोध किया। बताया कि मुख्य विकास अधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को इस संबंध में पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए।

### आरोपी गिरफ्तार, गांजा-बाइक बरामद

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी शिवरामपुर शनि चतुर्वेदी ने भरतकूप की ओर जाने वाले रास्ते से नफीस अली उर्फ छोटा पुत्र अहमद खां निवासी शिवरामपुर को डेढ़ किलोग्राम सूखा गांजा व बिना नंबर प्लेट की चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बताया कि उसने यह बाइक सतना के एक मंदिर से चुराई थी। पुलिस टीम में एसआई कैलाश, आरक्षी विपिन कुमार, दुर्गेश यादव और दीप प्रताप सिंह शामिल रहे।

### 17 जून से होगा आरक्षियों का प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइंस का निरीक्षण किया। यहां 17 जून से 450 रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण होना है। एसपी ने क्लास रूम, मेस, बैरिक आदि को देखा। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, आरटीसी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

### रानीपुर टाइगर रिजर्व का किया भ्रमण

**चित्रकूट।** प्रमुख सचिव आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश रंजन कुमार व डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया। अधिकारियों ने कतर्निया घाट, बहराइच से आई सफारी व्हीकल से किहुनियां, चौरी, कल्याणपुर रूट पर भ्रमण किया। इस दौरान कई वन्यजीव देखे गये। अधिकारियों ने हैबिटेट इंप्रूवमेंट, इको टूरिज्म विस्तार आदि पर निर्देश दिए गए। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू एवं डीसी मनरेगा धर्मराज सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत कसहाई गांव निवासी संपतिया पत्नी स्व. रामसजीवन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर कुछ लोगों पर अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि बीते दिन उसकी बहुएं उसकी जमीन से चारा काट रही थीं कि कुछ लोगों ने उनसे गालीगलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इनका कहना था कि यह जमीन उनकी है। उसने बताया कि वह अनुसूचित जाति की गरीब महिला है। उसके पास जमीन के कागजात भी हैं। उसने एसपी से न्याय की गुहार की है।

### तीन आरोपियों पर यूपी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष सरधुआ राम सिंह ने गुंडागर्दी के आरोप में तीन लोगों पर गुंडा एक्ट लगाया है। पुलिस ने तिलक द्विवेदी पुत्र सुरेश द्विवेदी निवासी ग्राम रामपुर, देवनारायण पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी ग्राम कुचौली और श्रीकेश सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम ममसी बुजुर्ग के विरुद्ध धारा 3 यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम की कार्रवाई की।

### साइबर क्राइम का शिकार, तहरीर दी

**मऊ (चित्रकूट)।** कस्बा निवासी समीम ने थाने में तहरीर देकर साइबर क्राइम का शिकार होने की जानकारी दी है। उसने बताया कि उसका स्टेट बैंक आफ इंडिया की मऊ शाखा में खाता है। बीते दिन एक फोन आया कि अपने फोन से पैसा भेज दो, बाद में खाते में पैसा आ जाएगा। बताया कि आरोपी ने ईंट के सौदे के लिए पैसा भेजने की बात कही थी। विश्वास में आकर उसने 68980 रुपये उस नंबर पर भेज दिए। अब उसका पैसा वापस नहीं आया।

**दिक्कत** — अब चौराहे पर देर तक नहीं रुकतीं रोडवेज बसें

# अनुबंध के चलते खत्म हो गया मऊ बस अड्डे का अस्तित्व !

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ

**अमृत विचार।** मऊ बस अड्डे पर अब रोडवेज बसें नहीं रुकतीं। ये सवारियों को उतारती हैं और बैठाती हैं और तुरंत चल देती हैं। इसकी वजह है वह अनुबंध, जिसके तहत अब रोडवेज बसें यहां से कई किमी दूर एक ढाबे पर रुकती हैं। ऐसे में लोगों को दिक्कत तो हो रही है पर किसको चिंता है।

के रुकने के चलते मऊ बस अड्डा के व्यापारियों के घरों का भरण पोषण होता था। जिसके चलते हुई आमदनी और यात्रियों के आवाजाही से मऊ बस अड्डा गुलजार रहता था वो अब सरकार के अनुबंध योजना के चलते समाप्त हो गया। मऊ बस अड्डा की रौनक जहां खत्म हो गई वहीं अब यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पहले बसें मऊ बस स्टैंड पर दस-पंद्रह मिनट खड़ी होती थीं, जिससे यात्री सुविधानुसार गंतव्य स्थान तक पहुंचते थे। अब रोडवेज बसों का ठहराव बरगढ़ के पास हाईवे किनारे के एक ढाबे में हो जाने से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। अगर बस निकलने के बाद यात्री पहुंचे तो इनको लगभग बारह किमी की दूरी तय कर वहीं जाना पड़ेगा या फिर अगली बस के लिए इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में कई बार धक्कामुक्की की स्थिति भी बन रही है। ऐसे में प्राइवेट बस संचालकों की भी बन आई है।

**डग्गामार वाहनों की हो जाएगी चांदी :** मऊ बस अड्डा होने के कारण दूर दराज के गांवों के लोग सीधे मऊ पहुंचते थे अब बस अड्डा नाम मात्र के होने के चलते लोगों को दस से बारह किलोमीटर दूर ढाबा पहुंचना होगा, जिससे लोग डग्गामार वाहनों का सहारा लेंगे। बताते चलें कि मऊ से बरगढ़ के बीच कई जगह एक्सीडेंटल जोन हैं जहां आए दिन बड़े सड़क हादसे होते रहते हैं। ऐसे में डग्गामार वाहन बढ़ेंगे। यात्रियों को ढाबे तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त खर्च देना होगा।


बस आते ही होने लगती है मारामारी।

### जनता को दिक्कत हुई तो बर्दाश्त नहीं : विधायक


अविनाश चंद्र द्विवेदी।

मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि ढाबा संचालक चालकों और परिचालकों को खाना नि:शुल्क देते हैं। इनमें प्राइवेट बसें भी सम्मिलित हैं। लंबी दूरी की जो बसें होती हैं, वे भी ढाबों में खड़ी होती हैं। बाकी कोई और समस्या नहीं। अगर यात्रियों को दिक्कत हो रही है और कोई शिकायत है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आखिर जनता के आवागमन का सवाल है।

### अनुबंध की वजह से व्यवस्था : एआरएम बांदा

बांदा डिपो के एआरएम मुकेश बाबू गुप्ता से जब बसों के ठहराव के संबंध में पूंछा गया तो उनका जवाब था कि शुभ ढाबा को परिवहन विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है, जिसके चलते बसों का ठहराव वहां होता है। बसें यात्रियों को मऊ में छोड़ती हैं और वहां रिसीव भी करती हैं लेकिन ठहराव के लिए मिलने वाला समय अनुबंध के चलते शुभ ढाबा में होता है।

### शासन की मंशानुरूप किया गया अनुबंध : एआरएम चित्रकूट

चित्रकूट डिपो के एआरएम राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन के मंशानुरूप शुभ ढाबा को अनुबंधित कर दिया गया है। इससे 30 रुपये प्रति बस के ठहराव का सरकार को देता है। इस प्रकार से कुल चित्रकूट से कुल पचास बसों का अप डाउन होता है, जिससे लगभग कुल ठहराव 80 से 100 बार होने के चलते सरकार को प्रतिदिन 2500 हजार से तीन हजार रुपये मिलते हैं। इससे स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिल रहा है और शासन की मंशानुरूप यह किया गया है।








| औरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) |
|  |  |
| 759 रन | 25 विकेट |

**उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

**सर्वाधिक विकेट**

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

**एक पारी में उच्चतम स्कोर**

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

**सर्वाधिक छक्के**

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 39 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 38 छक्के |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु- पंजाब

## सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर रहेंगी, पहले क्वालीफायर में पंजाब को हराकर आरसीबी ने किया है फाइनल में प्रवेश

**अहमदाबाद, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं।

आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है।





रजत पाटीदार / श्रेयस अय्यर

फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने से आरसीबी के दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है। युजवेंद्र चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालीफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

पंजाब और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल.

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

**मैच शाम 7:30 बजे।**

### पंजाब किंग्स ने खुद को पहले स्थान पर रहने के लिए किया है तैयार : होप्स

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। होप्स ने कहा, हम पिछले कुछ महीनों से इस तरह से खेल रहे थे कि हम तीसरे स्थान पर न आएं। हम पहले स्थान पर आने का मौका चाहते थे और अब हमने खुद को वह मौका दे दिया है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

## 30 सितंबर से शुरू आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप

**दुबई, एजेंसी**

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत-श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था, लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान भारत नहीं आएगा और चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।





## मैक्सवेल ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास

**मेलबर्न, एजेंसी**

- भारत-श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर अब करेंगे ध्यान केंद्रित

आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे खेले।

मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली, जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। मैक्सवेल ने कहा, हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें। मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

### क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**केपटाउन।** द. अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकताएं तय करने की कवायद में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 33 वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी-20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

## खेल डायरी

### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं।

### श्रीलंका के अनुरोध पर महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित

**लाहौर।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण 6 जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार के बाद लिया गया, जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर कायम

**नई दिल्ली।** एथलेटिक्स नैतिकता इकाई (एआईयू) ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन से प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है, जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों से अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी ने सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकेंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

## कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

**स्टावेंजर, एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं।

NORWAY CHESS

प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।



डी गुकेश

## अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अहमदाबाद।** पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा है। अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया क्योंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख का जुर्माना लगाया गया।

बयान अनुसार, पंजाब किंग्स का यह आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया है, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

**सात्विक-चिराग करेंगे इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का नेतृत्व**

## खिताब जीतने को बेकरार भारतीय

**जकार्ता, एजेंसी**

पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। अभी सात्विक और चिराग की जोड़ी रैंकिंग में 27वें स्थान पर है लेकिन सिंगापुर के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनके शीर्ष 20 के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया ओपेन में अपने अभियान की शुरूआत लियो रोली कार्नांडो और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ करेगी। सात्विक स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग पीठ की चोट के कारण पिछले कुछ सप्ताह से खेल से दूर थे।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। इंडोनेशिया के नए कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ सिंधू फिर से वही लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष एकल में एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, लक्ष्य सेन चीन के शि यू की से भिड़ेंगे। किरण जॉर्ज लोह कीन यू से मुकाबला करेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद जापान की युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो, रोहन कपूर और रुथविका गाडे शिवानी, सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ तथा असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां होंगी।





## अल्काराज चौथे दौर में, एलिना भी आगे

**पेरिस, एजेंसी**

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।

महिला वर्ग में 13वीं वरीय स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-1 से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया जबकि 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने लियूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (5), 1-6, 6-3 से मात दी।



कार्लोस अल्काराज

ROLAND GARROS PARIS



एलिना स्वितोलिना

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने जीती वेस्टइंडीज से श्रृंखला

- सात गेंद शेष रहते सात विकेट पर इंग्लैंड ने बनाएं 312 रन

**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने 139 गेंदों की पारी में 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी

**रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाज़ू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

## खाने के लिए संघर्ष



गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। सोमवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में सामुदायिक रसोई में दान में भोजन पाने के लिए संघर्ष करते फलस्तीनी। एजेंसी

# आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटेन का साथ

## हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन ने भाजपा सांसद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जताया समर्थन

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन वेस्ट ने सोमवार को लंदन में विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में एक बैठक में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ब्रिटेन आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों में उसके साथ है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का उल्लेख किया और कहा कि पूरी मानवता के हित में इसे खत्म किया जाना चाहिए।

कैथरीन वेस्ट ने ब्रिटेन की ओर से एक बार फिर अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत के योगदान की सराहना की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में भारतीय उच्चायोग ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से अपने दम पर निपटने के भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद सभी देशों के लिए खतरा बना हुआ है और इसलिए दुनिया को पूरी मानवता के हित में इस संकट को मिटाने की जरूरत है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने एक बार फिर भारत में हुए आतंकवादी हमलों की ब्रिटेन की ओर से निंदा की। उन्होंने वैश्विक रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता व वैश्विक आर्थिक विकास में योगदान पर बात की।



लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### मलेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने कहा पानी-खून साथ नहीं बह सकता

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया में प्रधानमंत्री के विभाग (कानून एवं संस्थागत सुधार) में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी और 'पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया' के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया।

## एक नजर

### त्रिनिदाद-टोबैगो में मनाया भारतीय आगमन दिवस

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

### गाजा : बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ पर आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ लोगों पर सोमवार को जालसाजों को कथित तौर पर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप लगाए गए। द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के मुताबिक, आरोपियों में युवन थिरुमारन (24) और अमरजीत सिंह जुगिंदर सिंह (50) समेत छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** छह साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित होने वाले आगामी जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना नहीं है। मामले से परिचित लोगों ने सोमवार को यह बात कही। कनाडा 15 से 17 जून तक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ओटावा द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री को शिखर सम्मेलन के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

# अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला

## कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल बम फेंका, 8 जख्मी, फलस्तीन आजाद करो के लगाए नारे

**बोल्डर (अमेरिका), एजेंसी**

अमेरिका के बोल्डर में एक मॉल में एक युवक ने फलस्तीन को आजाद करो का नारे लगाते हुए गाजा में इजराइली बंधकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए जमा हुए समूह पर पेट्रोल बम फेंक दिया जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए। एफबीआई ने इसे आतंकी हमला बताया है। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और एफबीआई हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है।

सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे।



बोल्डर में आतंकी हमले के बाद तैनात सुरक्षाबल।

### हमले पूरे देश में आम होते जा रहे : मिचलेक

एफबीआई के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। हिंसा करने वाले देश भर में लोगों को डरा रहे है। घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा कुछ लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे।

### वीडियो में एक के बाद एक बम फेंकते दिखा आरोपी

घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह 'मोलोटोव कॉकटेल' (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसांटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक 'धमाका' हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। उसने फिर पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया।

### लॉस एंजिलिस काउंटी में गोलीबारी में एक अधिकारी की मौत, एक घायल

**अमेरिका।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस काउंटी में एक व्यक्ति के राइफल से गोलीबारी करने और एक घायल व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गोलीबारी में मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारी रविवार रात को जब घटनास्थल पहुंचे तो संदिग्ध ने उन पर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं। लॉस एंजिलिस शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध घायल हो गया जिसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने मारे गए अधिकारी की पहचान सैमुएल रिवेरोस के रूप में की है।

# भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: मोदी

- प्रधानमंत्री ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।

पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। कहा, हम इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं।



पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

# पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी

- जेलेंस्की से मैक्रों की मुलाकात के बाद अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने दी जानकारी

**पेरिस, एजेंसी**

अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है।

### यूक्रेन-रूस ने तुर्किये में अगले दौर की शांति वार्ता शुरू की

**इस्तांबुल :** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किये में शुरू की। हालांकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में इस वार्ता में किसी भी महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद कम है। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शहर के सिरागन पैलेस में वार्ता की अध्यक्षता की तथा शुरुआती संबोधन दिया। दोनों देशों के अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे युद्ध को रोकने के लिए प्रमुख शर्तों के मामले में बहुत दूर हैं। इस बीच 1,000 किमी (620 मील) के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र पर भीतर तक हमले किए। यूक्रेन ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया।



## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

**कराची।** सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से 185 किमी दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है। अन्य नेता राम सुंदर ने कहा, मंदिर हमारे लिए पवित्र है और इन बिल्डरों ने समुदाय के श्मशान घाट सहित मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है।

# नकल पर उतारू पाकिस्तान, अपने सांसदों के दल को भी भेजा विदेश

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने वैश्विक कूटनीतिक प्रयास का ब्योरा जारी किया और दोनों देशों के बीच समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिये दो प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग दिशाओं में भेजे हैं।

यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे। विदेश कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।

### पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में दर्शाना वास्तविकता से दूर

**इस्लामाबाद।** विदेश कार्यालय (एफओ) ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में चित्रित करने का कोई भी प्रयास वास्तविकता से अलग है। एफओ आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भारतीय नेतृत्व द्वारा की गई आलोचना का जवाब दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भारतीय नेताओं ने हाल के दिनों में सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल और 3 कोड़े मारने की सजा

**सिंगापुर।** यहां की एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने, इस कृत्य का वीडियो बनाने और उससे जबरन धन वसूली के मामले में भारतीय मूल के सिंगापुर के एक नागरिक को तीन साल से अधिक की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनाई है। 27 वर्षीय मार्क जस्टिन लैंड्रियो चंद्रमोहन की सजा शुक्रवार से शुरू होगी क्योंकि उसे अपना कर्जा चुकाने के लिए कुछ समय दिया गया है। पीड़िता 'शुगर डैडी' व्यवस्था से पीछे हट गई थी जिसके बाद चंद्रमोहन ने उस पर दबाव बनाया। शुगर डैडी' शब्द का प्रयोग आमतौर पर एक वृद्ध, धनी व्यक्ति के लिए किया जाता है जो किसी कम उम्र की महिला या व्यक्ति से संबंध रखने, यौन संबंध के बदले में वित्तीय या भौतिक सहायता प्रदान करता है।

## फलस्तीन के पक्ष में भाषण के बाद भारतीय-अमेरिकी छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है।

वेमुरी ने बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है। स्कूल के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है लेकिन वह अपने उस निर्णय पर कायम है, जो उस छात्रा के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया है।

**सहयोग** | भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत, रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने दी जानकारी

# रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।

बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया। हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यूरोप और यहां की स्थिति के मद्देनजर, हम महसूस कर रहे हैं कि वायु रक्षा प्रणाली सामान्य रूप से रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक है। बाबुश्किन ने इस बात की पुष्टि की कि बाकी दो एस-400 इकाइयों के लिए अनुबंध प्रगति पर है और इनकी आपूर्ति सार्वजनिक रूप से घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है।



### रूसी राजदूत ने कहा- उनका देश कई वर्षों से खतरे का कर रहा सामना

उन्होंने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए इस साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। बाबुश्किन ने मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिवेश में इस तरह के सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोन के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उनके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर, बाबुश्किन ने ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस के अनुभव को रेखांकित किया। बाबुश्किन ने कहा, हम कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमारी प्रणालियों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के साझा हित में होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग कायम किए जाएं।" उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां पहले से जारी भारत-रूस रक्षा वार्ता में शामिल हैं। बाबुश्किन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संभावित भारत यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह किसी भी समय हो सकती है। हम इसके (यात्रा के) इसी महीने होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल की जीत

- नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हुए हासिल



**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रुढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। प्रारंभिक एग्जिट पोल में त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर दिखाने के कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी।